स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बृहस्पतिवार
9 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 9
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 317 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
**मूल्य : 4 रुपये**

epaper : epaper.swatantrabharat.net

जन्मदिन पर सौरव गांगुली को मिला बड़ा तोहफा आईसीसी हॉल ऑफ फेम में हुए शामिल



### अमेरिका ने ईरान के दक्षिणी हिस्से में बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए

# ईरान के साथ समझौता खत्म : ट्रंप

**अंकारा।** ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध रोकने के लिए बना अंतरिम समझौता अब टूटने की कगार पर दिखाई दे रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कहा है कि उनके लिए यह

- **दोनों देशों के बीच फिर से सैन्य कार्रवाई तेज**

समझौता अब खत्म हो चुका है और तेहरान के साथ बातचीत करना समय की बर्बादी है। ट्रंप इस समय तुर्किये में नाटो समिट में हिस्सा ले रहे हैं। दोनों देशों के बीच फिर से सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है। ऐसे में इससे पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और नए संघर्ष की आशंका गहरा गई है। अमेरिका ने ईरान के दक्षिणी हिस्से में बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए। इन हमलों का निशाना बंदर अब्बास, सीरिक और केश्म द्वीप के सैन्य ठिकाने रहे। वॉशिंगटन का कहना है कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास व्यापारिक जहाजों पर हमले किए थे, जिसके जवाब में यह कार्रवाई की गई। इसी के साथ अमेरिका ने ईरानी तेल की बिक्री से जुड़ी छूट भी वापस ले ली। इसके बाद ईरान ने बहरीन और कुवैत की दिशा में जवाबी हमले किए, जिससे पहले से लागू युद्धविराम और बातचीत की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। ट्रंप ने कहा कि उनके हिसाब से अब ईरान के साथ समझौता खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि वह अब तेहरान से कोई बातचीत नहीं करना चाहते, क्योंकि इससे कुछ हासिल नहीं होगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी अधिकारी चाहें तो बातचीत जारी रख सकते हैं, लेकिन उन्हें नहीं लगता कि उससे कोई नतीजा निकलेगा। ट्रंप ने ईरान के नेतृत्व पर बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए आरोप लगाया कि अगर उसके पास परमाणु हथियार हुए तो वह उनका इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेगा। उनका कहना था कि अब इस मुद्दे पर उनका धैर्य समाप्त हो चुका है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार हालिया हवाई हमले पहले की तुलना में चार से पांच गुना अधिक बड़े और ताकतवर थे। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई होर्मुज जलडमरूमध्य के पास व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में की गई है।



> "ईरान से बात करना वक्त की बर्बादी है। वो बीमार, बुरे और गंदे लोग हैं। हमने उनसे कहा था कि जाओ, (खामेनेई को) सुपुर्द-ए-खाक कर लो, लेकिन उन्होंने जहाजों पर रॉकेट दागने शुरू कर दिए।"
>
> **डोनाल्ड ट्रंप**, अमेरिकी राष्ट्रपति

### ईरान ने अमेरिका को दी चेतावनी

अमेरिकी हमलों के बाद ईरान ने साफ कहा है कि वह किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। ईरानी संसद के अध्यक्ष और अमेरिका के साथ वार्ता से जुड़े प्रमुख नेता मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने अंतरिम समझौते की कई शर्तों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि ईरान के समुद्री प्रबंधन में दखल, दोबारा तेल प्रतिबंध लागू करना और दक्षिणी ईरान पर हमले करना समझौते की भावना के खिलाफ है। ईरान की सेना ने भी अमेरिकी कार्रवाई को खुला हमला बताते हुए कहा कि इसका करारा जवाब दिया जाएगा। सेना ने दोहराया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही का रास्ता वही होगा, जिसे ईरान तय करेगा और किसी बाहरी दखल को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### सीएम योगी ने शिक्षकों के लिए किया कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ

# बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें शिक्षक

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को वाराणसी से प्रदेश के शिक्षकों व उनके परिजनों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का तोहफा दिया। पंडित दीनदयाल हस्तकला संकुल बड़ालालपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इसका शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के लागू होने के साथ ही प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षकों और उनके परिवारों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। योजना में नियमित शिक्षकों के साथ शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइया और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के पात्र कार्मिकों को भी शामिल किया गया है। सीएम योगी ने योजना का शुभारंभ करने के साथ ही माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा के सभी शिक्षकों और बच्चों को हृदय से बधाई दी। कहा कि तीन योजनाएं हैं, कैशलेस चिकित्सा, डिबीटी, सामाजिक सुरक्षा की गारंटी। आपने मांगा नहीं लेकिन आपके स्वास्थ्य की चिंता हमें है। इसमें 12 लाख शिक्षक लाभान्वित हो रहे हैं, सबको बधाई देते हुए आपका अभिनंदन भी करता हूं। बेसिक शिक्षा परिषद के बच्चों को जो धनराशि हस्तांतरित की जा रही है प्रत्येक छात्र 1200 रुपये दिया जा रहा है। आज 1320 करोड़ रुपये भेजे गए। नागरिक के अलावा शिक्षकों का दायित्व है कि हर बच्चे को स्कूल पहुंचाएं। निपुण भारत के तहत हर बच्चे योग्य बनाए जाएं, ये पीएम मोदी का विजन है। सीएम ने कहा कि आज एक एमओयू स्टेट बैंक के साथ किया। इसमें सामाजिक सुरक्षा कि गारंटी है, अस्थायी शिक्षक जिनका वेतन 10,000 है को 10 लाख का रिस्क कवर दिया जा रहा है। इसमें पढ़ाई, विवाह, एक्सीडेंटल, फिजिकल डैमेज क्लेम कवर होगा। पहले लोग मानते थे कि शिक्षक अमर हो गया है, ऐसी सुविधा देश में सबसे पहले यूपी में लागू हो रही है।



### बच्चों को रास्ता बताना होगा

हमारा दायित्व है कि विद्यालय अच्छा हो, स्वच्छ हो, आंतरिक अनुशासन बनाए। छात्र पूरी यूनिफॉर्म में आएं, इसके लिए अभिभावकों से बात करें। सीएम ने कहा कि कल बारिश हुई तो बच्चे उसी में नहा रहे थे, अभिभावकों को उन्हें समझाना चाहिए, बच्चे अबोध हैं। हम बताएं कि तीन दिन एक और तीन दिन दूसरा यूनिफार्म पहनो, घर के कपड़े दूसरे हों। यह बच्चों को बताना हमारा दायित्व है, यह उनके लिए प्रेरणा होगी।

### अब यूपी के लोग पहचान के संकट से नहीं गुजरते

सीएम योगी ने कहा कि यूपी बीमारू राज्य, आठ साल पहले लोग बाहर यूपी में भटकते थे। आज ऐसा नहीं है, आज लोग पहचान के संकट से नहीं गुजरते। शिक्षा के उत्थान हुआ तो प्रदेश के विकास ने रफ्तार पकड़ ली। पहले माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परिक्षा तीन महीना चलती थी जिसका कोई मतलब नहीं था, मैं शिक्षकों को धन्यवाद दूंगा, जिनकी बदौलत आज 15 दिन में परीक्षा हो ही रही है, परिणाम भी घोषित हो रहे हैं।

## 100 प्रतिशत प्राकृतिक और शाकाहारी वाले दावों पर नियामक सख्त

**नई दिल्ली।** देश में खाद्य उत्पादों पर किए जा रहे दावों और लेबलिंग को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने

- **कंपनियों को नोटिस जारी**

सख्त रुख अपनाया है। एफएसएसएआई ने लोट्टे इंडिया, फर्न्स एन पेटल्स और कुबेरा फूड्स को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जवाब मांगा है। नियामक संस्था का कहना है कि इन कंपनियों के कुछ खाद्य उत्पादों पर ऐसे दावे किए गए हैं, जो उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकते हैं। साथ ही कई मामलों में लेबलिंग नियमों का भी पालन नहीं किया गया। एफएसएसएआई ने कहा है कि यदि कंपनियों का जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत आगे की कार्रवाई की जा सकती है। संस्था के अनुसार, यह कार्रवाई उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और खाद्य उत्पादों की सही जानकारी लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है। हाल के समय में एफएसएसएआई लगातार ऐसे मामलों में स्वतः संज्ञान और उपभोक्ताओं की शिकायतों के आधार पर कार्रवाई कर रहा है।

## एफडीआई : भारत ने लगाई दो पायदान की छलांग

**नई दिल्ली।** विनिर्माण क्षेत्र को आधुनिक बनाने और सर्विस सेक्टर को आगे बढ़ाने जैसी सरकार की नीतियों के दम पर भारत 2025 में दो स्थान की छलांग लगाकर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई)

- **निवेश 44 प्रतिशत बढ़कर 39 अरब डॉलर पहुंचा**
- **दुनिया का 11वां सबसे बड़ा देश बन गया**

पाने वाला दुनिया का 11वां सबसे बड़ा देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते साल देश में 38.89 अरब डॉलर का एफडीआई आया, जो 2024 के 27.09 अरब डॉलर से 44 फीसदी अधिक है। 2024 में एफडीआई पाने वाले देशों में 13वें स्थान पर था। यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट (अंकटाड) ने मंगलवार को जारी वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट-2026 में कहा, इस निवेश के दम पर भारत को वह स्थिति फिर पाने में मदद मिली है, जो दो साल पहले दुनिया के शीर्ष-10 देशों की सूची से बाहर होने से खो गई थी। भारत में यह तेजी विकासशील देशों में दिखे सुस्त रुझान के विपरीत है, जहां एफडीआई प्रवाह में सिर्फ दो फीसदी वृद्धि दर्ज की गई। एशियाई विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में विदेशी निवेश तीन फीसदी बढ़ा है। वैश्विक एफडीआई प्रवाह 2025 में 6 फीसदी बढ़कर 1.6 लाख करोड़ डॉलर पहुंच गया। शीर्ष-20 देशों में कुल वैश्विक एफडीआई का करीब 80 फीसदी विदेशी निवेश आया। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में एफडीआई 11 फीसदी बढ़कर 723 अरब डॉलर पहुंचा। 901 अरब डॉलर का निवेश विकासशील देशों में आया। अंकटाड ने कहा, भारत में कुल एफडीआई प्रवाह जरूर बढ़ा है, लेकिन प्रोजेक्ट-स्तर संकेतक बताते हैं कि निवेश के मामले में सावधानी भरा माहौल रहा। इससे घोषित ग्रीनफील्ड निवेश का मूल्य 2024 के 111.14 अरब डॉलर से घटकर 2025 में 74.12 अरब डॉलर के स्तर पर आ गया।




## शोपियां में लश्कर का टॉप कमांडर ढेर


**शोपियां।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी विरोधी अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के एक टॉप कमांडर को मार गिराया। टॉप कमांडर की पहचान

- **शव बरामद, आतंकी के पास हथियार भी मिले**

जाकिर अहमद गनी के रूप में हुई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने 3 जुलाई को दक्षिण कश्मीर जिले के मीमंदर क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। इस क्षेत्र में सात गांव शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आप भाग सकते हैं लेकिन छिप नहीं सकते! एसओजी शोपियां ने आरआर और सीआरपीएफ के साथ एक संयुक्त अभियान में एक लश्कर आतंकवादी को मार गिराया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मारे गए आतंकवादी की पहचान प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन के टॉप कमांडर जाकिर अहमद गनी के रूप में की। अधिकारियों ने बताया कि 26 वर्षीय गनी, जो पड़ोसी कुलगाम जिले के मोतलहामा क्षेत्र का निवासी था, 27 सितंबर, 2023 को शटरिंग के काम के लिए डियालगम के लिए अपने घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिवार के सदस्यों द्वारा असफल खोज के बाद 3 अक्तूबर, 2023 को कुलगाम पुलिस स्टेशन में एक गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

## दिल्ली में तय होगा महासचिव का नाम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की 22 जुलाई को प्रस्तावित बैठक से पहले विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक 19 और 20 जुलाई को दिल्ली में आयोजित होगी। इस बैठक में राम मंदिर के चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद ट्रस्ट की प्रशासनिक व्यवस्था, संगठनात्मक बदलाव और नए महासचिव के चयन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की यह बैठक पहले 25 से 29 जून के बीच अयोध्या में प्रस्तावित थी, लेकिन बाद में इसे दिल्ली स्थानांतरित कर 19-20 जुलाई को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस बार प्रतिनिधियों की संख्या भी सीमित कर दी गई है। पहले प्रत्येक प्रांत से चार-चार प्रतिनिधियों को बुलाने की



- **बैठक में ही होगा चंपत राय के भविष्य का फैसला**

योजना थी, जबकि अब दो-दो प्रतिनिधियों को ही आमंत्रित किया गया है। इसके चलते बैठक में करीब 150 प्रतिनिधि ही शामिल होंगे। महासचिव पद से चंपत राय के हटने के बाद फिलहाल कृष्ण मोहन को अंतरिम रूप से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब स्थायी महासचिव के चयन को लेकर भी चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महासचिव बजरंग लाल बांगड़ा का नाम संभावित दावेदारों में प्रमुखता से लिया जा रहा है। हालांकि अंतिम निर्णय संबंधित बैठक और ट्रस्ट की प्रक्रिया के बाद ही होगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि बुधवार को पूर्व महासचिव चंपत राय से मिलने उनके आवास पहुंचे।




## अल नीनो से निपटने को दिए गए जरूरी दिशा निर्देश

**नई दिल्ली।** खरीफ फसल के सीजन और अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर अल-नीनो के संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) पूरी तरह सतर्क हो गया है।

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को सेवा तीर्थ में एक उच्च स्तरीय बैठक में अल-नीनो से निपटने के लिए मंत्रालयों की तैयारियों की समीक्षा की गई और जरूरी निर्देश दिए गए।

# नर्मदा परियोजना पर चार राज्यों में समझौता

**नई दिल्ली।** नर्मदा नदी से जुड़े विस्थापन और भूमि मुआवजे के दशकों पुराने विवाद का समाधान हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और

- **शाह की उपस्थिति में बनी सहमति**

महाराष्ट्र के बीच एक समझौते पर सहमति बनी है। शाह ने कहा, नर्मदा परियोजना के कारण बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के विस्थापन और भूमि मुआवजे को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। अब चारों राज्यों ने आपसी सहमति से इस मामले का समाधान करने पर सहमति जताई है। इस परियोजना से विशेषकर मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान को लाभ हुआ। बांध पूरा होने से इन राज्यों में हर जगह पानी और बिजली पहुंची। राजस्थान को हुआ लाभ दिखने में छोटा लग सकता है, लेकिन जिस भूमि तक नर्मदा का पानी पहुंचा है, वहां भूमि का मूल्य और किसान की किस्मत दोनों बदल गई है। गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल सुरक्षा को मजबूत करने और जल क्षेत्र में सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने के लिए कई ऐतिहासिक पहल की गई हैं। कई राज्यों में डबल इंजन सरकार बनने का लाभ हुआ है, जिससे एक-दूसरे को समझने की क्षमता बढ़ी है। राजनीतिक मुद्दे कम हुए हैं और देश के अनेक विवाद अब तेजी से सुलझाए जा रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा, हाल के समय में राज्यों के बीच लंबे समय से चले आ रहे कई जल विवादों के समाधान में भी प्रगति हुई है। पिछले महीने 29 जून को राजस्थान और हरियाणा के बीच भी सहमति बनी थी। दोनों राज्यों ने लगभग 30 साल पुराने विवाद को खत्म करते हुए यमुना जल परियोजना के निर्माण व क्रियान्वयन के लिए समझौता किया था। इसके अलावा 16 जून को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान ने यमुना नदी के पुनर्जीवन के लिए किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर सहमति जताई थी। इन समझौतों से राज्यों के बीच सहयोग और संसाधनों के बेहतर उपयोग का रास्ता मजबूत होगा।



### पंजाब कांग्रेस में घमासान जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस में बगावत जारी है। पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी और उनके समर्थक मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को बदलने की जिद पर अड़े हैं। इस विवाद को सुलझाने के लिए पंजाब प्रभारी एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बैठकों का दौर शुरू कर दिया मगर चन्नी पहले हाईकमान से मिलना चाहते हैं। लिहाजा मंगलवार को उन्होंने बघेल की बैठक से दूरी बनाई रखी। उधर, सूत्र बताते हैं कि मंगलवार शाम को कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की टीम ने पूर्व सीएम चन्नी से संपर्क साधा है। उनकी मुलाकात जल्द राहुल गांधी से हो सकती है जबकि प्रियंका गांधी की ओर से भेजी गई टीम चन्नी से मिलकर जा चुकी है।

### बंगाल में बच्ची से रेप-मर्डर का आरोपी ढेर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में नाबालिग से रेप और मर्डर का एक आरोपी प्रभास मंडल पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पूछताछ के दौरान पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा था। क्राइम सीन रीक्रिएशन के दौरान प्रभास मंडल ने एक पुलिसकर्मी की राइफल छीन ली। इसके बाद पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें प्रभास को गोली लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बारुईपुर में 12 साल की लड़की 4 जुलाई को लापता हो गई थी। 5 जुलाई को उसका शव एक तालाब से मिला। पोस्टमॉर्टम में रेप की पुष्टि हुई, जिसके बाद इलाके में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए।

### मुंबई एयरपोर्ट पर आमने-सामने आए प्लेन

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार रात को हादसा टल गया। एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के दो विमान एक ही रनवे पर आमने-सामने आ गए। घटना रात 10 बजे की बताई गई है। एअर इंडिया के विमान ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के निर्देश पर टेक-ऑफ रन रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान लैंडिंग के बाद रनवे से हटा नहीं था, तभी दिल्ली जाने वाला एयर इंडिया का विमान उसी रनवे से उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि सिलिगुड़ी से आई एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट रनवे खाली कर ही रही थी। जबकि दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एआई816 के क्रू ने एटीसी के निर्देश मिलते ही टेकऑफ रन तुरंत रोक दिया और विमान को वापस पार्किंग एरिया में ले जाया गया।

**अदालती टिप्पणी** — कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा पति के दबाव से बदल जाता है मामला


# पत्नी का पैतृक संपत्ति में हिस्सा मांगना भी दहेज!

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल ही में एक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई पत्नी अपने पति के दबाव में पैतृक संपत्ति में अपने वैध हिस्से की मांग करती है, तो यह दहेज की मांग के बराबर हो सकती है।

न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्बा सिन्हा राय की खंडपीठ ने दहेज हत्या के मामले में पति की सजा के खिलाफ अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की। 2 जुलाई के फैसले में न्यायालय ने कहा कि एक महिला पैतृक संपत्ति में अपने हिस्से का दावा करने की कानूनी रूप से हकदार है, लेकिन अगर यह दावा पति के दबाव के कारण किया जाता है तो यह दहेज की मांग के दायरे में आएगा। यह मामला एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी की मौत से जुड़ा है, जो जून 2014 में, महिला की शादी के लगभग चार साल बाद, वैवाहिक घर में फांसी पर लटकी हुई पाई गई थीं। निचली अदालत ने पाया कि महिला ने आत्महत्या की थी और आत्महत्या करने से पहले अपनी बेटी की भी हत्या कर दी थी। अदालत ने पति और उसके माता-पिता को क्रूरता और दहेज हत्या का दोषी पाया। पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। वहीं, सास-ससुर को सात साल की कैद की सजा दी गई। उच्च न्यायालय के समक्ष पति ने यह तर्क दिया कि दहेज की मांग का कोई सबूत नहीं था। महिला ने केवल अपनी पैतृक संपत्ति में अपना कानूनी हिस्सा मांगा था।



हालांकि, अदालत ने गौर किया कि सबूतों से पता चलता है कि महिला के भाई ने पहले परिवार की पुश्तैनी संपत्ति का कुछ हिस्सा बेचकर उसे बिक्री से मिले राशि में से उसका हिस्सा दे दिया था। अदालत ने पाया कि इसके बाद भी पति लगातार महिला पर दबाव डालता रहा कि वह अपने भाई से बाकी पुश्तैनी संपत्ति बेचने और उसके हिस्से की राशि सौंपने के लिए कहे। न्यायालय ने इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि स्वतंत्र गवाहों की अनुपस्थिति से अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर होता है। न्यायालय ने कहा कि दहेज की मांग आमतौर पर वैवाहिक घर की चारदीवारी के भीतर ही की जाती है, न कि बाहरी लोगों की उपस्थिति में। पति ने यह भी तर्क दिया था कि घटना के दो दिन बाद दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) अविश्वसनीय थी क्योंकि शिकायतकर्ता (मृत महिला के बड़े भाई) ने इसे दर्ज करने से पहले वकीलों से सलाह ली थी। इस दलील को खारिज करते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा कि एफआईआर दर्ज करने में देरी से अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर नहीं होता है। न्यायालय ने कहा जब किसी की बहन और उसके नवजात शिशु की अचानक मृत्यु जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित होती है, तो इससे करीबी रिश्तेदार स्तब्ध और अवाक रह जाते हैं। वे अनिर्णय की स्थिति में आ जाते हैं। हमारी राय में, इस तरह की देरी अभियोजन पक्ष के मामले को कोई झटका नहीं दे सकती। इसके अलावा, ऐसी स्थिति में कानूनी सलाह लेना वास्तविक शिकायतकर्ता की ओर से सबसे तर्कसंगत कदम है।



# भाजपा शिक्षा को कमजोर कर रही : राजेंद्र पाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने बुधवार को अपने एक

### कहा-युवाओं से कर रही खिलवाड़

दिवसीय पश्चिमी उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान भाजपा सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने और सरकारी स्कूलों के निजीकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण गरीब, दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। दिल्ली से बुलंदशहर पहुंचने पर लालकुआं (गाजियाबाद), दादरी, सिकंदराबाद, खुर्जा और बुलंदशहर सहित विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।



बुलंदशहर में उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद राजेंद्र पाल गौतम अलीगढ़ पहुंचे, जहां हैबिटेट सेंटर में प्रबुद्धजनों के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक पढ़ाते हैं, फिर भी अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेजने के लिए मजबूर हैं। इसका कारण सरकारी शिक्षा व्यवस्था को लगातार कमजोर किया जाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सरकारी स्कूलों को बंद कर निजीकरण को बढ़ावा दे रही है, जिससे गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर, मौलाना अबुल कलाम आजाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस सरकारों ने गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा और छात्रवृत्ति देकर आगे बढ़ाने का कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप समाज के पिछड़े वर्गों से डॉक्टर, इंजीनियर और अधिकारी तैयार हुए। लेकिन वर्तमान सरकार शिक्षा के अवसर सीमित कर रही है। राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है और लाखों सरकारी विद्यालय बंद होने की स्थिति में हैं, जबकि निजी विद्यालयों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार शिक्षा और रोजगार दोनों मोर्चों पर विफल रही है तथा उसकी नीतियां कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों के हित में काम कर रही हैं। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं पर होने वाले भारी खर्च का उल्लेख करते हुए कहा कि इस विषय पर विश्वविद्यालयों, वकीलों, श्रमिकों, किसानों और बुद्धिजीवियों के बीच व्यापक बहस की आवश्यकता है, जिसकी शुरुआत अलीगढ़ से की जा रही है। इसके बाद राजेंद्र पाल गौतम अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने छात्रों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं और शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ युवाओं को लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठानी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री डॉ. सी.पी. राय ने बताया कि पार्टी प्रदेशभर में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर जनसंवाद अभियान जारी रखेगी।

# जरूरतमंद बच्चों को नई तकनीक से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गुरुद्वारा आलमबाग परिसर स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल के 19 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय में स्मार्ट क्लास, एआई आधारित स्मार्ट बोर्ड और आधुनिक म्यूज़िक सेंटर का लोकार्पण महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यालय की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह जरूरतमंद बच्चों को नई तकनीक से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। इस अवसर पर उन्होंने गुरजीत सिंह छाबड़ा, सुरिन्दर सिंह खुराना, सर्वजीत सिंह झंडू, संदीप सिंह आनंद और मंदीप सिंह बजाज सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के अध्यक्ष निर्मल



सिंह ने पूर्व अध्यक्ष स्व. जोगेंद्र सिंह एवं स्व. गुरमुख सिंह आनंद को श्रद्धांजलि देते हुए जल्द ही स्व. गुरमुख सिंह आनंद स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने की घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, डिप्टी महापौर चरणजीत कौर गांधी, पार्षद गिरीश मिश्रा, विनोद रात्रा, रतपाल सिंह गोल्डी, हरजीत सिंह, त्रिलोक सिंह टुटेजा, परमजीत सिंह पाहवा, सुरेन्द्र पाल सिंह बक्शी, हरपाल सिंह गुलाटी, राजेन्द्र सिंह राजू, बलजीत कौर, प्रधानाचार्या सरवजीत कौर, जसबीर कौर, रीतू वडेरा, सुरजीत सिंह राजपाल, अनिल एल. वरमानी, कुमुद निगम, सतबीर सिंह राजू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### एएआई के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में कनिष्ठ कार्यपालकों का प्रशिक्षण शुरू

**स्वतंत्र भारत सरोजनीनगर।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी), लखनऊ में कनिष्ठ कार्यपालक (इलेक्ट्रॉनिक्स) के प्रथम एब-इनिशियो प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में आईआईआईएम, लखनऊ के निदेशक प्रो. एम.पी. गुप्ता ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी आधुनिक तकनीकें भविष्य के विमानन क्षेत्र को नई दिशा देंगी। कार्यक्रम में आईएमडी के निदेशक डॉ. मनीष आर. रानालकर, सीआईएसएफ के कमांडेंट विकास पांडेय, एएआई लखनऊ के ओएसडी कमल किशोर तथा सीएनएस प्रभारी ए.ए. अंसारी मौजूद रहे। ए.ए. अंसारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विमानन इलेक्ट्रॉनिक्स, संचार प्रणाली, नेविगेशन, सर्विलांस, एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट और साइबर सुरक्षा सहित आधुनिक विमानन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### ब्लॉकचेन तकनीकी के माध्यम से नैड पर डिग्रियां अपलोड

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो दीपक नगरिया ने बताया कि रिकॉर्ड रूप से जून में ही सभी पाठ्यक्रमों के रिजल्ट घोषित कर दिए गए. इस कार्य में परीक्षा विभाग की पूरी टीम ने सहयोग प्रदान किया। वहीं दीक्षांत समारोह के दौरान ब्लॉकचेन तकनीकी के माध्यम से नैड पर डिग्रियां अपलोड की गई. इस कार्य में नैड की ओर से स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रशांत कुमार ने डाटा अपलोड करने में मदद प्रदान की।

### बॉम्बे मर्केंटाइल कोऑपरेटिव बैंक की लखनऊ शाखा नए परिसर में स्थानांतरित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बॉम्बे मर्केंटाइल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड ने अपनी लखनऊ शाखा को नए परिसर 173/15, डॉ. बी.एन. वर्मा रोड (30, पुरानी कचहरी रोड),



लखनऊ-226018 में स्थानांतरित कर दिया है। नई शाखा का उद्घाटन 7 जुलाई को उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त महाधिवक्ता विनोद शाही ने बैंक के चेयरमैन जीशान मेहदी, प्रबंध निदेशक इशराक अली खान, वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राहकों की उपस्थिति में किया। बैंक प्रबंधन के अनुसार नई शाखा में ग्राहकों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं के साथ तेज सेवा, डिजिटल बैंकिंग सहायता और बेहतर ग्राहक-अनुकूल बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख नागेंद्र कुमार मालवीय और शाखा प्रबंधक सैय्यद अफजाल हुसैन ने कहा कि नई शाखा ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक और बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी ग्राहकों का नई शाखा में बेहतर बैंकिंग अनुभव के लिए स्वागत किया।

# एसआरएमयू में एलएंडटी एजूटेक के सहयोग से ईवी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय (एसआरएमयू) ने भविष्य की तकनीकों में कौशल आधारित और उद्योगोन्मुख शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एलएंडटी एजूटेक के सहयोग से इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत की। इस अत्याधुनिक प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी के डिजाइन, विकास, संचालन, डायग्नोस्टिक्स और ट्रबलशूटिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के चांसलर इंजी. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर इंजी. पूजा अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय कुमार तिवारी, एलएंडटी के सेगमेंट हेड पी.के. प्रधान, कुलपति सलाहकार प्रो. (डॉ.) नीरजा जिंदल, कुलसचिव प्रो. (डॉ.) हेमेन्द्र शर्मा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) राजेश पोरवाल, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. (डॉ.) अपूर्व आनंद



तथा एलएंडटी के ब्रांच हेड पाराग जैन सहित विश्वविद्यालय के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। चांसलर इंजी. पंकज अग्रवाल ने कहा कि आज के दौर में कौशल आधारित शिक्षा की आवश्यकता सबसे अधिक है। भारत तेजी से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और हरित प्रौद्योगिकी की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में उद्योग के सहयोग से स्थापित यह सेंटर विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ उद्योग के अनुरूप व्यावहारिक दक्षता भी प्रदान करेगा। प्रो-चांसलर इंजी. पूजा अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा में नवाचार को प्राथमिकता देता रहा है। एलएंडटी एजूटेक के साथ यह साझेदारी छात्रों के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर खोलेगी। कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय कुमार तिवारी ने कहा कि यह सेंटर विद्यार्थियों के लिए अनुभव आधारित शिक्षा का उत्कृष्ट मंच बनेगा, जहां उन्हें आधुनिक औद्योगिक तकनीकों पर कार्य करने का अवसर मिलेगा। मैकेनिकल इंजीनियरिंग के डीन प्रो. (डॉ.) राजेश पोरवाल और इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. (डॉ.) अपूर्व आनंद ने कहा कि यह पहल उद्योग-समन्वित और रोजगारोन्मुख शिक्षा को और मजबूत करेगी। एलएंडटी एजूटेक के सेगमेंट हेड पी.के. प्रधान ने कहा कि उद्योग और शिक्षण संस्थानों की मजबूत साझेदारी ही भविष्य के कुशल इंजीनियर तैयार कर सकती है। वहीं ब्रांच हेड पाराग जैन ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में प्रशिक्षित मानव संसाधन की मांग तेजी से बढ़ रही है और यह सेंटर विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा। इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में छात्र इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी बिल्डिंग प्रक्रिया, ईवी मोटर कंट्रोल सिस्टम, एम्बेडेड सिस्टम आधारित डैशबोर्ड डिजाइन तथा संपूर्ण ईवी पावरट्रेन सिस्टम की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इससे उन्हें आधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक की गहन समझ विकसित करने और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कौशल हासिल करने में मदद मिलेगी।

# एपी परीक्षा में सीएमएस के 21 छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) के 21 छात्रों ने कॉलेज बोर्ड, अमेरिका द्वारा आयोजित एडवांस प्लेसमेंट (एपी) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। परीक्षा में 12 छात्रों ने एपी स्कोर-5 और 9 छात्रों ने एपी स्कोर-4 हासिल किया। इस उपलब्धि के आधार पर छात्रों को विश्व के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में एडवांस प्लेसमेंट और कॉलेज क्रेडिट का लाभ मिलेगा। सीएमएस की प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने सफल छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि एपी परीक्षा में सफलता वैश्विक स्तर की शैक्षणिक तैयारी का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सीएमएस छात्रों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप शिक्षा प्रदान कर विश्व के अग्रणी विश्वविद्यालयों के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। एपी स्कोर-5 प्राप्त करने वालों में कोपल अली, प्रणव मित्तल, सोहम अग्रवाल, अद्वय जैन, कृतिका जावलकर, अक्षज कुमार, ऋषभ सुखवानी, अनन्या शर्मा, युवराज सिंह, अचिंत्य कुशवाहा, अथर्व सचान और ख्याति वर्मा शामिल हैं। वहीं एपी स्कोर-4 हासिल करने वालों में अरुंधति सिंह डागुर, अभिज्ञान, शौर्य कौशिक, अक्षय मिश्रा, तेजस्वी कनौजिया, आदित्य पांडे, नेहा राय, शुशांत शुक्ला और अभिजीत मुखर्जी शामिल हैं। सीएमएस के हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि विद्यालय छात्रों को वैश्विक शिक्षा और विदेशों में उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# पेंशनरों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर होगा हस्ताक्षर याचिका का प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** लखनऊ। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन के आह्वान पर 10 जुलाई को शाम 4 बजे लखनऊ में बीएन सिंह प्रतिमा स्थल पर पेंशनरों का हस्ताक्षर याचिका प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के 20 जनपदों से प्राप्त हस्ताक्षर याचिका को कर्मचारी नेता बीएन सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आशीर्वाद के प्रतीक स्वरूप प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) भेजने के दूसरे चरण की शुरुआत की जाएगी। एसोसिएशन के महामंत्री ओ.पी. त्रिपाठी ने बताया कि पेंशनरों की 10 सूत्रीय मांगों में आठवें वेतन आयोग में पेंशन पुनरीक्षण का विषय शामिल करना, महंगाई राहत के लिए मूल्य सूचकांक में सुधार, पेंशन के राशिकरण (कम्यूटेशन) की कटौती 10 वर्ष बाद समाप्त करना, पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करना, 18 माह का लंबित महंगाई भत्ता (एरियर) भुगतान सहित अन्य प्रमुख मांगें शामिल हैं। इन मांगों की ओर लंबे समय से प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए इस कार्यक्रम में केवल लखनऊ के पेंशनरों को आमंत्रित किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर नाथ यादव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी.एल. कुशवाहा ने सेवानिवृत्त एवं सेवारत कर्मचारियों से अपील की है कि वे पेंशनरों की इस न्यायपूर्ण लड़ाई में सहयोग दें और आंदोलन को सफल बनाएं। लखनऊ शाखा के अध्यक्ष अंगद सिंह तथा मंत्री आर.सी. उपाध्याय ने जिले के सभी पदाधिकारियों, पेंशनरों और कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

# जलभराव से लोगों का जीना मुहाल, नाली निर्माण की मांग तेज

**स्वतंत्र भारत निलमथा।** रायबरेली रोड स्थित कल्ली पश्चिम के शारदा नगर, गली नंबर-11 (द्वितीय), एकता नगर में बरसात के दौरान जलभराव और जाम नालियों की समस्या से स्थानीय लोग परेशान हैं। खरंजे वाली सड़क पर गंदा पानी भर जाने से लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम और जनप्रतिनिधियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। निवासियों के अनुसार गली के दोनों ओर सैकड़ों मकान बने हुए हैं। बरसात के समय पूरी गली का पानी सड़क पर जमा हो जाता है, जबकि नालियां जाम होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। बच्चों को स्कूल जाने और लोगों को मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे नियमित रूप से नगर निगम को गृहकर का भुगतान करते हैं, लेकिन वर्षों से जलनिकासी की समस्या का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने मांग की है कि जब तक पक्की नाली का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक अस्थायी व्यवस्था के तहत गली से करीब 100 मीटर दूर स्थित बड़े नाले से जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। साथ ही अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग भी की गई है। निवासियों ने बताया कि



इस संबंध में क्षेत्रीय पार्षद, सरोजनीनगर विधायक, नगर आयुक्त और लखनऊ की महापौर को कई बार पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जलभराव और नाली निर्माण की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। नाली निर्माण और जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग करने वालों में आर.डी. द्विवेदी, राम रूप सिंह, राम दत्त तिवारी, दिनेश कुमार पाण्डेय, जितेंद्र सिंह, चन्द्र कला मिश्रा, रमावती दुबे, सतीश वर्मा, मनोज कुमार सिंह, विनोद कुमार और ममता कुमारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हैं।

# कश्मीरी माइग्रेंट और एनआरआई की हुई काउंसलिंग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बुधवार को बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कश्मीरी माइग्रेंट एवं एनआरआई अभ्यर्थियों की काउंसलिंग हुई। काउंसलिंग प्रक्रिया सुबह दस बजे से प्रारंभ की गयी। इस दौरान प्रमाणपत्रों की जांच के बाद रैंक के अनुसार सीट आवंटन किया गया। एनआरआई के दो छात्रों को आईईटी लखनऊ में सीट आवंटित की गयी। वहीं, कश्मीरी माइग्रेंट में पंजीकृत 39 अभ्यर्थियों में 16 काउंसलिंग कराने पहुंचे। जिसमें से 12 को आईईटी, कैस, केएनआईटी सुल्तानपुर, यूपीटीटीआई, बीआईई टी के अलावा अन्य संस्थानों में सीट आवंटन की गयी। सीट आवंटन के बाद सभी अभ्यर्थियों को कॉलेज में जाकर फिजिकल रिपोर्टिंग करनी होगी। कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय के निर्देशन में हुई काउंसलिंग प्रक्रिया का समन्वय प्रो एसपी शुक्ला एवं प्रो ओपी सिंह ने किया। इस दौरान डॉ एसएस सोम, डॉ अनुज कुमार शर्मा, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ पुष्कर त्रिपाठी, अभिषेक नागर ने सहयोग प्रदान किया।

# जो अंग्रेज करते थे वही कर रही है भाजपा : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की 81वीं यात्रा बुधवार को राजधानी लखनऊ पहुंची। इस दौरान

### - स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने उठाई गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग

कई जगह स्थानीय श्रद्धालुओं ने स्वागत किया।

इस दौरान समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री पूजा शुक्ला के नेतृत्व में जंगलाल लॉन, फैजुल्लागंज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिषपीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने गौ संरक्षण, भारतीय संस्कृति एवं सनातन मूल्यों के संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि गौ सेवा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। समाज जब अपनी संस्कृति की रक्षा करता है, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है। उन्होंने कहा कि 12 वर्ष केंद्र सरकार व 8 वर्ष में प्रदेश में भाजपा की सरकार है लेकिन गाय आज भी पशु है। जो काम अंग्रेज करते थे वहीं आज भाजपा कर रही है। विश्व का सबसे बड़ा कसाई प्रदेश उत्तर प्रदेश बना हुआ है।

**उन्होंने कहा कि गंगा सफाई के नाम पर**

नकली हिंदू पार्टी के लोगों ने 42000 करोड़ रुपये पार कर दिया। इस दौरान जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिषपीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि भाजपा के नेताओं के स्लॉटर हाउस में 80 हजार गाय काटी जा रही है, जिसे बचाने के लिए हम बाहर निकल पड़े हैं। इस दौरान एक नोट अभियान चलाकर इस विधानसभा क्षेत्र में गऊ माता की रक्षा के लिए गौशाला बनाये की बात कहा। इस दौरान सपा नेत्री पूजा शुक्ला ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि संस्कृति, सेवा और सामाजिक एकता का जनअभियान है। समाज की सहभागिता ने यह सिद्ध कर दिया है कि गौ संरक्षण और भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों की आस्था आज भी उतनी ही सशक्त है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, पूर्व पार्षद जगलाल यादव, ललित तिवारी, शैलेंद्र वर्मा, ममता त्रिपाठी व डॉ विलाल हमजा मौजूद थे।

# प्राचीन पूर्वी देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण की उठी मांग

**स्वतंत्र भारत इटौंजा।** नगर पंचायत महोना के पूर्वी छोर पर स्थित प्राचीन पूर्वी देवी मंदिर अपनी ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता के कारण श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। स्थानीय नागरिकों ने मंदिर के सौंदर्यीकरण और संरक्षण की मांग मुख्यमंत्री से की है। रामप्रकाश, राधेश्याम, प्रधानाचार्य सीताराम तथा चंद्रशेखर पब्लिक स्कूल, महोना के प्रबंधक दिनेश सहित स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मंदिर करीब 2050 वर्ष पुराना माना जाता है। मंदिर में गुप्तकालीन लखौरी ईंटें, प्राचीन भित्तिचित्र, नृत्य करती गोपियों तथा भगवान राम और श्रीकृष्ण की आकर्षक कलाकृतियां आज भी इसकी ऐतिहासिक विरासत को संजोए हुए हैं। पितृपक्ष में श्रद्धालु श्राद्ध कर्म से पहले यहां देवी की पूजा-अर्चना कर भोग लगाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर के सामने स्थित तालाब इसकी सुंदरता को और बढ़ाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां सच्ची श्रद्धा से मांगी गई मनोकामना अवश्य पूरी होती है। नागरिकों ने सरकार से मंदिर के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# मंदिर परिसर में किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश


**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** इंदिरा नगर सेक्टर-17 स्थित श्री शिवशक्ति धाम मंदिर में

### सेवा कार्यों की सराहना, श्रद्धालुओं से किया संवाद

बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने भगवान शिव एवं माता रानी के दर्शन-पूजन कर प्रदेश एवं देशवासियों के सुख, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर श्री शिवशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय पार्षद भृगुनाथ शुक्ल के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और



उनके उज्ज्वल एवं सफल जीवन की कामना की। कार्यक्रम में पार्षद भृगुनाथ शुक्ल एवं पूर्व पार्षद माधुरी शुक्ल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा प्रभु श्रीराम की प्रतिमा प्रदान कर राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भगवान शिव और माता रानी के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। इसके उपरांत सुधांशु त्रिवेदी और भृगुनाथ शुक्ल ने मंदिर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकार की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण अभियान से जुड़ने का आह्वान भी किया। दर्शन-पूजन के बाद राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं से आत्मीयता से मुलाकात की, उनका कुशलक्षेम जाना और लोगों के साथ संवाद किया। अपनी ओजस्वी वाणी और प्रभावशाली व्यक्तित्व के लिए पहचाने जाने वाले सुधांशु त्रिवेदी के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने सेल्फी भी ली। श्रद्धालुओं ने उनके साथ विभिन्न सामाजिक और जनहित के विषयों पर भी चर्चा की। इस दौरान सुधांशु त्रिवेदी ने श्री शिवशक्ति धाम मंदिर के आध्यात्मिक, भव्य और दिव्य वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक स्थल केवल पूजा-अर्चना के केंद्र नहीं होते, बल्कि समाज में संस्कार, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने मंदिर परिसर की स्वच्छता, सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं और जनसेवा से जुड़े कार्यों की प्रशंसा करते हुए भृगुनाथ शुक्ल के प्रयासों की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं, श्री शिवशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय पार्षद भृगुनाथ शुक्ल ने कहा कि मंदिर की स्थापना के बाद से पिछले सात वर्षों में श्रद्धालुओं की आस्था लगातार बढ़ी है और आज श्री शिवशक्ति धाम लखनऊ के प्रमुख धार्मिक स्थलों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। उन्होंने राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी के आगमन पर उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आगमन से श्रद्धालुओं का उत्साह और धार्मिक वातावरण और अधिक प्रगाढ़ हुआ है। कार्यक्रम का समापन भगवान शिव एवं माता रानी के जयघोष और जनकल्याण की मंगलकामना के साथ हुआ।





# रिटायर एआरटीओ के घर पर विजिलेंस की छापेमारी

## आय से अधिक का मामला, दीवारों-पैकटों में छिपाया था 1.62 करोड़ कैश, 20 करोड़ के आभूषण मिले

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आय से अधिक संपत्ति मामले में विजिलेंस टीम ने आगरा के तत्कालीन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) के लखनऊ के अलीगंज स्थित घर पर बुधवार को छापेमारी की गई। टीम को जांच-पड़ताल के दौरान करीब 1 करोड़ 62 लाख रुपये नकद, लगभग 13 किलोग्राम सोना, 9 किलोग्राम चांदी, हीरे और अन्य कीमती आभूषण बरामद किए गए हैं। बरामद सोना-चांदी और आभूषणों का अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ रुपये बताया गया है।

सतर्कता अधिष्ठान अधिकारी ने बताया कि सेवानिवृत्त संभागीय परिवहन अधिकारी ललित कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत वर्ष 2024 में मामला दर्ज किया गया था। शासन के निर्देश पर मामले की विवेचना की जा रही है। न्यायालय से तलाशी वारंट मिलने के बाद 7 और 8 जुलाई 2026 को लखनऊ के अलीगंज में चंद्रलोक कॉलोनी स्थित सी-143 आवास में तलाशी के दौरान नकदी अलग-अलग पैकेटों में घर के विभिन्न स्थानों पर छिपाकर रखी गई थी। इसके अलावा बड़ी संख्या में संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं। इनमें लखनऊ, नोएडा, बाराबंकी और रायबरेली में आवासीय भूखंड, फ्लैट, कृषि भूमि और अन्य अचल संपत्तियां शामिल हैं। दो लग्जरी कारों के साथ बैंक, पोस्ट ऑफिस, म्यूचुअल फंड और फिक्स्ड डिपॉजिट में एक करोड़ रुपये से अधिक के निवेश संबंधी दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।सतर्कता अधिष्ठान ने बरामद संपत्तियों को जांच में शामिल करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सफल कार्रवाई के लिए पुलिस महानिदेशक





एवं निदेशक सतर्कता ने लखनऊ सेक्टर की टीम को एक लाख रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।

**कमाई से अधिक खर्च का नहीं दे सके ब्यौरा**

जांच में सामने आया कि का ललित कुमार की कुल कमाई 93.26 लाख रुपए थी, जबकि चल और अचल संपत्तियों की खरीद, रखरखाव और अन्य मदों पर उनका कुल खर्च 1.61 करोड़ रुपये पाया गया। इस तरह उन्होंने अपनी वैध कमाई से 68.66 लाख रुपये, यानी करीब 73.6 प्रतिशत अधिक खर्च किया। जांच एजेंसी के अनुसार, इस अतिरिक्त खर्च और संपत्ति के संबंध में ललित कुमार कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके। इसके बाद उन्हें आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई।लखनऊ, नोएडा और बाराबंकी में करोड़ों की संपत्तियां: लखनऊ के अलीगंज, वृंदावन योजना, इस्माइलगंज, मोहनलालगंज और बालकगंज समेत कई इलाकों में मकान, प्लॉट और कृषि भूमि के दस्तावेज मिले। इसके अलावा नोएडा में दो फ्लैट की बुकिंग और बाराबंकी व रायबरेली में भी जमीन के कागजात बरामद हुए। इन अचल संपत्तियों की अनुमानित कीमत करीब 13 करोड़ रुपए बताई गई है।

# मिशन 2027 : पश्चिमी यूपी की हारी सीटों पर फोकस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की उन विधानसभा सीटों पर विशेष रणनीति तैयार की है, जहां उसे 2022 के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी समाजवादी पार्टी (सपा) के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले का मुकाबला संगठनात्मक और सामाजिक समीकरणों के जरिए करने की तैयारी में जुटी है। भाजपा का फोकस मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, बागपत और मुरादाबाद मंडल की उन सीटों पर है, जहां पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। मेरठ जिले की सरधना, सिवाल खास, मेरठ शहर और किठौर विधानसभा सीटें भाजपा के लिए चुनौती बनी हुई हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि विभिन्न सामाजिक वर्गों के प्रभावशाली नेताओं को संगठन में जिम्मेदारी देकर जातीय समीकरणों को अपने पक्ष में किया जा सकता है। इसी रणनीति के तहत गुर्जर समाज से आने वाले नवाब सिंह नागर को पश्चिम क्षेत्र का अध्यक्ष तथा जाट नेता चौधरी देवेंद्र सिंह को किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा इन नियुक्तियों के माध्यम से ओबीसी, जाट और किसान वर्ग के बीच अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। भाजपा किसानों के बीच प्रदेश सरकार द्वारा पिछले नौ वर्षों में किए गए रिकॉर्ड गन्ना भुगतान को भी प्रमुख चुनावी मुद्दे के रूप में पेश करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को विशेष सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि गांव-गांव तक सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को पहुंचाया जा सके। राजनीतिक दृष्टि से राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के साथ गठबंधन को भी भाजपा अपनी बड़ी ताकत मान रही है। 2022 में रालोद सपा के साथ चुनाव मैदान में था, जबकि अब वह भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा है और केंद्र तथा राज्य सरकार में सहयोगी दल के रूप में शामिल है। भाजपा को उम्मीद है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाट मतदाताओं के बीच रालोद की पकड़ का लाभ गठबंधन को मिलेगा। दूसरी ओर, रालोद भी संगठन विस्तार में जुटा है। पार्टी ने वरिष्ठ नेता केसी त्यागी को संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष तथा उनके पुत्र अमरीश त्यागी को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर नए सामाजिक और राजनीतिक समीकरण साधने की कोशिश की है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 2027 का चुनाव जातीय समीकरण, किसान राजनीति और गठबंधन की मजबूती के आधार पर काफी दिलचस्प होने की संभावना है। भाजपा जहां अपनी हारी हुई सीटों पर दोबारा कब्जा जमाने की तैयारी कर रही है, वहीं सपा अपने पीडीए फॉर्मूले को और मजबूत करने में जुटी है। ऐसे में पश्चिमी उत्तर प्रदेश एक बार फिर राज्य की चुनावी राजनीति का सबसे अहम रणक्षेत्र बनने की ओर बढ़ रहा है।

## खबर एक नजर

### राष्ट्रीय लोकदल संसदीय बोर्ड की बैठक संपंन्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के कमेटी हॉल में राष्ट्रीय लोकदल के संसदीय बोर्ड की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष, पूर्व सांसद केसी त्यागी ने की। बैठक के प्रारंभ में संसदीय बोर्ड के सभी सम्मानित सदस्यों का आपस में परिचय हुआ तथा राष्ट्रीय लोकदल को नई दिशा एवं नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह सहित संसदीय बोर्ड के सभी सम्मानित सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह की किसान, मजदूर और सामाजिक न्याय आधारित विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को अधिक सशक्त बनाने, सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ने, युवाओं की भागीदारी बढाने, संगठन के विस्तार को गति देने तथा चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने पर विचार विमर्श हुआ।


### खराब मौसम के कारण लखनऊ आ रही उड़ान अयोध्या डायवर्ट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बुधवार को खराब मौसम और लगातार हो रही भारी बारिश का असर हवाई सेवाओं पर भी देखने को मिला। बुधवार को दिल्ली से लखनऊ आ रही इंडिगो की एक उड़ान को मौसम प्रतिकूल होने के कारण अयोध्या एयरपोर्ट डायवर्ट करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, लखनऊ एयरपोर्ट पर भारी बारिश और कम दृश्यता के चलते विमान की सुरक्षित लैंडिंग संभव नहीं हो सकी। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने एहतियातन फ्लाइट को अयोध्या एयरपोर्ट भेजने का निर्णय लिया। बताया गया कि विमान में 152 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। सभी यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह फैसला लिया गया। विमान सुरक्षित रूप से अयोध्या एयरपोर्ट पर उतारा गया। खराब मौसम के चलते अन्य उड़ानों के संचालन पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

# रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे अभिनेता अनुपम खेर

## बोले– एक घटना से आस्था कम नहीं होती

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर बुधवार को अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन और हनुमानगढ़ी में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर में हाल ही में सामने आए चढ़ावा चोरी प्रकरण पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसी एक व्यक्ति के गलत कृत्य से मंदिर की गरिमा और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर कोई असर नहीं पड़ता। पत्रकारों से बातचीत में अनुपम खेर ने कहा कि यदि किसी घर में चोरी हो जाती है तो लोग चोर को दोष देते हैं, घर को नहीं। उसी तरह राम मंदिर में यदि किसी व्यक्ति ने गलत काम किया है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन इस घटना को भगवान श्रीराम, मंदिर या सनातन आस्था से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि



जिस राम मंदिर के निर्माण के लिए सदियों तक संघर्ष किया गया, उसकी प्रतिष्ठा कुछ लोगों की गलत हरकतों से कम नहीं हो सकती। कानून अपना काम करे और दोषियों को सख्त सजा मिले, लेकिन इस घटना के आधार पर मंदिर की पवित्रता या श्रद्धालुओं के विश्वास पर सवाल उठाना उचित नहीं है। अनुपम खेर ने दान और चढ़ावे को श्रद्धा एवं विश्वास का विषय बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं से श्रद्धालुओं की आस्था डगमगानी नहीं चाहिए। उनका कहना था कि करोड़ों लोग भगवान श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा और विश्वास के कारण अयोध्या आते हैं और यह विश्वास किसी एक घटना से कमजोर नहीं हो सकता। इस अवसर पर अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म श्री राम जन्मभूमि की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग अयोध्या में शुरू हो चुकी है और लगभग 10 से 12 दिनों तक चलेगी। शूटिंग प्रारंभ करने से पहले उन्होंने भगवान श्रीराम और हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। गौरतलब है कि राम मंदिर के चढ़ावा चोरी प्रकरण को लेकर इन दिनों प्रदेश की राजनीति भी गर्म है। मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) कर रहा है और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट भी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कह चुका है। ऐसे समय में अनुपम खेर का यह बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई का समर्थन करते हुए मंदिर और श्रद्धालुओं की आस्था को इस घटना से अलग रखने की अपील की है।

# आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी अगस्त से शुरू होंगे स्किल कोर्स

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी अगस्त से स्किल कोर्स शुरू होंगे। इससे सामाजिक व आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को भी तकनीकी दक्षता मिल सकेगी। ये निर्देश व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विभागीय समीक्षा बैठक में दिए।

**■ कौशल विकास मंत्री ने दिए तैयारी के निर्देश**

अटल आवासीय विद्यालयों में चल रहे कौशल विकास कार्यक्रमों की समीक्षा में उन्होंने छात्रों को आधुनिक कौशल आधारित प्रशिक्षण देने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर युवा को हुनरमंद बनाकर रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इसके लिए विभाग की सभी योजनाओं का समय से पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकताओं को देखते हुए आईटीआई में युवाओं के लिए अधिकाधिक शॉर्ट टर्म व रोजगारपरक कौशल पाठ्यक्रम शुरू किए जाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सॉफ्ट स्किल, डिजिटल लर्निंग, संवाद कौशल, इंटरव्यू की तैयारी, रिज्यूम लेखन व व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों को भी शामिल किया जाए, जिससे युवाओं की रोजगार क्षमता और अधिक बढ़ सके। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग की सभी योजनाओं की जिला व मुख्यालय स्तर पर नियमित समीक्षा करें।

हर प्रशिक्षण केंद्र की प्रगति की सतत निगरानी करें। प्रशिक्षण की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा।

# अनंत नगर योजना में 8,000 पौधरोपण करेगा एलडीए

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मोहान रोड पर विकसित की जा रही अनंत नगर योजना में लगभग 8,000 पेड़ों को काटने के बजाये प्रत्यारोपित किया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने योजना का निरीक्षण करके इस बाबत निर्देश दिये हैं। जिसके क्रम में विशेषज्ञ संस्था द्वारा जल्द ही पेड़ों के सर्वे का कार्य शुरू कराया जाएगा। इतनी बड़ी संख्या में वृक्ष प्रत्यारोपण का यह प्रदेश का सबसे बड़ा अभियान होगा। एलडीए के मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि अनंत नगर योजना में प्रस्तावित 45, 24 एवं 12 मीटर चौड़ी सड़कों के एलाइनमेंट में लगभग 8,000 पेड़ आ रहे हैं। जिसमें प्रथम चरण में 2,098 पेड़ों को हटाया जाना अनिवार्य है। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये हैं कि इन पेड़ों को काटने के बजाये योजना में विकसित किये जाने वाले पार्कों/ग्रीन बेल्ट में प्रत्यारोपित किया जाए। इसके लिए दक्ष संस्था का चयन करते हुए बरसात के मौसम में ही कार्य पूर्ण करा लिया जाए। उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि पेड़ों की शिफ्टिंग से पहले कास्तकारों को प्रतिकर का भुगतान कर दिया जाए।

**लापरवाही करने वाले ठेकेदारों पर जुर्माना**

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने योजना में किये जा रहे निर्माण कार्यों का भी मुआयना किया। समीक्षा में पाया गया कि सेक्टर-1, पॉकेट-ई में 9, 12, 18 एवं 24 मीटर चौड़ी सड़कों का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं कराया गया है, जबकि कार्यदायी संस्था मेसर्स डी0पी0 इन्फ्रास्ट्रक्चर को कार्यादेश जारी किया जा चुका है। इस पर उपाध्यक्ष ने संस्था पर 5 लाख रूपये का जुर्माना लगाने के आदेश दिये हैं। इसी तरह सेक्टर-1 एवं 4 में 45 मीटर चौड़ी सड़क, ट्रेंच, सीवरेज एवं ड्रेन निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर कार्यदायी संस्था मेसर्स राजलक्ष्मी इंटरप्राइजेज पर 7.50 लाख रूपये का जुर्माना रोपित किया गया है।

**प्रत्येक सप्ताह देनी होगी रिपोर्ट**

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने निर्देशित किया कि योजना के सभी सेक्टरों में निर्माण कार्यों में तेजी लायी जाए। साथ ही बरसात के दृष्टिगत मिट्टी भराई एवं लेवलिंग आदि के कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराये जाएं। उन्होंने मुख्य अभियंता को प्रत्येक सप्ताह योजना का निरीक्षण करके प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये हैं।

**नादरगंज से अनंत नगर तक सड़क चौड़ीकरण**

कानपुर रोड से नादरगंज होते हुए अनंत नगर योजना को जोड़ने वाली लगभग 05 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण, आर0सी0सी0 ड्रेन एवं ट्रेंच का कार्य प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है। उपाध्यक्ष ने इसका निरीक्षण करके अक्टूबर, 2026 तक कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले नालों को कवर कर दिया जाए, जिससे कि किसी भी तरह के हादसे की संभावना न रहे। इस मौके पर प्रभारी अधिकारी (अर्जन) विराग करवरिया, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार एवं मनोज सागर समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

# अलीगंज अग्निकांड : नौ आईएएस व नौ पीसीएस अफसरों पर गिर सकती है गाज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अलीगंज अग्निकांड में अवैध बिल्डिंग में लगी भीषण आग की जांच कर रही एसआईटी ने नौ आईएएस व नौ पीसीएस अधिकारियों पर कार्रवाई करने की सिफारिश की है। सभी अधिकारी लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) में तैनात रहे हैं। इनमें से कुछ जिलाधिकारी के पद पर, कुछ एलडीए में ही तैनात है, वहीं दो अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती पर एसआईटी की रिपोर्ट तैयार हो चुकी है और जल्द ही शासन को सौंपी जाएगी। पहली बार आईएएस व पीसीएस अधिकारियों की भूमिका की जांच हो रही है। माना जा रहा है कि नियुक्ति विभाग संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देकर जवाब-तलब कर सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती पर एसआईटी रिपोर्ट तैयार हो चुकी है और जल्द ही शासन को सौंपी जाएगी। माना जा रहा है कि इसके बाद नियुक्ति विभाग संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देकर जवाब-तलब कर सकता है। इस घटना में 15 लोगों की मौत हुई थी और नौ लोग झुलसे थे। मुख्यमंत्री खुद भी मौके पर गए थे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के लिए एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने एलडीए से 2016 से 2024 तक जोन चार व पांच में तैनात रहे प्रवर्तन व जोनल अधिकारियों की सूची मांगी थी।

खासकर अग्निकांड वाले आवासीय भूखंड पर व्यावसायिक निर्माण के दौरान एलडीए में तैनात





अफसरों को घटना के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। आईएएस अधिकारियों में लखनऊ के मौजूदा नगर आयुक्त गौरव कुमार, तत्कालीन एलडीए उपाध्यक्ष मैनपुरी के जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी और तत्कालीन एलडीए सचिव अमेठी के जिलाधिकारी पवन गंगवार, सत्येंद्र यादव, शिवाकांत द्विवेदी, अक्षय त्रिपाठी, एमपी सिंह, ऋतु सुहास और श्रीश चंद्र वर्मा हैं। इनके साथ ही पीसीएस अधिकारी में अमित राठौर, विपिन शिवहरे, श्रद्धा चौधरी, प्रिया सिंह, संगीता राघव, प्रभाकर सिंह, डीके सिंह, विश्व भूषण मिश्र और सुशील प्रताप सिंह अलग-अलग पदों पर तैनात रहे। इनमें कई अफसर इस समय भी एलडीए में तैनात हैं। इंजीनियरिंग विभाग से 14 अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता और 52 अवर अभियंताओं की सूची भेजी गई है। एलडीए के जानकार सूत्र बताते हैं कि एसआइटी की जांच रिपोर्ट में इनमें से अधिकांश पर कार्रवाई करने की सिफारिश की गई है। अब नियुक्ति विभाग जल्द ही आरोपितों को नोटिस जारी करके जवाब तलब करेगा, क्योंकि एसआईटी की रिपोर्ट जल्द ही शासन को सौंपी जाएगी।

**पंद्रह दिन में नहीं सौंपी रिपोर्ट**

अलीगंज सेक्टर डी के भूखंड संख्या एमएस 102 पर बने अवैध भवन में गेमिंग जोन व अन्य दफ्तर चल रहे थे। घटना के बाद शासन ने इस मामले की एसआईटी जांच के लिए अपर मुख्य सचिव पर्यटन अमृत अभिजात व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन प्रवीण कुमार को जिम्मेदारी सौंपी और सात दिन में रिपोर्ट मांगा थी। इस मामले में आरोपित भवन स्वामी वीरेंद्र प्रसाद शुक्ल व तीन अन्य को जेल भेजा गया था, जबकि सुरेंद्र प्रसाद शुक्ल अभी फरार है और उस पर पचास हजार रुपया का ईनाम घोषित किया गया है। 24 व 25 जून को एसआईटी टीम ने दो बार घटना स्थल का निरीक्षण किया।


इसके बाद 26 जून को आरोपित भवन स्वामी वीरेंद्र प्रसाद शुक्ल को नोटिस तामील की गई। इस मामले में शासन ने चार इंजीनियरों व एक सुपरवाइजर को निलंबित कर दिया। 27 जून को एसआईटी ने अधिकांश गवाहों व संबंधित अधिकारियों के बयान पूरे किए।

अलीगंज की इमारत पुलिस अभिरक्षा में सौंपकर सुनवाई की प्रक्रिया शुरू हुई। तीन जुलाई को एसआईटी की जांच पूरी हो गई है, सात दिन से जांच रिपोर्ट शासन को सौंपने का इंतजार किया जा रहा है। उधर, विहित न्यायालय में अवैध भवन की सुनवाई सात जुलाई से चल रही है। यह पूरा होते ही भवन ढहाने की प्रक्रिया तेज होगी। मालूम हो कि 22 जून को अलीगंज के सेक्टर डी में अग्निकांड की घटना हुई थी।

# भगवान राम को काल्पनिक बताने वाले आज आस्था की कर रहे बात : योगी

## चित्रकूट से सीएम योगी का विपक्ष पर बड़ा हमला, 950 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ-चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को चित्रकूट दौरे के दौरान समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाए, रामसेतु को तोड़ने का प्रयास किया और न्यायालय में भगवान राम को काल्पनिक बताया, वही आज आस्था की राजनीति कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता इन दलों के दोहरे चरित्र को भलीभांति समझ चुकी है। चित्रकूट इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने लगभग 950 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए विपक्ष पर कई मुद्दों पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने वर्षों तक भगवान श्रीराम, सनातन संस्कृति और देश की आस्था का सम्मान नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने रामसेतु को तोड़ने का प्रयास किया था और सर्वोच्च न्यायालय में दायर हलफनामे में भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताया था। उन्होंने कहा कि आज वही राजनीतिक दल अयोध्या और राम मंदिर के नाम पर आस्था की बात कर रहे हैं, लेकिन जनता उनके पुराने रुख को भूली नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मंदिर में चढ़ावे की गणना के कार्य में बड़ी संख्या में लोग लगे रहते हैं। सरकार को जब चढ़ावे में गड़बड़ी और चोरी की जानकारी मिली तो तत्काल विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि जांच में छह लोगों की चोरी में संलिप्तता और दो लोगों की साजिश में भूमिका सामने आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, लेकिन कुछ लोगों की गलती के आधार पर पूरे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को बदनाम करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक



**■ राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर भी सरकार का पक्ष रखा**

आस्थावान व्यक्ति को ऐसे प्रयासों के प्रति सतर्क रहना होगा। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद, जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत की उपेक्षा की, जबकि वर्तमान सरकार विरासत और विकास को साथ लेकर आगे बढ़ रही है।

उन्होंने वक्फ संपत्तियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि हजारों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जे हुए, लेकिन विपक्ष ने कभी इस पर आवाज नहीं उठाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने भू-माफियाओं से 64 हजार एकड़ से अधिक जमीन मुक्त कराई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट को आध्यात्मिक, पर्यटन, शिक्षा और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में चित्रकूट %शास्त्र और शस्त्र% दोनों के अनुसंधान एवं विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर, एयरपोर्ट, पर्यटन परियोजनाओं और उच्च शिक्षण संस्थानों के विस्तार से चित्रकूट के विकास को नई गति मिलेगी। प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 950 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी गई है, जिनमें सड़क, पुल, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पर्यटन, औद्योगिक प्रशिक्षण और आधारभूत संरचना से जुड़ी अनेक योजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट में विकसित एयरपोर्ट से दिल्ली और लखनऊ सहित अन्य शहरों से सीधी हवाई सेवाएं शुरू होने पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। गुप्त गोदावरी, रामघाट, राजापुर सहित अन्य धार्मिक स्थलों का भी व्यापक विकास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित चित्रकूट की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार धार्मिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के विकास पर समान रूप से कार्य कर रही है।

# यूपी में लखपति महिला उद्यमी अभियान को मिलेगी नई रफ्तार

## ग्रामीण आजीविका मिशन और टाटा पावर ने मिलाया हाथ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार बड़े फैसले ले रही है। इसी कड़ी में बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और टाटा पावर कम्युनिटी डेवलपमेंट ट्रस्ट के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस बड़ी साझेदारी का सीधा उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता के नए रास्ते खोलना है। राज्य मिशन कार्यालय लखनऊ में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया। इस साझेदारी के तहत महिला नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यमों को जमीनी स्तर पर बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों और क्लस्टर स्तरीय संघों की संस्थागत क्षमता को तकनीकी रूप से मजबूत किया जाएगा। महिलाओं को सिर्फ पारंपरिक काम तक सीमित न रखकर आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण, उद्यमिता कौशल का विकास और उनके तैयार उत्पादों के लिए बेहतरीन बाजार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इस समझौते के धरातल पर उतरने के बाद प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में मिलेट कैफे, एग्रो प्रोसेसिंग आधारित इकाइयों और अन्य महिला नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यमों की स्थापना की जाएगी। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के ढेरों नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की मासिक आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। यूपी सरकार और टाटा पावर की यह जुगलबंदी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का चेहरा बदलने में गेम-चेंजर साबित होने वाली है।इस महत्वपूर्ण अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करना है। टाटा पावर के साथ हुआ यह सहयोग महिला उद्यमिता को एक नई और आधुनिक दिशा देगा। उन्होंने भरोसा जताया कि यह पहल मुख्यमंत्री के संकल्प के अनुरूप ग्रामीण महिलाओं की आय में रिकॉर्ड वृद्धि कर उन्हें %लखपति महिला उद्यमी% बनाने के लक्ष्य को समय से पहले प्राप्त करने में बड़ी भूमिका निभाएगी। वहीं, टाटा पावर कम्युनिटी डेवलपमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन और मुख्य मानव संसाधन, सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी अधिकारी हिमल तिवारी ने इस साझेदारी को बेहद खास बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ यह सहयोग महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को सशक्त बनाने और स्थानीय उत्पादों को एक बेहतर बाजार मंच देने की दिशा में हमारा एक बड़ा कदम है। यह साझेदारी सतत ग्रामीण आजीविका के नए अवसर विकसित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सीधे तौर पर सुदृढ़ करेगी।



# राम मंदिर चढ़ावा मामले में स्वतंत्र फोरेंसिक और वित्तीय जांच हो : अजय राय

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं

**कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, मुख्यमंत्री पर प्रभावी कार्रवाई न करने का आरोप**



पूर्व मंत्री अजय राय ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर राम मंदिर में चढ़ावे, वित्तीय प्रबंधन और प्रशासनिक कार्यप्रणाली से जुड़े कथित अनियमितताओं के आरोपों की स्वतंत्र फोरेंसिक एवं वित्तीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है, इसलिए इससे जुड़े किसी भी विवाद का समाधान राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से नहीं बल्कि पारदर्शी और निष्पक्ष जांच से होना चाहिए। अजय राय ने अपने पत्र में कहा कि जब केंद्र सरकार ने मंदिर निर्माण, उद्घाटन और प्राण-प्रतिष्ठा का श्रेय लिया है, तब मंदिर के चढ़ावे और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े गंभीर सवालों पर भी जवाबदेही स्वीकार करनी चाहिए। उनका कहना है कि लोकतंत्र में उपलब्धियों के साथ उत्तरदायित्व भी जुड़ा होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस विषय पर पहले भी प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर स्वतंत्र जांच की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बजाय सरकार के प्रतिनिधि मूल मुद्दों का जवाब देने के बजाय विपक्ष पर राजनीतिक आरोप लगाने में अधिक सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मांग की कि मंदिर के चढ़ावे, लेखा-जोखा और वित्तीय प्रबंधन की स्वतंत्र फोरेंसिक जांच और वित्तीय ऑडिट कराया जाए। उनका कहना है कि यदि आरोप निराधार हैं तो जांच से यह स्पष्ट हो जाएगा, और यदि अनियमितताएं हुई हैं तो दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। अजय राय ने कहा कि तथा प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम देवनारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 लक्ष्मीनारायण पाण्डेय है जो मेरे बैंक पास बुक, परिवार रजिस्टर की नकल, खतौनी एवं उपजिलाधिकारी की जाँच आख्या में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं0 xxxxxxxx3765 में मेरा नाम डी0एन0 पाण्डेय अंकित हो गया है, जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम देवनारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 लक्ष्मी नारायण पाण्डेय के नाम से जाना व पहचाना जाय। एतत द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं।
**देवनारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 लक्ष्मी नारायण पाण्डेय निवासी ग्राम- मादपुर, पो0- मनौरी जिला- प्रयागराज, उ0प्र0।**

सी.आर.- 687/D


# बिजली कटौती पर कांग्रेस का योगी सरकार पर हमला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने वाराणसी में लगातार हो रही बिजली कटौती और

## अजय राय ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

ट्रिपिंग को लेकर योगी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर शहर की आम जनता भीषण गर्मी और उमस के बीच लंबे समय तक बिजली संकट झेलने को मजबूर है, वहीं दूसरी ओर मंत्रियों और वीआईपी कार्यक्रमों के लिए विशेष बिजली व्यवस्था कर सरकारी संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है।

अजय राय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि वाराणसी के विभिन्न इलाकों में लगातार बिजली कटौती और ट्रिपिंग के कारण लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने दावा किया कि आम नागरिकों की शिकायतों के बावजूद बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। अपने पोस्ट में उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में शहर में आयोजित एक शादी समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश सरकार के कई मंत्री और जनप्रतिनिधि शामिल हुए थे। उनके अनुसार, कार्यक्रम के दौरान सड़क पर विशेष जनरेटर लगाकर स्ट्रीट लाइटों को रोशन किया गया, ताकि वीआईपी आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यदि सरकार आम जनता की समस्याओं पर भी इसी गंभीरता से ध्यान देती, तो वाराणसी के लोगों को बिजली संकट का सामना नहीं करना पड़ता। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार पर वीआईपी संस्कृति को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि आम जनता अंधेरे में रहने को मजबूर है, जबकि वीआईपी कार्यक्रमों के लिए सरकारी संसाधनों से निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उनके अनुसार, यह सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाता है और जनता के साथ भेदभाव का उदाहरण है।

गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में वाराणसी समेत पूर्वांचल के कई जिलों में बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। स्थानीय लोग समय-समय पर निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग करते रहे हैं और विपक्ष भी इस मुद्दे को लेकर सरकार को घेरता रहा है। हालांकि, अजय राय द्वारा लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। समाचार लिखे जाने तक उत्तर प्रदेश सरकार अथवा ऊर्जा विभाग की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की गई थी। सरकार या बिजली विभाग का पक्ष सामने आने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।


**आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या।**

पत्रांक : [illegible]

विश्वविद्यालय के समस्त महाविद्यालयों / विभागों / केन्द्रों / प्रक्षेत्रों पर कार्यरत समस्त शिक्षक / वैज्ञानिक / कर्मचारी की उपस्थिति Attendence System App बनवाने हेतु कस्टम बिड प्रकाशित की गयी है जिसका विवरण निम्नवत है–

बिड संख्या Gem/2026/B/7739004
बिड प्रकाशित दिनांक 07.07.2026
बिड बन्द होने का दिनांक 22.07.2026 प्रातः 10:00 बजे



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी0एण्डडब्ल्यू0 लखनऊ के द्वारा ई-टेण्डर संख्या 289/Mech-CW-UpLaundryLKO26-2 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 29.07.2026, 15:00 है। जो उसी दिन 15:30 बजे वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। टेंडरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो कि ireps पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| कार्य का नाम | [illegible] | | |
|---|---|---|---|
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 29.07.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 09.07.2026 |
| ई बिड हां/ना | हां | ई बिड खुली केट टाइप | [illegible] |
| एडवांस्ड/अनुमानित मूल्य (रु.) | 8,43,35,024.10 (Including GST) | टेक्नीकल सेक्शन | टेण्डर सी0एण्डडब्लू0 |
| बिडिंग स्टाइल | [illegible] | बिडिंग यूनिट | [illegible] |
| धरोहर राशि (रु.) | 12,86,700.00 | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निःशुल्क | कार्य की अवधि | 120 Days from the date of handing over of clear site to the contractor by the Railways |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 15.07.2026 | | |

No. 289/Mech-CW/UpLaundryLKO26-2 दिनांक : 08.07.2026 2348/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# नहर में पानी आने से धान की रोपाई में जुटे किसान

**स्वतंत्र भारत इटौंजा।** महोना रजबहा में पानी पहुंचने और बारिश होने के बाद क्षेत्र के किसान धान की रोपाई में पूरी तरह जुट गए हैं। पिछले दिनों नहर में पानी न आने और बारिश न होने से चिंतित किसान अब राहत महसूस कर रहे हैं। किसान परिवार के सभी सदस्य खेतों में रोपाई कार्य में लगे हुए हैं। किसानों ने बताया कि इस क्षेत्र में धान प्रमुख फसल है और करीब 100 एकड़ क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के धान की रोपाई की जा रही है। अच्छी पैदावार से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है, जिससे वे अपने परिवार का पालन-पोषण करने के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा भी दिला पा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार मौसम अनुकूल रहा तो धान की अच्छी उपज मिलेगी।

# जियो टैगिंग व्यवस्था वापस लेने की मांग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि उत्पादन मंडी परिषद के मंडी निदेशक को ज्ञापन सौंपकर कृषि उपज के परिवहन में लागू जियो टैगिंग व्यवस्था को तत्काल स्थगित या निरस्त करने की मांग की।ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के बाहर से आने वाले कृषि उत्पादों के लिए पहले से प्री-अराइवल स्लिप की व्यवस्था लागू है। ऐसे में जियो टैगिंग की अतिरिक्त अनिवार्यता व्यापारियों पर अनावश्यक बोझ डाल रही है। व्यापार मंडल ने बताया कि पार्ट लोड, वाहन परिवर्तन और एक ही वाहन में विभिन्न जिंसों के परिवहन के कारण जियो टैगिंग का पालन व्यवहारिक रूप से कठिन है।अमरनाथ मिश्र ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था से व्यापार प्रभावित हो रहा है और व्यापारियों का अनावश्यक उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने व्यापारियों की व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए जियो टैगिंग व्यवस्था वापस लेने की मांग की।इस दौरान राजेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रशांत गर्ग, राजेंद्र अग्रवाल, रामशंकर अवस्थी, मोनू अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।


**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-एडवर्टाइज़्ड टेंडर नोटिस सं. 17 ईटी/2026 दिनांक: 03.07.2026

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04251366भी | सप्लाई एंड इन्स्टालेशन ऑफ आई ओ टी बेस्ड वाटर लेवल इण्डीकेटर (डब्ल्यूएलआई) | 500 सेट | 17/08/2026 |
| | | सप्लाई एंड इन्स्टालेशन ऑफ आई ओ टी बेस्ड वाटर लेवल इण्डीकेटर (डब्ल्यूएलआई) | 500 सेट | |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 12 ईटी/2026 दिनांक: 02.06.2026 | टेंडर नं. 05251162र | निविदा खुलने की तिथि 02/07/2026 के स्थान पर तिथि 17/07/2026 पढ़ें |
| 02 | ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 13 ईटी/2026 दिनांक: 12.06.2026 | टेंडर नं. 03261252 | निविदा खुलने की तिथि 03/07/2026 के स्थान पर तिथि 10/07/2026 पढ़ें |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/ फर

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/मेंट, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं एमसीएफ/आरबीएल/टेण्डर/बोल्ट की मार्किंग/2026-27/सी६०४बी दिनांक -03.07.2026। आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है-

**कार्य का नाम:** IS स्पेसिफिकेशन 11865/2006 के अनुसार, लीक टेस्टिंग के लिए बोल्ट के विभिन्न वेरिएंट्स की मार्किंग। **कार्य की अनुमानित लागत (₹):** 89,30,258.49 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** शून्य। **अमानत राशि:** ₹1,78,600.00 (एक लाख अठहत्तर हजार छह सौ) मात्र। **कार्य की मात्रा:** शेड्यूल के अनुसार। **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह।
- निविदा बंद होने की तिथि एवं समय- दिनांक 25.07.2026 को 11.00 बजे।
- निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/मेंट

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-आक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एसेसिंग यूनिट/पोस्ट: लखनऊ-पूर्वोत्तर-मण्डल-वाणिज्य/पूर्वोत्तर, नीलामी सूची सं0/लॉट सं0: MPS-LJN-08-26, नीलामी सूची प्रकाशन तिथि 11-07-2026 समय 15:25 बजे, नीलामी प्रारम्भ तिथि (समय और) 17-07-2026 समय 10:00 बजे। नीलामी बन्द करने की तिथि व समय: 17-07-2026 समय 11:00 बजे। नीलामी का प्रकार: Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of www.ireps.gov.in

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ

पूसारा/वाणिज्य–78

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मु0 सिग्न0 एवं दू0 सं0 अभि0/नि0-II/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन, उ0रे0, चारबाग, लखनऊ–226004 भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई-निविदा **एक पैकेट प्रणाली** के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही है–

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | लखनऊ डिवीजन के सुल्तानपुर–मड़ियांव सेक्शन के बीच कॉर्ड लाइन जौनपुर स्टेशन को बाईपास करते हुए के संबंध में जौनपुर स्टेशन पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (सिग्नल मेक) जोड़ और परिवर्तन CPB-MGW सेक्शन में LC-40 बंद करने के संबंध में इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग काम। |
| पूरा होने की अवधि | 06 (छः) महीने (स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से) |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹4,60,52,949.77 (रुपये चार करोड़ साठ लाख बावन हजार नौ सौ उनचास और सतहत्तर पैसे केवल) |
| निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि | सभी मूल्य एवं धरोहर राशि आईआरईपीएस पर एनआईटी में उल्लिखित है। |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय | 31.07.2026 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोलीदाता ई-टेंडर में भाग ले सकता है. निविदा 31.07.2026 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | विस्तृत ई-टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 09.07.2026 से 31.07.2026 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई-टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम-2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

निविदा सूचना संख्या: 287–सिग/सी0-II/लखनऊ/निविदा/04/26
दिनांक 09.07.2026 2347/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# स्कार्पियो की टक्कर से एक की मौत, छह लोग जख्मी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद श्रावस्ती के हरदत्त नगर गिरन्ट थाना क्षेत्र में बीती रात तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने तीन अलग स्थान-स्थान पर ग्रामीणों को टक्कर मार दी। बीती रात हुए इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि अन्य छह के घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो चालक नशे में था। ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। मंगलवार की रात लगभग 9:30 बजे गिरन्ट की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कार्पियो यूपी / 46/ 0011 ने सबसे पहले बदला चौराहे के वहीं के रहने वाले इम्तियाज, सुभान अली, अरबाज और नबी अहमद को टक्कर मार दी। इसके बाद स्कॉर्पियो ग्राम पंचायत महरु में फिरोज और जहां महफूज उर्फ शेबू खान को टक्कर मार दी। चपेट में आने पर महफूज गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें उपचार के लिए बहराइच ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। महफूज एचपी गैस एजेंसी के संचालक बताए जा रहे हैं। अनियंत्रित स्कॉर्पियो को ग्रामीणों ने रोक लिया और चालक की पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही बदला चौकी प्रभारी संदीप कुमार पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुँचे और चालक को भीड़ से बाहर निकालकर वाहन सहित कस्टडी में लिया। घायल ग्रामीणों को निजी वाहन से बहराइच उपचार हेतु भेजा गया। इसी बीच हादसे की सूचना पाकर बहराइच जा रहे मृतक महफूज के भाई राजा का भी ग्राम पंचायत चिचड़ी के पास एक्सीडेंट हो गया जिसमें वह घायल हो गए।


**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शोभित अवस्थी के गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किसी भी कृत्यों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। सुषमा अवस्थी स्व. बाल कृष्ण अवस्थी, नि.-992 आशाराम बापू आश्रम रोड मानस नगर कृष्णानगर, लखनऊ।
सी.आर.- 683/L-45

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री का नाम अदीबा से बदलकर नया नाम अदीबा उबैद कर लिया है। भविष्य में नये नाम से जाना व पहचाना जाए। मोहम्मद उबैद पुत्र मोहम्मद जुबैर, नि.- 5/505 विकास नगर लखनऊ।
सी.आर.- 689/L-25

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शौम्य सिंह का नाम परिवर्तित कर शोभित कुमार सिंह कर दिया है क्योंकि शौम्य अंग्रेजी में लिखने पर बालिका का नाम लगता है। राहुल सिंह पुत्र राम स्वरूप सिंह निवासी जे-3 जजेज कालोनी बहादुरपुर बलरामपुर।
सी.आर.- 688/L-32

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है पहले मेरा नाम ARPIT KUMAR था जो अब बदलकर ARPIT KUSHWAHA हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये । ARPIT KUSHWAHA S/o PHOOL CHAND 26/B CHOTA BAGHARA 55 CHOTA BAGHARA SECTAR-1 PRAYAGRAJ UP.
सी.आर.- 687/D-31

**सूचना**

मैंने इकरा खातून के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 216707094 लिया था जबकि आधारकार्ड व बैंक में मेरा नाम सानिया खान दर्ज है दोनों नाम की एक ही महिला है। सानिया खान पुत्री हैदर अली खान, ग्रा0-बनई पिपरायाकूब ,पो0-पुरैना वाजिद उतरौला,बलरामपुर।
सी.आर.- 685/D-34

**सूचना**

मैंने बुसरा के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 2216707093 लिया था जबकि आधारकार्ड व बैंक में मेरा नाम अफसा खान दर्ज है दोनों नाम की एक ही महिला है। अफसा खान पुत्री हैदर अली खान ग्रा0-बनई पिपरायाकूब ,पो0-पुरैना वाजिद उतरौला, बलरामपुर।
सी.आर.- 685/D-33

**सूचना**

मैने मंजू देवी के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 219167448 लिया था जबकि आधारकार्ड में मेरा नाम मायावती दर्ज है दोनों नाम की एक ही महिला है। मायावती उर्फ मंजूदेवी पत्नी दुर्गा प्रसाद ग्रा0-खजुरिया करमहना, बलरामपुर।
सी.आर.- 685/D-29

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम PANKHURI BHIMSARIYA था, जिसे बदलकर मैंने PANKHURI AGRAWAL कर लिया है। भविष्य में मुझे PANKHURI AGRAWAL पत्नी श्री कमल अग्रवाल नाम से जाना पहचाना जाए। पताः- जे 801, स्प्रिंग ग्रीन अपार्टमेंट, फैजाबाद रोड, रामस्वरूप विश्वविद्यालय के सामने, लखनऊ, उ.प्र.।
सी.आर.- 684/L-25

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री का नाम आलिया से बदलकर नया नाम आलिया उबैद कर लिया है। भविष्य में नये नाम से जाना व पहचाना जाए। मोहम्मद उबैद पुत्र मोहम्मद जुबैर, नि.- 5/505 विकास नगर लखनऊ।
सी.आर.- 689/L-25

**सार्वजनिक सूचना**

मैं अमीना खातून पत्नी स्व. शब्बीर, निवासी- 647/841, मड़ियाँव, नेवाती टोला, जानकीपुरम, लखनऊ की हूँ। मैंने अपनी बड़ी बहू कमर जहाँ पत्नी स्व. रियाज अहमद से उनके गलत कृत्यों व क्रूरतापूर्ण आचरण से व्यथित होकर उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद से कमर जहाँ द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होंगे।
सी.आर.- 681/L-45

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अंकुश को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बंधविच्छेद कर लिया है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। कांतिदेवी पत्नी सर्वेश नि. रामबागभट्टा मिश्रीपुर थाना - रामचंदमिशन, शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-27

**सूचना**

समस्त अभिलेखों में मेरा नाम विनीता पुत्री गिरीशचंद्रगुप्ता था।विवाहोपरांत अपना नाम विनीतागोयल कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। विनीतागोयल पत्नी नितिनकुमारगोयल, नि मो बक्सरिया तह सदर शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-26

**सूचना**

मैंने पुत्र दीपकसिंह को गलतआचरण के कारण चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिये। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। रामकिशोरसिंह पुत्र वीरेंद्रसिंह,नि.ग्रा. जरगवाँ, थाना , गढ़ियारंगीन,शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-25

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र बिरूल को दुर्व्यवहार के चलते चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिये। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। रामपाल पुत्र बिंद्रा नि.मो. रामनगर, पुवायाँ - शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-25

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230904167 का प्रमाणपत्र सहअंकपत्र वास्तव में खो गया है। तनु गुप्ता पुत्री सुरेशचंद्रगुप्ता नि. महाऊदुर्ग थाना सिधौली, पुवाया - शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-25



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda** भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक
रायबरेली रोड शाखा: हाईवे प्लाजा, ब्लॉक-बी, उद्यान-II, रायबरेली रोड, लखनऊ-226025
**मांग सूचना**

**सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत सूचना**

जबकि बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफेसी एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत निम्न ऋणियों को मांग सूचना भेजी गई थी। चूंकि बैंक द्वारा भेजी गयी उक्त नोटिस को प्राप्तकर्ता के प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त नहीं किया गया। अतः इस प्रकाशन के माध्यम से ऋणियों को नोटिस प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर दर्शायी गयी राशि का भुगतान करने की मांग की जाती है अन्यथा सरफेसी एक्ट की धारा 13(4) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8 व 9 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत बैंक चल / अचल सम्पत्ति का कब्जा लेकर बिक्री कर देगा। ऋणकर्ता(ओं) / जमानतकर्ता(ओं) को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस चल / अचल सम्पत्ति में कोई लेन-देन न करें और इससे किसी प्रकार का लेन-देन बकाया राशि और उस पर निहित अप्रयोजित ब्याज एवं अन्य खर्चों हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा के अध्यधीन होगा।

| क्र. सं. | ऋणकर्ता(ओं) / जमानतकर्ता(ओं) का नाम व पता / मांग सूचना की तिथि | बकाया धनराशि (रु) / एनपीए की तिथि | सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री श्याम कुमार पुत्र श्री कन्हई लाल, फ्लैट सं. ए-15/2, सुलभ आवास योजना, सेक्टर-1, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010 एवं श्रीमती किरण वर्मा पत्नी श्री श्याम कुमार, फ्लैट सं. ए-15/2, सुलभ आवास योजना, सेक्टर-1, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010 मांग सूचना की तिथि: 11.06.2026 | रु. 28,58,229.00 दिनांक 10.06.2026 तक, नोटिस की तिथि तक (अनुबंध के अनुसार देय राशि) (नोटिस तिथि तक ब्याज सहित) एनपीए की तिथि 08.06.2026 | आवासीय फ्लैट का साम्यिक बंधक, सुपर एरिया 63.28 वर्ग मीटर एवं कवर्ड एरिया 59.69 वर्ग मीटर स्थित फ्लैट सं. ए-58/01/01, भूतल, ब्लॉक ए-56, दी डेकरम, टाइप ए, आवास-1, सुलभ आवास योजना (जी+3), सेक्टर 1, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010. मालिक: श्री श्याम कुमार पुत्र श्री कन्हई लाल एवं श्रीमती किरण वर्मा पत्नी श्याम कुमार. सम्पत्ति की चौहद्दी: बगल में: ए-58/02/01, ऊपर: ए-58/11/01, नीचे: कुछ नहीं, सुपर एरिया: 63.28 वर्ग मीटर, कवर्ड एरिया: 59.69 वर्ग मीटर |

दिनांक: 09.07.2026 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा



**उत्तर रेलवे**

**आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक व्यवसायी / चिकित्सकों की नियुक्ति**

पत्र सं. -E/WB/Ayur/Homeo/ Pt.II/26 दिनांक : 03.07.2026

कर्मचारी कल्याण निधि उ.रे. के लखनऊ मंडल में संविदा के आधार पर (अंशकालिक, मानदेय आधारित) अनारक्षित आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक व्यवसायी / चिकित्सकों का लगाया जाना जिनमें अ.जा./अ.ज.जा./पिछड़ा वर्ग के आवेदक भी आवेदन कर सकेंगे।

उ.रे. चिकित्सालय /लखनऊ में संविदा के आधार पर मानदेय आधारित अंशकालिक तौर पर एक आयुर्वेदिक चिकित्सक लगाया जाना है तथा मानदेय, डी.एस.बी.एफ. समिति/लखनऊ के तत्वधान में अधिलिखित नियमों एवं शर्तों के आधार पर होगा।

| आयुर्वेदिक चिकित्सक | होम्योपैथिक चिकित्सक |
|---|---|
| 1. आवेदक के पास इंडियन मेडिसिन सेंट्रल एक्ट 1970 धारा 46 के तहत मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / राज्य विधिक बोर्ड/काउंसिल/फैकल्टी का चार वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा होना अनिवार्य होगा। 2. सेंट्रल रजिस्टर ऑफ इंडियन मेडिसिन एवं स्टेट रजिस्टर ऑफ इंडियन मेडिसिन में नामांकन। 3. आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं उपचार के क्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव आवश्यक है (E(W)88/WE 1-15 dated 03.10.1989 (RBE No.250/89)) | 1. आवेदक के पास इंडियन मेडिसिन सेंट्रल एक्ट 1970 की धारा 46 के तहत मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / राज्य विधिक बोर्ड / काउंसिल / फैकल्टी की बी.एम. एस की डिग्री (होम्योपैथी) / DHM/DHS/DMS होम्योपैथी /BMBS/04 वर्षीय MHMS या CSMS की डिग्री होनी चाहिए। साथ ही इंटर्नशिप भी पूर्ण होनी चाहिए. 2. सेंट्रल रजिस्टर ऑफ इंडियन मेडिसिन एवं स्टेट रजिस्टर ऑफ इंडियन मेडिसिन में नामांकन। 3. डिप्लोमा धारकों के पास कम से कम 1.5 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए (E(W)2012/PNM/NFIR/5 dated 24.01.2014 (RBE No 13/2014)) |

1) पदों की संख्या – तीन (01 आयुर्वेदिक, 02– होम्योपैथिक)
2) मानदेय ₹37500/- प्रतिमाह
3) कार्य घंटे चार घंटे प्रतिदिन (रेलवे अस्पताल के कार्य घंटों के दौरान)
4) चिकित्सक को मंडल कर्मचारी कल्याण निधि समिति द्वारा लगाया जाएगा एवं उन्हें रेल कर्मी नहीं माना जाएगा। उन्हें मात्र एक वर्ष के लिए अस्थायी रूप से ही लगाया जाएगा।
5) उपरोक्त चिकित्सक को मात्र एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर लगाया जाएगा। कार्य संतोषजनक पाए जाने पर अध्यक्ष SBF के आदेश पर कार्यकाल पुनः एक–एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। यह अवधि 70 वर्ष की उम्र तक ही बढ़ाई जा सकती है। (Rly. Board L.No.E (W) 2018/SM/8/Pt Dt. 25.07.2019)
6) कार्य घंटों में वह रेल के अलावा किसी प्राइवेट मरीज को नहीं देख सकेंगे, ना ही चिकित्सालय परिसर से बाहर अन्यत्र जा सकेंगे, बाहर जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी की अनुमति लेना नितांत आवश्यक होगा।
7) सोमवार से शनिवार तक उन्हें उ.रे. चिकित्सालय, लखनऊ में ही चार घंटे प्रतिदिन (रेलवे अस्पताल के कार्य घंटों के दौरान) सेवाएं अर्पित करनी होंगी।
8) उन्हें यथानुपात आधार पर 08 (आठ) दिनों की आकस्मिक छुट्टी की अनुमति होगी और किसी अन्य प्रकार की छुट्टी स्वीकार्य नहीं होगी।
9) उपरोक्त पदों पर चयन मौखिक परीक्षा (Walk-In Interview) के आधार पर होगा।
10) अनुपस्थिति के लिए यथानुपात आधार पर समेकित मासिक मानदेय में कटौती की जाएगी। आकस्मिक छुट्टी से इसकी पूर्ति नहीं की जाएगी।
11) लगे हुए प्रैक्टिशनर को टी. ए./डी. ए. देय नहीं होगा और नए कार्य में शामिल होने के लिए कोई खर्च देय नहीं होगा यदि आवश्यक है तो उम्मीदवारों को चयन के दौरान ठहरने की अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
12) लगे हुए प्रैक्टिशनरों को रेलवे प्रशासन की ओर से कार्य के दौरान रेलवे आवास प्रदान नहीं किया जाएगा।
13) उसे रेलवे कर्मचारी के रूप में नहीं माना जाएगा तथा रेलवे कर्मचारी को दिए जाने वाले विशेषाधिकार का पात्र नहीं होगा। प्रैक्टिशनर या उस के परिवार के सदस्य के लिए रेलवे अस्पताल से उपचार की अनुमति नहीं होगी।
14) लगे हुए प्रैक्टिशनरों को रेलवे पास/पी.टी.ओ. देय नहीं होंगे।
15) लगे हुए प्रैक्टिशनरों को रेलवे कर्मचारियों के पक्ष में बीमार और फिट प्रमाण पत्र देने की अनुमति नहीं होगी। निजी प्रैक्टिस की अनुमति होगी लेकिन रेलवे की सामान्य ड्यूटी में बाधा डाले बिना।
16) आवेदनकर्ता की आयु 03.07.2026 तक 70 वर्ष से कम होनी चाहिए। इसके साथ ही लगे हुए प्रैक्टिशनर की सेवाएं 70 वर्ष की आयु तक पहुंचने या कार्य अवधि समाप्त होने में से जो पहले होगा पर समाप्त कर दी जाएगी। सर्विस को इससे पहले भी 14 दिन का नोटिस देकर एक तरफा समाप्त किया जा सकता है। मंडल कर्मचारी लाभ निधि (डी.एस.बी.एफ.) समिति लखनऊ मंडल इस तरह की समाप्ति के लिये कोई कारण बताने के लिए बाध्य नहीं होगी. और इस शक्ति का प्रयोग अध्यक्ष डी. एस. बी.एफ. समिति लखनऊ मंडल द्वारा किया जा सकता है और प्रैक्टिशनर को इस आशय के डी.एस.बी.एफ. समिति के आदेश को किसी भी कानूनी अदालत में चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं होगा।
17) अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
18) अधिसूचना विवरण, आवेदन फॉर्म और आवश्यक निर्देश www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध हैं।
19) उपरोक्त शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवार नीचे दी गई तिथि और स्थान पर सुबह 09:30–11:00 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ में वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी के ऑफिस में अपने आवेदन पत्र और सभी मूल प्रमाण पत्र / प्रशंसापत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ साक्षात्कार (Walk-In) के लिए आ सकते हैं। विलम्ब से आने पर साक्षात्कार से वंचित कर दिया जायेगा। साक्षात्कार (Walk-In) की शुरुआत नीचे दी गई तिथि एवं स्थान पर सुबह 11:15 बजे से होगी।

| दिनांक | पहुँचने का समय | साक्षात्कार शुरू होने का समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 06.08.26 | 09:30 – 11:30 AM तक | 11:15 AM से | वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी का ऑफिस / मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय / लखनऊ / उ.रे. |

मंडल कार्मिक अधिकारी
उत्तर रेलवे, लखनऊ

2313/26 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**न्यायालय-अपर जिलाधिकारी (नगर पूर्वी) / किराया प्राधिकारी, लखनऊ।**

पत्रांक-493 / रीडर/एडीएम (सी0ई0)/ 2026
दिनांक 07/07/ 2026
वाद संख्या-डी 202610460000590
धारा-21 (2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी अधिनियम संख्या-16 वर्ष 2021

**अनवर सादिक**
**बनाम**
**सोनिला अग्रवाल**

**नियत तिथि-14-07-2026**

**प्रकाशन हेतु नोटिस**

एक किता दुकान स्थित गुईन रोड, भार्गव मेडिसिन स्टोर के निकट अमीनाबाद चौकी चौराहा लखनऊ के बावत अं0 धारा-21 (2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी अधिनियम संख्या-16 वर्ष 2021 के अन्तर्गत इस न्यायालय में उपरोक्त वाद विचाराधीन है। उक्त वाद में विपक्षी श्रीमती सोनिला अग्रवाल निवासी-गुईन रोड, भार्गव मेडिसिन स्टोर के निकट अमीनाबाद चौकी चौराहा लखनऊ उ.प्र. पर नियमानुसार नोटिस तामीला न होने के कारण प्रकाशन कराया जाना है।

अस्तु विपक्षी को सूचित किया जाता है कि यदि विपक्षी न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहता/चाहती है, तो नियत तिथि दिनांक 14-07-2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकती है।

**प्रतिलिपि-आवेदक**/अनवर सादिक पुत्र स्व. डॉ. सुल्तान अली सादिक निवासी- मकान सं. 6 कृष्णा कालोनी, फातिमा अस्पताल अस्पताल के पीछे महानगर जिला लखनऊ उ.प्र. को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि नियत तिथि से पूर्व नियमानुसार शुल्क जमा कर किसी राष्ट्रीय स्तर के संस्करण में प्रकाशन कराना सुनिश्चित करें।

**(महेन्द्र पाल सिंह)**
**अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी)**
**किराया प्राधिकारी, लखनऊ।**

सी.आर.- 682/L



**अदालती सूचना**


हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय उन्नाव
क्रि. वाद सं. 183 सन् 2025 ई.
सीमा आदि प्रार्थिनीगण
बनाम–अलगू उम्र 38 वर्ष पुत्र दुलारे निवासी ग्राम पारा रहवा थाना हरचन्दपुर जिला रायबरेली
प्रतिवादी
चूंकि ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए तारीख 16.07.2026 ई. को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक् रूप अनुदेशित अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ता. 07.07.2026 ई.को निकाली गई। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.- 690/K-CN

# पूर्व विधायक दीप नारायण के घर ईडी की छापेमारी

## लखनऊ में पत्नी के नाम 2 फ्लैटों की तलाशी के साथ ही झांसी में छापेमारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** रजाधानी लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित मानसरोवर योजनाके सनराइज अपार्टमेंट में बुधवार सुबह मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने झांसी के पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव से जुड़े दो फ्लैटों पर छापेमारी की। ईडी की टीमें दस्तावेजों, वित्तीय लेनदेन समेत अन्य रिकॉर्ड की जांच -पड़ताल करने के साथ ही एक टीम झांसी में उनके ठिकानों पर दो स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाइ की गई। तलाशी अभियान के दौरान संबंधित परिसरों में मौजूद परिवार के सदस्यों और घर में काम करने वाले कर्मचारियों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। किसी को भी जांच पूरी होने तक बाहर जाने या अंदर आने की अनुमति नहीं दी गई। सूत्रों के मुताबिक, दोनों फ्लैट पूर्व विधायक की पत्नी मीरा यादव के नाम हैं इसी मामले में झांसी स्थित उनके पैतृक गांव स्थित आवास समेत कई अन्य ठिकानों पर भी एक





साथ कार्रवाई की गई है। छापेमारी के दौरान टीम ने संपत्ति से जुड़े दस्तावेज, बैंकिंग रिकॉर्ड, डिजिटल उपकरण और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच कर रही है। अधिकारियों ने संबंधित परिसरों में मौजूद लोगों से भी जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। फिलहाल किसी भी अधिकारी की ओर से कार्रवाई के संबंध में आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।कार्रवाई यूपी विजिलेंस एस्टेब्लिशमेंट की एफआईआर के आधार पर की गई। ईडी की टीम लखनऊ के एल्डिको कॉलोनी और कानपुर रोड स्थित सनराइज अपार्टमेंट के फ्लैट समेत कई परिसरों में दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड खंगाल रही है।

### तड़के कई टीमों ने एक साथ दी दबिश

बुधवार सुबह ईडी की अलग-अलग टीमें झांसी और लखनऊ में एक साथ सक्रिय हुईं। झांसी में पूर्व विधायक के पैतृक गांव स्थित आवास और उनके साले के घर पर तलाशी शुरू की गई। वहीं लखनऊ में एल्डिको कॉलोनी स्थित अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर बने फ्लैट और कानपुर रोड स्थित सनराइज अपार्टमेंट में भी सर्च ऑपरेशन जारी है। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। ईडी के एक अफसर ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया की यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश विजिलेंस एस्टेब्लिशमेंट की एफआईआर के आधार पर की जा रही है। शुरुआती जांच में पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव के खिलाफ 23 से अधिक एफआईआर और करीब 60 आपराधिक मामले प्रकाश में आये है। इनमें धोखाधड़ी, जालसाजी, रंगदारी, हत्या के प्रयास और डकैती जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। इन मामलों में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट और गुंडा एक्ट के तहत दर्ज बताए गए हैं।

### दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और संपत्तियों का रिकॉर्ड खंगाला

जांच पड़ताल के दौरान टीम ने महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस, चल-अचल संपत्तियों से जुड़े रिकॉर्ड और वित्तीय लेन-देन के दस्तावेज अपने कब्जे में लिए हैं। अधिकारी इनकी जांच कर धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) से जुड़े संभावित पहलुओं की पड़ताल कर रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव से जुड़े लखनऊ के दो अपार्टमेंट में बुधवार को लगातार छापेमारी कर रही है। इनमें पहला ठिकाना एल्डिको एम्परर अपार्टमेंट के छठे फ्लोर पर स्थित फ्लैट नंबर 603 है, जबकि दूसरा सनराइज अपार्टमेंट, सेक्टर-पी, मानसरोवर योजना, कानपुर रोड स्थित फ्लैट है।

# पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटरों को किया जिला बदर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मड़ियांव और बक्शी का तालाब पुलिस ने अनिल सिन्हा और अनुज सिंह को उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत छह माह के लिए लखनऊ जनपद की सीमा से जिला बदर कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे छह माह के लिए लखनऊ जिले की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) कर दिया। यह कार्रवाई संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) के आदेश के अनुपालन में की गई। पुलिस के अनुसार, अनिल सिन्हा (29) निवासी केशवनगर, बजरंग टिम्बर के पास, थाना मड़ियांव, को 3 जुलाई को न्यायालय के आदेश पर जिला बदर किया गया। मड़ियांव पुलिस ने उसके घर पहुंचकर उसे आदेश की जानकारी देते हुए लाउडिस्पीकर के माध्यम से मुनादी कर स्थानीय लोगों को भी जिला बदर की कार्रवाई से अवगत कराया गया। पुलिस टीम अनुज सिंह को अभिरक्षा में लेकर लखनऊ-सीतापुर सीमा तक पहुंची और न्यायालय के आदेश के अनुसार उसे जनपद की सीमा से बाहर निष्कासित कर दिया। सीमा पर भी पुलिस ने सार्वजनिक रूप से मुनादी कर कार्रवाई की जानकारी दी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अनुज सिंह के खिलाफ हत्या के प्रयास, रंगदारी, मारपीट, गैंगस्टर एक्ट, एससी/एसटी एक्ट, आपराधिक षड्यंत्र, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम समेत कई गंभीर धाराओं में सात मुकदमे दर्ज हैं। उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए यह कार्रवाई की गई। लखनऊ पुलिस का कहना है कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे अपराधियों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा। पुलिस टीम अनिल सिन्हा को अपनी अभिरक्षा में लेकर लखनऊ-सीतापुर सीमा तक पहुंची और न्यायालय के आदेश के अनुसार उसे जनपद की सीमा से बाहर छोड़ दिया। सीमा पर भी पुलिस ने सार्वजनिक रूप से मुनादी कर कार्रवाई की जानकारी दी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अनिल सिन्हा के खिलाफ चोरी, आमर्स एक्ट, धोखाधड़ी, जालसाजी और अन्य गंभीर धाराओं में सात आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इन्हीं गतिविधियों को देखते हुए उसे गुण्डा अधिनियम के तहत जिला बदर किया गया। लखनऊ पुलिस का कहना है कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे।पुलिस ने आरोपी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वह अगले छह माह तक लखनऊ की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा। यदि उसने आदेश का उल्लंघन किया तो उनके विरुद्ध उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर एक नजर

### अज्ञात वाहन ने पांच को कुचला चालक समेत चार की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कौशाम्बी जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोकपुर में मंगलवार की देर रात में सड़क के किनारे पंक्चर बनाते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक त्रिलोकपुर स्थित कंगन होटल के सामने पिकअप वाहन का पंचर पहिया बदलने के दौरान अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। मृतकों में साबिर, अकबर पुत्र शरीफ निवासी वार्ड नंबर 10, सिराथू , अनवर पुत्र मुमताज निवासी मूरतगंज समेत एहसान पुत्र सपातुल्लाह निवासी रसूलपुर थाना कोखराज के रूप में की गई है। घटना मंगलवार की देर रात की बताई जा रही है।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र स्थित केसरीखेड़ा में बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक वृद्ध ने फांसी लगाकर जान देने की घटना प्रकाश में आई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम केसरीखेड़ा में एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ और प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान रजऊ रावत (70) निवासी ग्राम केसरीखेड़ा, थाना मोहनलालगंज के रूप में हुई।प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रजऊ रावत ने मंगलवार रात अज्ञात कारणों से अपने घर के बरामदे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर उनके पुत्र गणेश ने उन्हें फंदे से नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों से पूछताछ के साथ-साथ अन्य तथ्यों का भी सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### जीजा ने साले को मारी गोली कंधे में लगने से घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ के कैसरबाग कोतवाली स्थित मुर्तजा हुसैन रोड में बुधवार को पत्नी से चल रहे पारिवारिक विवाद के बीच ससुराल पहुंचे युवक ने अपने साले पर फायरिंग कर दी। गोली साले के कंधे में लगी, जिससे वह घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार किया जा रहा है डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत खतरे से बाहर है। इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी मिश्रा के मुताबिक चौक के राजा बाजार स्थित मुर्तजा हुसैन रोड निवासी मो. इलियास का अपनी पत्नी से लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। बुधवार को वह अपनी ससुराल तालाब गगनी शुक्ल खदरा बाजार पहुंचा, जहां कहासुनी के दौरान उसने अपने साले फाजिल हुसैन (40) पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली फाजिल के कंधे में लगी।फायरिंग की सूचना मिलते ही कैसरबाग पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा। घटना के संबंध में घायल की पत्नी आफरीन की तहरीर पर आरोपी मोहम्मद इलियास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ऑटो खरीदने निकला युवक का मिला शव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र में ऑटो रिक्शा खरीदने के लिए घर से निकले एक युवक का शव आगरा एक्सप्रेस-वे के किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी। मामले में युवक के साथ अंतिम बार देखे गए व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक दोना निवासी मस्तराम रावत ने मंगलवार को सूचना दी कि उनके छोटे भाई दिलीप रावत (30) सोमवार को ऑटो रिक्शा खरीदने के लिए 80 हजार रुपये लेकर गांव के ही मुजीब उर्फ मुन्ना पुत्र हैदर के साथ घर से निकले थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटे। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस ने अंतिम समय तक मौजूद रहे ऑटो चालक मुजीब उर्फ मुन्ना को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फॉरेंसिक साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस हत्या, लूट या अन्य किसी आपराधिक पहलू सहित सभी संभावित कोणों से मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर महिला से दुष्कर्म

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद महानगर के थाना सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने जिले के थाना मूढापांडे क्षेत्र में रहने वाले युवक के खिलाफ बुधवार को दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि आरोपित युवक ने उसे झांसे में लेकर एक फार्म हाउस पर बुला लिया और उसे नशा मिली कोल्ड्रिंक्स पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके साथ ही घटना के दौरान आरोपित ने उसकी अश्लील वीडियो व फोटो भी ले ली। थाना मूढापांडे के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला ने थाने में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि थाना मूढापांडे निवासी अबरार ने उसको झांसे में लेकर बीते मई माह में थाना मूढापांडे फॉर्म हाउस मैं बुला लिया। आरोप है कि आरोपित अबरार ने उसे कोल्डड्रिंक में नशा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके साथ ही घटना के दौरान आरोपित ने उसकी अश्लील वीडियो व फोटो भी ले ली। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामले में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और घटना की जांच की जा रही है।

# ऑपरेशन कन्विक्शन : नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोपियों को 20-20 साल की सजा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर प्रदेशभर में गंभीर अपराधों में दोषियों को शीघ्र सजा दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर और संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) अपर्णा कुमार के निर्देशन में हजरतगंज कोतवाली में वर्ष 2022 में दर्ज नाबालिग के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के चर्चित मामले में विशेष पॉक्सो न्यायालय ने दोनों दोषियों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और 51-51 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पुलिस उपायुक्त मध्य विक्रान्त वीर, अपर पुलिस उपायुक्त मध्य जितेन्द्र दूबे तथा सहायक पुलिस आयुक्त हजरतगंज रजनीश वर्मा की निगरानी में प्रभारी इंस्पेक्टर विक्रम सिंह की टीम ने इस मामले को सजा के लिए चिन्हित कर सुनवाई की नियमित मॉनिटरिंग की। हजरतगंज कोतवाली में 7 नवंबर 2022 को पीड़िता के परिजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि आरोपी दादू उर्फ आकाश ने वादी की नाबालिग पुत्री का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

विवेचना के दौरान तुसी उर्फ आदित्य गुप्ता का नाम भी प्रकाश में आया, जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। जांच पूरी होने के बाद 8 दिसंबर 2022 को दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र विशेष पॉक्सो न्यायालय में दाखिल किया गया।मामले की सुनवाई एडीजे स्पेशल पॉक्सो प्रथम न्यायालय, लखनऊ में हुई। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस और अभियोजन पक्ष ने सुनियोजित रणनीति के साथ साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। धारा 363 में पांच वर्ष के कारावास और 10-10 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 365 में पांच वर्ष के कारावास एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 323 में एक वर्ष के कारावास और एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की भी सजा सुनाई गई। विभिन्न धाराओं में लगाए गए अर्थदंड को मिलाकर प्रत्येक दोषी पर कुल 51-51 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा।

लखनऊ पुलिस ने बताया कि इस मामले में दोषियों को सजा दिलाने में प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह, एडीजीसी विनय कुमार, एडीजी अनुपमा श्रीवास्तव, कोर्ट मोहर्रिर सीमा वैश्य तथा कांस्टेबल प्रेम सागर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस और अभियोजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर आरोपियों को शीघ्र सजा दिलाने के साथ ही कठोर दंड दिलाने का अभियान लगातार जारी रहेगा पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके और अपराधियों में कानून का भय बना रहे।

# 20 वर्षों से फरार वारंटी हरदोई से गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की वजीरगंज पुलिस ने करीब दो दशक से फरार चल रहे एक वारंटी को हरदोई से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

**गैर-जमानती वारंट में वांछित को वजीरगंज पुलिस ने खोज निकाला**



आरोपी चोरी और चोरी का माल रखने के मामले में आरोपी लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी होने के साथ ही उद्घोषणा के साथ उसके घर कुर्की की कार्रवाई होने के बाद भी पुलिस की आंख में धूल झोंक कर फरार चल रहा था। न्यायिक मजिस्ट्रेट/एटीएस लखनऊ द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के अनुपालन में थाना वजीरगंज पुलिस को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश मिले थे। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी को बुधवार तड़के करीब पांच बजे पुलिस टीम ने जनपद हरदोई के कोतवाली शहर क्षेत्र स्थित कवथकिया में दबिश देकर आरोपी नरेन्द्र (55) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ लंबे समय से गैर-जमानती वारंट लंबित था और वह बीते लगभग 20 वर्षों से फरार चल रहा था।पुलिस के मुताबिक, न्यायालय में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण आरोपी के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था।

इसके बाद भी वह न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर उसके खिलाफ धारा 82 और 83 के तहत उद्घोषणा कर संपत्ति कुर्क की कार्रवाई होने के बावजूद गिरफ्तारी से बचता रहा। पुलिस की नजर से बचने के लिए वह दिनभर घर से बाहर रहता था और केवल रात के समय ही चोरी-छिपे अपने घर आता था। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक सेवानन्द शर्मा तथा कांस्टेबल रोहित पासवान शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि न्यायालय से फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, दरोगा घायल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पारा थानाक्षेत्र में बुधवार को अलग अलग सड़क हादसों में एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि एक दारोगा घायल हो गया। दोनों घटनाओं की जांच पुलिस कर रही है।पारा थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि खुशहालगंज ओवरब्रिज ढलान के पास किसान पथ पर सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस तत्काल मय पुलिस बल मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ कि एक साइकिल सवार व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। उसे तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर उपचार के लिए केजीएमयू मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उसके पास प्राप्त आधार कार्ड के आधार पर काकोरी के ग्राम बड़ागांव निवासी बोधी गौतम (58) के रूप में हुई। घटना की सूचना पर मृतक के पुत्र मिलन गौतम मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने परिवार के सामने आवश्यक कार्रवाई के लिए शव को केजीएमयू मोर्चरी भेजा। अज्ञात वाहन की पहचान एवं दुर्घटना के कारणों के संबंध में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर गहन जांच की जा रही है। इसी तरह जलालपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गौरव सिंह रोजाना की तरह बुधवार सुबह नियमित मार्निंग वॉक कर रहे थे। इसी दौरान तिकोनिया तिराहे के पास उन्हें एक दरोगा को सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा देखा। फौरन घायल को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। पूछताछ में घायल ने अपना नाम उपनिरीक्षक अनिल कुमार बताया, जो वर्तमान में थाना मानकनगर में तैनात हैं तथा थाना पारा क्षेत्र में निवास करते हैं। उनकी ड्यूटी थाना आशियाना क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान के लिए लगी थी। वह अपने आवास से मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे, तभी तिकोनिया तिराहे के पास किसी अज्ञात कार ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान एवं चालक की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है।

## बस हादसे का शिकार चालक-परिचालक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तरप्रदेश के इटावा जनपद में बुधवार को बनारस से दिल्ली जा रही प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर हाइवे पर सरियों से लदे ट्रक में पीछे से घुसकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह ट्रक आगे वाहन से टकरा गया। हादसे में बस चालक और परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई और बस में सवार तीन दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर बस में फंसे घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने और कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार सुबह बनारस से दिल्ली जा रही प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर हाइवे पर खड़े सरियों से लदे ट्रक में पीछे से घुसकर हादसे का शिकार हो गई । हादसे में बस में सवार बस चालक और परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई और बस में सवार तीन दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर बस में फंसे घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। हादसे में मरने वालों की पहचान 35 वर्षीय प्रेम बस चालक और 22 वर्गीय दीपक परिचालक के रूप में हुई है। दोनों मृतक यूपी के बागपत जनपद के निवासी थे पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है।

## दहेज उत्पीड़न मामले में पांच के खिलाफ मामला दर्ज

**स्वतंत्र भारत नगराम।** दहेज की मांग को लेकर एक विवाहिता का वैवाहिक जीवन शुरू होते ही संकटों में घिर गया। आरोप है कि शादी के बाद ससुराल पक्ष ने पल्सर बाइक, 50 हजार रुपये नकद और सोने की चेन की मांग करते हुए उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। इतना ही नहीं, मायके लौटने के बाद भी पति ने पीछा नहीं छोड़ा और बीच रास्ते से अपहरण की कोशिश करते हुए एसिड डालने तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर नगराम पुलिस ने पति, सास-ससुर, देवर समेत छह नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक नबी नगर गांव निवासी विनोद कुमार शर्मा की पुत्री स्वीटी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका विवाह मार्च 2025 में रायबरेली जिले के गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के जगनाखेड़ा गांव निवासी राहुल शर्मा के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह में पिता ने अपनी सामर्थ दान-दहेज देकर बेटी को विदा किया, लेकिन ससुराल पहुंचते ही पति राहुल, ससुर छेदीलाल, सास तथा देवर सचिन और शिवम ने दहेज को लेकर ताने देने शुरू कर दिए।पीड़िता का आरोप है कि ससुराल वाले पल्सर बाइक, 50 हजार रुपये नकद और सोने की चेन की मांग करते हुए कहते थे कि 'तुम्हारे पिता ने कुछ नहीं दिया, समाज में हमारी इज्जत खराब हो गई।' आर्थिक मजबूरी बताने पर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। कई बार समझौते और रिश्ते बचाने की कोशिश में वह दोबारा ससुराल गई, लेकिन हर बार दहेज की मांग और मारपीट का सिलसिला और बढ़ता गया। आखिरकार वह मायके लौट आई। कार्यवाहक थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच कराए गए मीडिएशन के असफल रहने के बाद पीड़िता की तहरीर पर पति, सास, ससुर, देवर तथा दो अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# मां-बेटे को पिकअप ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ-बलिया हाइवे पर स्थित मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर लपटा गांव के पास बुधवार की दोपहर में बाइक सवार मां-बेटे को पीछे से आर रही पिकअप ने टक्कर माकर फरार हो गया दोनों की मौके पर मौत हो गई।





हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के करौंदी निवासी अमर बहादुर (30 वर्ष) अपनी मां ममता देवी (55 वर्ष) को मोतिगरपुर में दवा दिलाने जा रहा था। दोपहर करीब 12:30 बजे जब वे शाहपुर लपटा के पास पहुंचे, तभी जौनपुर से सब्जी पहुंचाकर लौट रही एक पिकअप ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी।

## डूबे युवक का शव छह घंटे बाद मिला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ ।** मीरजापुर जिले के जिगना थाना क्षेत्र के चितौली गांव के मछहां मजरा स्थित बरबटा बंधी में बुधवार को स्नान के दौरान डूबे युवक का शव करीब छह घंटे बाद एसडीआरएफ टीम ने बरामद कर लिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया चितौली गांव निवासी 20 वर्षीय आरिफ अंसारी अपने दो दोस्तों के साथ सुबह करीब 10 बजे बरबटा बंधी में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद दोनों युवक गांव पहुंचकर शोर मचाए, जिससे मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।सूचना पर पुलिस पहुंची और एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। दोपहर करीब दो बजे पहुंची टीम ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया और लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद शाम करीब चार बजे युवक का शव बरामद कर लिया। आरिफ अंसारी अविवाहित था। वह दो बहनों और दो भाइयों में चौथे स्थान पर था।थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# न्यायालय के आदेश पर तत्कालीन थाना प्रभारी समेत 8 के खिलाफ मुकदमा दर्ज


**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के थाना एट क्षेत्र से जुड़े एक संवेदनशील प्रकरण में सीजेएम के आदेश पर थाना एट में तत्कालीन थाना प्रभारी पंकज पांडेय, तत्कालीन एसआई अभिषेक, नेता कार्तिक , दो अज्ञात पुलिसकर्मियों तथा उसके तीन अज्ञात साथियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। मामला कई महीनों तक कार्रवाई न होने के बाद न्यायालय की दखल से मुकदमे तक पहुंचा। थाना एट के प्रभारी शिव शंकर सिंह ने बुधवार को बतााया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि पीड़िता ने आरोप लगाया था कि बीते 26 फरवरी 2026 की शाम उसके साथ बाजार में कथित रूप से छेड़छाड़, अभद्रता कर जबरन कार में बैठाने का प्रयास किया गया था। विरोध करने पर आरोपी द्वारा कार से कुचलकर जान से मारने का प्रयास किया गया था। उस दौरान महिला के

**कई महीनों तक पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, न्यायालय की दखल से मुकदमे तक पहुंचा**

शोर मचाने पर आसपास के लोगों के एकत्र होने से आरोपित मौके से भाग गए। इसकी शिकायत पीड़िता थाने गयी तो तो उसने देखा कि मुख्य आरोपित को तत्कालीन थाना प्रभारी के सरकारी आवास में बैठे है। पीड़िता ने उसका वीडियो बनाने का प्रयास किया, जिस पर तत्कालीन थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक व अन्य पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट कर मोबाइल फोन छीन कर अभद्र व्यवहार किया तथा वीडियो रिकॉर्डिंग रोकने का प्रयास किया।

पीड़िता का कहना है कि उसने पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस महानिदेशक, राज्य महिला आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग समेत करीब-करीब सभी अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई होते नहीं देख तब जाकर कोर्ट की शरण ली है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 7 जुलाई 2026 को थाना एट में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत तत्कालीन एसएचओ पंकज पांडेय, तत्कालीन एसआई अभिषेक और कार्तिक समेत दो अज्ञात पुलिसकर्मियों, एक नामजद आरोपित तथा उसके तीन अज्ञात साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई।



# राष्ट्रीय लोकदल संसदीय बोर्ड की बैठक संपन्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के कमेटी हॉल में राष्ट्रीय लोकदल के संसदीय बोर्ड की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष, पूर्व सांसद केसी त्यागी ने की।बैठक के प्रारंभ में संसदीय बोर्ड के सभी सम्मानित सदस्यों का आपस में परिचय हुआ तथा राष्ट्रीय लोकदल को नई दिशा एवं नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह सहित संसदीय बोर्ड के सभी सम्मानित




सदस्यों ने सहभागिता की।बैठक में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह की किसान, मजदूर और सामाजिक न्याय आधारित विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को अधिक सशक्त बनाने, सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ने, युवाओं की भागीदारी बढाने, संगठन के विस्तार को गति देने तथा चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर एनडीए को अधिक मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

# तीसरी रेल लाइन का स्पीड ट्रायल आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यात्री सुविधा के उन्नयन एवं परिचालनिक यातायात सुगमता तथा आधारभूत ढाचें के विस्तार के दृष्टिगत गोण्डा-बुढ़वल रेलखण्ड के गोण्डा-गोण्डा कचहरी स्टेशनों स्टेशनों के मध्य नई विद्युतीकृत तीसरी रेल लाइन के कमिशनिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते कल यानी गुरूवार 9 जुलाई को पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंघल द्वारा 25 केवी एसी, सिंगल फेस, ओएचई विद्युतीकृत नई लाइन का निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल किया जायेगा। सभी क्षेत्रीय जनता एवं विशेषकर गोण्डा-गोण्डा कचहरी स्टेशनों के मध्य नई रेलवे लाइन के कमिशनिंग के दौरान समीपवर्ती इलाकों में रहने वाले निवासियों को सचेत किया जाता है कि निरीक्षण के दौरान वह रेलवे लाइन पर सतर्कता बरतें तथा अपने मवेशियों को रेलवे लाइन के आस पास खुले में न छोड़ें।

# जयप्रकाश का श्राप है दोबारा सत्ता में नहीं आयेगी सपाः राजभर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने एक बार फिर सपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए हमला बोला है। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राजभर ने लिखा है कि मैं सुबह घर से निकला तो जेपीएनआईसी (जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय सेंटर) दिखाई दिया।लोकनायक जयप्रकाश के नाम पर राजनीति करने वाले कम से कम उनके नाम पर बन रही बिल्डिंग में घोटाला नहीं करना चाहिए था। लोकनायक के नाम पर 200 करोड़ की बिल्डिंग में 860 करोड़ रुपये खर्च कराया और निर्माण भी पूरा नहीं हुआ। राजभर ने कहा कि 'लोकनायक स्वर्ग में जहां कहीं होंगे, वो सोच रहे होंगे कि क्या इसी समाजवादी की नींव डालने के लिए उन्होंने अपना जीवन आंदोलन के लिए झोंका था।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, हरिहरपुररानी-श्रावस्ती

पत्रांक 469 /पन्द्रहवा केन्द्री य वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/निविदा/2026–27    दिनांक: 06.07.2026

## निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत हरिहरपुररानी में वर्ष 2026–27 में केन्द्रीय वित (पन्द्रहवा वित्त)/पंचम राज्य वित्त आयोग के अर्न्तगत स्वीकृत निम्न परियोजनाओं पर कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से बन्द लिफाके में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें **दिनांक– 09.07.2026 से 22.07.2026. को 01 बजे तक** डाक द्वारा अथवा नियमानुसार धनराशि कार्यालय में पटल सहायक के पास जमा कर सीधे कार्यालय में प्राप्त किए जा सकते है, तदोपरान्त **दिनांक 23.07.2026 को अपरान्ह 03 बजे** से खण्ड विकास अधिकारी की उपस्थिति में (टेण्डर समिति अवर अभियन्ता ग्रा0अभि0वि0 एवं लेखाकार ) द्वारा खोली जायेगी, जिसमें निविदादाताओं, नामित सदस्यों को उपस्थित रहना अनिवार्य है। दिये गये तिथि एवं समय के पश्चात निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

| क्र.स. | परियोजना का नाम | कार्य का स्थल | कार्य की माप | अनुमानित लागत लाख रू0 में | धरोहर की धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | वित्त आयोग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राज्य वित्त (नव निर्माण) | | | | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत अमवा के गांव अमवा में मंगली के खेत से अली रजा के खेत तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | अमवा में | 490.00 मी0 | **9.04** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 2 | ग्राम पंचायत पटना खरगौरा के गांव रमनगरा में खुर्शेद नाला पी0डब्लू0डी0 रोड से नमनगरा गांव तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | रमनगरा में | 380.00 मी0 | **6.17** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 3 | ग्राम पंचायत चहलवा कोड़री में राजितराम के खेत से अरविन्द कुमार के खेत तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | चहलवा कोडरी में | 485.00 मी0 | **9.71** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 4 | ग्राम पंचायत चहलवा मदरहवा के गांव गड़रपुरवा में पी0डब्लू0डी0 रोड से राजा भिनगा के फार्म तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | गड़रपुरवा में | 480.00 मी0 | **9.68** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 5 | ग्राम पंचायत अकबरपुर में जूनियर स्कूल से पी0डब्लू0डी0 रोड से होते हुये पानी टंकी तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | अकबरपुर में | 480.00 मी0 | **8.83** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 6 | ग्राम पंचायत परशुरामपुर के गांव पसियन पुरवा में मालिकराम के घर से बृज मोहन के घर तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | पसियन पुरवा में | 350.00 मी0 | **7.00** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 7 | ग्राम पंचायत भंगहा में शमशान घाट जाने वाले रास्ते पर पुलिया निर्माण कार्य | भंगहा में | 01 अदद | **7.98** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 8 | ग्राम पंचायत सेमरी के गांव सेमरी में महन्त सत्यराम पब्लिक स्कूल से विजय बहादुर के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य | सेमरी में | 100.00 मी0 | **5.89** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| | | | योग | 64.30 | | | |
| | राज्य वित्त आयोग (मरम्मत) | | | | | | |
| 9 | ग्राम पंचायत अमवा के गांव परावन पी0डब्लू0डी0 रोड से गोड़धोई पी0डब्लू0डी0 रोड तक खड़ण्जा मरम्मत कार्य | परावन में | 965.00 मी0 | **9.80** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 10 | ग्राम पंचायत अकबरपुर के गांव पचपकड़ी में नदी पुल से नऊवा पुरवा तक खड़ण्जा मरम्मत कार्य | पचपकड़ी में | 330.00 मी0 | **3.25** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 11 | ग्राम पंचायत अमवा के गांव रंजीतपुर में पी0डब्लू0डी0 रोड से बीरेन्दर पाठक के घर खड़ण्जा मरम्मत कार्य | रंजीतपुर में | 625.00 मी0 | **5.93** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| 12 | ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर इटवरिया के गांव भभरापुर में पी0डब्ल0डी0 रोड से चिन्ता महराज के खेत तक खड़ण्जा मरम्मत कार्य | भभरापुर म | 800.00 मी0 | **7.57** | 02 प्रतिशत | 3 माह | राज्य वित्त आयोग |
| | | | योग | 26.55 | | | |
| | 15वाँ केन्द्रीय वित्त (टाइड) | | | | | | |
| 13 | ग्राम पंचायत पटना खरगौरा में जनता इण्टर कालेज पटना खरगौरा में आर0ओ0 वाटर कूलर का स्थापना कार्य | खरगौरा में | 01 अदद | **3.08** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 14 | ग्राम पंचायत सेमरी चकपिहानी के गांव सेमरी में ब्रहमदत्त इण्टर कालेज में आर0ओ0 वाटर कूलर का स्थापना कार्य | सेमरी में | 01 अदद | **3.08** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 15 | ग्राम पंचायत सेमरी चकपिहानी के गांव चकपिहानी में राधेश्याम के घर से दक्षिण नाला तक नाली निर्माण कार्य | चकपिहानी में | 300 मी0 | **5.98** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 16 | ग्राम पंचायत सेमरी चकपिहानी के गांव बालानगर में चन्द्रिका वर्मा के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | बालानगर में | 200 मी0 | **4.08** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| | | | योग | 16.22 | | | |
| | 15वाँ केन्द्रीय वित्त (अनटाइड) | | | | | | |
| 17 | ग्राम पंचायत अशरफ नगर के सुल्तानजोत में काशीराम विद्यालय के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | सुल्तानजोत | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 18 | ग्राम पंचायत अकबरपुर के गांव सेमरा में रामदेव त्रिपाठी के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | सेमरा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 19 | ग्राम पंचायत सेमरी चकपिहानी के गांव काशीजोत में गीता शुक्ला के घर के पास शिव मन्दिर पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | काशीजोत में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 20 | ग्राम पंचायत सेमरी चकपिहानी के गांव सकटूपुर में बाबू राम उपाध्याय के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | सकटपुर | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 21 | ग्राम पंचायत चहलवा मदरहवा के गांव गड़रपुरवा में फार्म चौराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | गड़रपुरवा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 22 | ग्राम पंचायत खजुहा झुनझुनिया के गांव रजगढ़वा में बड़े बाबा कुटी पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | रजगढ़वा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 23 | ग्राम पंचायत उमायल खुर्द में विजय कुमार तिवारी के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | उमायल खुर्द में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 24 | ग्राम पंचायत पूरे अभारी के गांव मुनीमपुर चौराहे पर अक्लेश पाठक के मन्दिर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | मुनीमपुर में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 25 | ग्राम पंचायत किशुनपुर चोरवाभारी के गांव मुर्तिहा में रामदेव ओझा के घर के पास शिव मन्दिर पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | मुर्तिहा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 26 | ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर कोठी के जगपति मन्दिर पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | जगपति मन्दिर पर | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 27 | ग्राम पंचायत तुरषमा में गांव के चौराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | तुरषमा | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 28 | ग्राम पंचायत भंगही में सुभाष यादव के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | भंगही में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 29 | ग्राम पंचायत हरिहरपुररानी के गांव गददी पुरवा में राजेन्द्र बी0डी0सी0 के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | गददी पुरवा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 30 | ग्राम पंचायत अमवा के गांव बसन्तपुर में आशाराम बी0डी0सी0 के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | बसन्तापुर में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 31 | ग्राम पंचायत रेवलिया में राम नरायन पाल बी0डी0सी0 के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | रेवलिया में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 32 | ग्राम पंचायत नौबस्ता में वृजराज बी0डी0सी0 के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | नौबस्ता में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 33 | ग्राम पंचायत अमवा के गांव सुजानडीह में सालिक राम पाण्डेय के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | सुजानडीह में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 34 | ग्राम पंचायत पटना खरगौरा के खरगौरा में ओमकार यादव के घर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | खरगौरा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 35 | ग्राम पंचायत भंगहा के गांव पाटन पुरवा में चौराहे पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | पाटन पुरवा में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 36 | ग्राम पंचायत असनहरिया के गांव धोड़दौरिया में दुर्गा मन्दिर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | धोड़दौरिया में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 37 | ग्राम पंचायत शाहपुर कलां के गांव ऊचें शाहपुर में काली मन्दिर पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | ऊचें शाहपुर में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 38 | ग्राम पंचायत अमवा के गांव सुजानडीह में छत्रधारी बाबा के स्थान पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | सुजानडीह में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| 39 | ग्राम पंचायत शाहपुर कलां के गांव खाले शाहपुर में जसवन्त वर्मा के घर के पास मन्दिर पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना कार्य | खाले शाहपुर में | 01 अदद | **0.76** | 02 प्रतिशत | 3 माह | 15वाँ केन्द्रीय वित्त आयोग |
| | योग | | | 17.48 | | | |
| | महायोग – | | | 124.55 | | | |

**नियम एवं शर्तें :–**

1. निविदा में परियोजना लागत की 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि नगद/बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करना होगा।
2. निविदा अस्वीकृत होने की दशा में जमानत की धनराशि तीन दिवस में वापस प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर स्वीकृत कार्य स्थल पर मानक के अनुसार अवर अभियन्ता ग्रा0 अभि0वि0 की तकनीकी देख–रेख में कार्य कराया जायेगा, तत्पश्चात भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
4. किसी भी दशा किसी भी परियोजना पर अग्रिम भुगतान नही किया जायेगा।
5. कार्य मानक/गुणवत्ता के अनुसार ही कराया जायेगा, कार्य मानक के अनुरूप न होने पर जमानत जप्त कराने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
6. निविदा में दी गयी दरें आगामी 06 माह तक प्रभावी होगीं।
7. किसी भी विवाद की दशा में अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अन्तिम/ सर्वमान्य होगा।
8. निविदा प्रपत्र दिनांक 09.07.2026 से कार्यालय द्वारा किसी भी कार्य दिवस में 500 रू0 प्रति निविदा प्रपत्र मूल्य एवं 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 की धनराशि जमा कर क्रय किये जा सकेंगें।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**हरिहरपुररानी, श्रावस्ती**

# ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियों के असली हीरो का ही उत्पीड़न जारी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र की नौ वर्षों की उपलब्धियां , प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में पिछले वर्षों के दौरान हुई। बिजली उत्पादन, पारेषण एवं वितरण व्यवस्था का विस्तार, नए उपकेंद्रों का निर्माण, ट्रांसफार्मरों की स्थापना, विद्युत लाइनों का विस्तार, रिकॉर्ड उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन, विद्युत आपूर्ति में सुधार, लाइन हानियों में कमी, उपभोक्ता सेवाओं का डिजिटलीकरण तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण जैसी सभी उपलब्धियों के पीछे प्रदेश के लाखों बिजली कर्मचारियों,संविदा कर्मियों एवं बिजली इंजीनियरों का परिश्रम, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी, बारिश, आंधी-तूफान तथा विषम परिस्थितियों में भी बिजली कर्मचारी और इंजीनियर दिन-रात कार्य कर प्रदेशवासियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। इनकी मेहनत और प्रतिबद्धता के कारण ही उत्तर प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। बावजूद इसके एक ओर सरकार ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियों का प्रचार कर रही है, वहीं दूसरी ओर उन्हीं उपलब्धियों के वास्तविक हीरो बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों का पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन द्वारा लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है।संघर्ष समिति ने कहा कि 19 मार्च, 2023 को ऊर्जा मंत्री द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि मार्च 2023 के आंदोलन के दौरान बिजली कर्मचारियों एवं इंजीनियरों के विरुद्ध की गई उत्पीड़नात्मक कार्रवाईयां वापस ली जाएं। लेकिनु आज तक उन निर्देशों का पालन नहीं किया गया है। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं इंजीनियरों के पदोन्नति (प्रमोशन), सेवा संबंधी लाभ, वेतन संबंधी देयकों तथा सेवानिवृत्ति लाभों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और अनेक प्रकरण वर्षों से लंबित पड़े हैं।समिति ने यह भी कहा कि प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के साथ किए गए विभिन्न समझौतों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। एक ओर कर्मचारियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन और बेहतर विद्युत व्यवस्था की अपेक्षा की जाती है, वहीं दूसरी ओर उनका मनोबल गिराने वाली उत्पीड़नात्मक कार्रवाईयां जारी हैं। यह स्थिति न केवल कर्मचारियों के हितों के विरुद्ध है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र के दीर्घकालीन विकास के लिए भी उचित नहीं है।विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि वे इस विषय में प्रभावी हस्तक्षेप करें और पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन को निर्देशित करें कि 19 मार्च, 2023 के ऊर्जा मंत्री के निर्देशों का तत्काल पालन कराया जाए।

# रेलवे को-ऑपरेटिव बैंक में व्याप्त फर्जीवाड़ा के खिलाफ आईआरइएफ ने छेड़ा अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री एवं नार्थ सेण्ट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के जोनल महामंत्री कामरेड मनोज पाण्डेय ने संगठन द्वारा रेलवे को-ऑपरेटिव बैंक के खिलाफ चलाये जा रहे 'पोल खोल हल्ला बोल' अभियान के दौरान नॉर्दर्न रेलवे मल्टी स्टेट प्राइमरी को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड लखनऊ की सभी शाखाओं (आलमबाग, मुख्यालय ,प्रयागराज , मुरादाबाद ,वाराणसी एवं कानपुर ) में व्याप्त फर्जीवाड़े एवं भ्रष्टाचार पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक के प्रबंधन द्वारा मल्टी स्टेट को -ऑपरेटिव एक्ट 2002 की धाराओं एवं पंजीकृत बायलॉज के नियमों को दर किनार कर मनमाने ढंग से लोनिंग, लोनिंग का इंश्योरेन्स , लोन सीमा का उलंघन कर लाखों रूपये रेल कर्मचारियों से रिश्वत लेकर लोन बनाये जा रहे है तथा प्रबंध निदेशक ने बैंक की सभी शाखाओ में एक विशेष कर्मचारी को रिश्वत वसूली के लिए नामित कर रखा हैकामरेड मनोज पाण्डेय ने गंभीर आरोप लगते हुए कहा कि वर्ष 2023 में बैंक के प्रबंधक निदेशक विजय कुमार की उम्र 60 वर्ष पूरा हो जाने पर रिटायरमेंट होना निश्चित था, लेकिन विजय कुमार द्वारा निर्धारित गजट नोटिफिकेशन का हवाला देकर स्वतः 10 वर्षो के लिए अपना सेवा विस्तार कर लिया गया जो न तो प्रबंध समिति द्वारा अनुमोदित कराया गया और न ही 2023, 2024, 2025 में हुए वार्षिक आम सभा में ही अनुमोदित कराया गया। इसके चलते विजय कुमार द्वारा किया गया यह कृत गहन जाँच का विषय है। का. मनोज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रबन्ध समिति के संचालक (डायरेक्टर) या पदाधिकारी के रूप में एक्ट के अनुरूप दो कार्यअवधि 10 वर्ष से ज्यादा नहीं किया जा सकता है किन्तु एक्ट के विपरीत सुनील कुमार सिंह संचालक मुरादाबाद मण्डल को तीसरी बार अर्थात 14 वर्षो से संचालक के पद पर रखा गया है तथा बगैर किसी चुनाव के उन्हें उप सभापति भी नामित कर दिया गया है।प्रबंध निदेशक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कर्मचारी नेता कामरेड मनोज ने बताया कि को-ऑपरेटिव बैंक से अनाधिकृत रूप से दसकों से करोड़ो रूपये अर्जित करने वाले प्रबंध निदेशक द्वारा को-ऑपरेटिव बैंक के नियमों की धज्जिया उड़ाते हुए तमाम अनिमियतताओ को कार्यान्वित कर पूरे प्रबंध समिति को भ्रमित करके पब्लिक मनी का खुलेआम सौदा किया जा रहा है जैसे पुब्लिक द्वारा सावधि जमा या बचत खाते के पैसों से जो रेल कर्मचारियों को लोन दिया जा रहा है उनमे नियमो की पूरी तरह से अवहेलना कर दलालो एवं बैंक कुछ कर्मचारियों के माध्यम से प्रति लोन एक लाख से चार लाख वसूले जा रहे है।लोन सुरक्षा बीमा के नाम पर कर्मचारियों से स्वीकृत लोन का 2 प्रतिशत बैंक द्वारा वसूला जाता है और उस रकम से कोई बीमा नहीं कराया जाता है बल्कि उस पैसे का भी बंदर बाट किया जाता है। को-ऑपरेटिव बैंक की अनियमितताओं के खिलाफ पहले भी लड़ाई लड़ कर आईआरइएफ एवं वर्कर्स यूनियन ने बैंक के 22 डेलीगेट,4 संचालक और 1 उप सभापति को अयोग्य घोषित कराया था।बैंक में हो रहे फर्जीवाड़े के खिलाफ संगठन ने बार बार आवाज उठाया लेकिन बैंक प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं किया बल्कि फर्जीवाड़ा और जोर शोर से होने लगा इसलिए दोनों संगठनों ने संयुक्त रूप से पोल खोल हल्ला बोल आन्दोलन की शुरुआत फर्जीवाड़ा को उजागर कर किया है। उक्त संबन्ध में इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन ने केन्द्रीय निबंधक सहकारिता नई दिल्ली, उप महाप्रबंधक (आर ) रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया, एवं अन्य संबन्धित जांच एजेन्सियों को न्यायोचित कार्यवाही के लिए पत्र लिख कर तत्काल कार्यवाही की मांग किया है।

# यात्रियों के लिए छह एलईडी स्क्रींस स्थापित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा यात्रियों तथा क्षेत्रवासियों को त्वरित और सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लखनऊ जंक्शन स्टेशन, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय एवं ऑफिसर्स कॉलोनी, बंदरिया बाग में कुल 6 अत्याधुनिक एलईडी टीवी स्क्रींस स्थापित की गई हैं। इन स्क्रींस पर विज्ञापनों के साथ-साथ यात्रियों एवं नागरिकों को मण्डल में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी, यात्री सुविधाओं के क्रम में किए जा रहे नवीन कार्यों एवं परियोजनाओं का प्रसारण, जनजागरूकता संदेश, स्वच्छता, सुरक्षा एवं रेलवे नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां लगातार प्रदर्शित की जा रही हैं।मण्डल रेल प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को पारदर्शी तरीके से मंडल में हो रहे विकास कार्यों एवं रेल सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करना है जिससे वह अपनी यात्रा को और अधिक सुगम बना सकें।

# शिक्षकों को 25 लाख रूपए तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (शिक्षक प्रकोष्ठ) उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे नाकाफी बताया है। उन्होंने कहा कि गंभीर एवं जटिल बीमारियों के मौजूदा इलाज खर्च को देखते हुए 5 लाख रूपए की तय सीमा ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। सरकार को इसे तुरंत बढ़ाकर कम से कम 25 लाख रूपए करना चाहिए।बुधवार को जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कैंसर, किडनी व लीवर प्रत्यारोपण और हार्ट सर्जरी जैसी गंभीर बीमारियों में 5 लाख रूपए की रकम बेहद मामूली है। इलाज के भारी-भरकम खर्च के कारण आज भी राष्ट्र निर्माता कहे जाने वाले शिक्षकों को अपनी जमा-पूंजी, जेवर और जमीन तक बेचनी पड़ रही है। यह बेहद पीड़ादायक और सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है ।महेंद्र सिंह ने योगी सरकार को घेरते हुए कहा कि इस आधी-अधूरी योजना से प्रदेश के शिक्षकों में भारी असंतोष है। जो शिक्षक अपना पूरा जीवन राष्ट्र निर्माण और बच्चों का भविष्य संवारने में लगा देता है, बीमारी के वक्त सरकार उसे बेसहारा छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि धन के अभाव में किसी शिक्षक या उसके आश्रित का इलाज रुकना, सीधे तौर पर सरकार की नैतिक विफलता है। उनकी प्रमुख मांगें हैं कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना की सीमा 5 लाख से बढ़ाकर न्यूनतम 25 लाख की जाए। इसी तरह कैंसर, किडनी/लीवर ट्रांसप्लांट जैसी जानलेवा बीमारियों के लिए पर्याप्त विशेष फंड और चिकित्सा प्रावधान हों। इसके अलावा प्रदेश के सभी सूचीबद्ध अस्पतालों में शिक्षकों और उनके परिवारों को बिना किसी कागजी लेटलतीफी के तुरंत इलाज मिले। यही नहीं महंगाई दर और चिकित्सा खर्च के हिसाब से योजना के बजट की समय-समय पर समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा है कि यदि सरकार ने शिक्षकों की इन न्यायोचित मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो आम आदमी पार्टी शिक्षकों के सम्मान, सुरक्षा और स्वास्थ्य के अधिकार के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में एक बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी।

# गोरखपुर जंक्शन स्टेशन पर सुरक्षा एवं हरियाली को बढ़ावा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर एवं अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में लखनऊ मण्डल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ-सुंदर बनाने के उद्देश्य से गोरखपुर जंक्शन स्टेशन के गेट सं. 1 एवं 2 के मध्य नई फैंसिंग का कार्य किया गया है।स्टेशन निदेशक, गोरखपुर रतनदीप गुप्ता के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उक्त क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए हैं। जोकि स्टेशन को हरित एवं प्रदूषण मुक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। इसके साथ ही नई फैंसिंग से स्टेशन परिसर में अनाधिकृत प्रवेश पर नियंत्रण होगा तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि लखनऊ मण्डल यात्री सुविधाओं के साथ-साथ स्टेशनों के सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# भाजपा ने पूरी तरह खो दी विश्वसनीयता : अखिलेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या के मंदिर से 'चढ़ावा, चंदा, दान चोरी' का समाचार समस्त विश्व में फैल चुका है। दुनिया के विभिन्न देशों में रहने वाला सनातनी भाजपा और उनके संगी-साथियों के कृत्यों से हो रही बदनामी की वजह से शर्मसार हैं। इसलिए आहत भी है कि उन्होंने भी मंदिर में दान-चंदा भिजवाया था या स्वयं आकर चढ़ाया था। इस प्रकरण से सम्पूर्ण विश्व में सनातन समाज आक्रोशित है, क्योंकि धर्म के साथ देश को भी भाजपाई अधर्मियों के कारण अपयश का शिकार होना पड़ रहा है।अखिलेश यादव ने कहा कि दुनिया भर के निवेशक भी अब अपना हाथ खींच रहे हैं। क्योंकि उन्हें लग रहा है कि ऐसी सरकार का क्या भरोसा जिसने अपने भगवान के दानपात्र तक को नहीं छोड़ा, वो कल को हमारे निवेश को क्या छोड़ेगी। भाजपा सरकार ने अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक विश्वसनीयता पूरी तरह खो दी है।


## कार्यालय जिला पंचायत शाहजहांपुर

पृ0सं0-सी-559/जि0पं0-सावन मेला/2026-27 दिनांक- 7/7/26

### अति अल्पकालिक निविदा सूचना

जिला पंचायत के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि सावन मास में कावरियों/श्रद्धालुओं के लिए श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि ढाईघाट गंगा जी के तट पर सावन मेला वर्ष 2026-27 का आयोजन दिनांक 30/07/2026 से दिनांक 28/08/2026 तक किया जायेगा। सावन मास में कावरियों/श्रद्धालुओं की विभिन्न व्यवस्थाओ हेतु जिला निधि के अंतर्गत निविदाये दिनांक 23/07/2026 को दोपहर 2.00 बजे निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन को सायं 4 बजे कार्यालय जिला पंचायत शाहजहांपुर में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। उपरोक्तानुसार पंजीकृत इच्छुक ठेकेदार (जिनका पंजीकरण श्रम कार्यालय शाहजहांपुर में है) दिनांक 23/07/2026 को समय दोपहर 12 बजे तक निर्धारित निविदा शुल्क जमाकर टेंडर फार्म क्रय कर सकते है। इच्छुक ठेकेदार को कार्य के सम्मुख अंकित दो प्रतिशत धरोहर धनराशि (एन एस सी/टीडीआर/एफडीआर) निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत शाहजहांपुर के नाम बंधक होगी। निविदाये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष जिला पंचायत शाहजहांपुर को होगा। अन्य शर्तें कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम (मेला स्थल पर) | अनु0 लागत | धरोहर धनराशि | निविदा फार्म शुल्क | कार्य पूर्णाविधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि ढाईघाट गंगा जी के तट पर सावन मास में कावरियों के आवागमन हेतु कच्चे मार्ग निर्माण, बैरीकेटिंग, पेयजल, लाइट, स्टीमर वोट, रैन बसेरा, गोताखोर, टेंट, कुर्सी आदि की व्यस्वस्था । | 330000 | 6600 | 710 | एक सप्ताह |

अभियंता — अपर मुख्य अधिकारी

जिला पंचायत शाहजहांपुर



## कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद (सीतापुर)

पत्रांक–390/न0पा0प0 खैराबाद दिनांक 29.06.2026

### अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

नगर पालिका परिषद खैराबाद द्वारा निम्नलिखित सामग्री हेतु रजिस्टर्ड फर्मों/ठेकेदारों से मोहर बंद निविदायें पालिका में रखे टेण्टर बाक्स में **दिनांक 10.07.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक** आमंत्रित किये जाते है। जो उसी दिन फर्मदाताओं के **समक्ष 04:00 बजे** सायं सक्षम अधिकारी के द्वारा खोले जायेंगे। टेण्डर फार्म **दिनांक 09.07.2026** को पालिका में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। सशर्त एवं निर्धारित समय उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर विचार करना सम्भव न होगा। निविदा के साथ निर्धारित जमानत राशि नकद के रूप में पालिका में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा के स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम नगर पालिका परिषद खैराबाद में निहित है। विस्तृत विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अन्य शर्तें कार्यालय दिवस में सम्बन्धित पटल पर देखी जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जमानत धनराशि | एक कुन्टल का मूल्य | निविदा मूल्य | आपूर्ति का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. भूसा<br>2. हराचारा<br>3. दाना/चोकर | 20000.00 | | 500 | नियम एवं शर्त के अनुसार |

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद खैराबाद, सीतापुर — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद खैराबाद, सीतापुर



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मिश्रिख - सीतापुर

पत्रांक 816/यूकेलिप्ट्स नीलामी पत्रा0/2026–27/ दिनांक: 30–06–2026

### नीलामी सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो ठेकेदारो, बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि जिला विकास अधिकारी महोदय, सीतापुर के पत्र संख्या 613/लेखा–बजट/2026–27/दिनॉक 29–06–2026 के क्रम में विकास खण्ड परिसर में स्थित यूकेलिप्टस के (51) पेड़ो की नीलामी हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है, तत्क्रम में वि0ख0–परिसर में खड़े (51) पेड़ों की नीलामी हेतु खुली बोली **दिनांक 13–07–2026 को समय 11:30 AM बजे से 12:30 PM बजे दिन** में विकास खण्ड के सभा कक्ष में नियत की गई है। बोली दाताओं को टोकन नं0 10:30 AM से 11:00 AM तक ही वितरण किया जायेगा। इच्छुक बोलीदाता उपरोक्त नियत तिथि को समय पर नीलामी में अधोहस्ताक्षरी के निर्देशानुसार प्रतिभाग कर सकते है।

**नीलामी की शर्तें निम्नवत् है :–**

1– नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति का नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व बतौर जमानत धनराशि मु0 76,600–00 रू0 जमानत राशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी मिश्रिखके पदनाम से जमा करना होगा। साथ ही आधार, जी0एस0टी0 एवं वन विभाग में पंजीकृत प्रपत्र की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति देना अनिवार्य है।

2– नीलामी प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सीतापुर के पत्र सं0 8149/22–1 दिनांक 20–06–2026 द्वारा की गयी मूल्यांकन धनराशि से ऊपर ही प्रारम्भ होगी। एवं पत्र में दिये गये निर्देशों का अक्षरः पालन करना अनिवार्य होगा।

3– सर्वाधिक बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली के दिन सर्वोच्च बोली का 1/4 धनराशि जमा करनी होगी, अन्यथा जमानत के रूप में जमा की गयी धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

4– शेष 3/4 धनराशि एक सप्ताह के अन्दर अवश्य जमा करना होगा तभी पातन/कटाई की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। अन्यथा पूर्व में जमा 1/4 धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में जप्त समझी जायेगी।

5– सम्पूर्ण धनराशि जमा करने के बाद ही नीलामी को स्वीकृत किये जाने हेतु विचार किया जायेगा।

6– वृक्षों के पातन (कटाई) सम्बन्धी अनुमति सम्बन्धित को वन विभाग से स्वंय प्राप्त करनी होगी।

7– बोली स्वीकृति उपरान्त 100रू का स्टाम्प खण्ड विकास अधिकारी मिश्रिखके पक्ष में प्रस्तुत करना होगा।

8– बोली स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

9– समस्त बोलीदाता, बोली में प्रतिभाग करने से पूर्व वृक्षों का अवलोकन अवश्य कर लें।

10–वृक्षों के पातन के समय यदि विकास खण्ड की बाउन्ड्रीवाल/शासकीय भवन अथवा अन्य किसी भी प्रकार की क्षति होती हो तो सम्बन्धित को अपेक्षित मरम्मत कराना अनिवार्य होगा।

11–किसी भी वाद–विवाद की स्थिति में खण्ड विकास अधिकारी–मिश्रिख का अन्तिम रूप से निर्णय मान्य एवं स्वीकार होगा।

(राम सुमिरन)
खण्ड विकास अधिकारी
मिश्रिख–सीतापुर।



## कार्यालय उपजिलाधिकारी टाण्डा, अम्बेडकरनगर

पत्रांक 2282/1/रा0नि0का0/म0पा0आ0/प्रकाशन/2026 दिनांक– 02 जुलाई 2026

### मत्स्य पालन नीलामी सूचना तहसील–टाण्डा, जनपद–अम्बेडकरनगर

[illegible]

1.नीलामी का स्थान –तहसील सभागार टाण्डा

2.नीलामी की तिथि व समय –क्रमांक 01 से 29 तक 22.07.2026 व क्रमांक 30 से अन्त तक 23.07.2026 को नीलामी से अवशेष तालाबों की नीलामी दिनांक 24.07.2026 को 11.00 बजे पूर्वाह्न

| क्र0 | तालाब ग्राम का नाम जहां तालाब स्थित है। | गाटा संख्या | क्षेत्रफल | क्र0 | तालाब ग्राम का नाम जहां तालाब स्थित है। | गाटा संख्या | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | विकास खण्ड टाण्डा | | | 30 | गुवांव | 67 | 0.364 |
| 1 | शाहपुर कुर्मौल | 900म | 0.502 | 31 | गुवांव | 443 | 0.747 |
| 2 | सिरसंजपुर | 2099म | 0.395 | 32 | गुवांव | 966क | 0.569 |
| 3 | धादपुर | 87 | 0.645 | 33 | कलेसर | 441कमि | 3.500 |
| 4 | धादपुर | 57 | 0.749 | 34 | कलेसर | 278 | 0.395 |
| 5 | जुड़ावनपुर | 11 | 0.312 | 35 | बसहा | 348पमि | 0.255 |
| 6 | चांदि पट्टी | 283 | 0.300 | 36 | बुढ़नपुर | 118 | 1.673 |
| 7 | नरायनपुर | 184 | 0.684 | 37 | बुढ़नपुर | 123 | 0.728 |
| 8 | नसरूल्लाहपुर | 2399 | 0.797 | 38 | पिपरी मोहम्मदी | 446क | 1.684 |
| 9 | नसरूल्लाहपुर | 469 | 0.376 | 39 | आलीपुर | 309मि | 0.444 |
| 10 | नसरूल्लाहपुर | 790 | 0.266 | 40 | पदनपुर | 52 | 0.806 |
| 11 | नैपुरा | 404 | 0.585 | 41 | लालपुर | 184 | 0.209 |
| 12 | नैपुरा | 378 | 0.822 | 42 | इब्राहिमपुर [illegible] | 543 | 0.312 |
| 13 | फतेहपुर | 177म | 0.670 | 43 | इब्राहिमपुर [illegible] | 635 | 0.417 |
| 14 | ऐंमा | 650 | 0.443 | 44 | मन्नूपुर | 135 | 0.775 |
| 15 | ऐंमा | 468 | 1.217 | 45 | मुबारकपुर | 244 | 0.645 |
| 16 | दलेलपुर | 1 | 0.291 | | विकास खण्ड बसखारी | | |
| 17 | असाली तेन्दुआ | 27 | 0.731 | 46 | सुलेमपुर परसावां | 620 | 0.471 |
| 18 | देईपुर | 266 | 0.541 | 47 | गोकुलपुर | 403मि | 0.264 |
| 19 | मखदूमसुलतपुर | 115 | 0.332 | 48 | बेलापरसा | 312क | 0.284 |
| 20 | दरवेशपुर | 139/1 | 0.253 | 49 | बेलापरसा | 862ग | 2.976 |
| 21 | दरवेशपुर | 139/2 | 0.246 | 50 | बेलापरसा | 501क | 0.652 |
| 22 | आलमपुर [illegible] | 32 | 1.676 | 51 | बेलापरसा | 501कमि | 0.775 |
| 23 | डाढी | 221 | 0.917 | 52 | सेखपुर | 983 | 0.211 |
| 24 | डाढी | 228 | 0.379 | 53 | मुबारकपुर | 52 | 1.288 |
| 25 | खुरखुरी | 2079म | 0.291 | 54 | महमदपुर कपुरी | 154 | 0.468 |
| 26 | महमूदपुर सेमरा | 280 | 0.847 | 55 | बरसैंया | 382पमि | 4.482 |
| 27 | महमूदपुर सेमरा | 328 | 1.834 | 56 | बरसैंया | 435 | 2.376 |
| 28 | मुस्तफाबाद | 165 | 0.304 | 57 | बरसैंया | 1459 | 6.347 |
| 29 | मुस्तफाबाद | 179 | 0.224 | 58 | बरसैंया | 1969मि | 5.522 |

नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता एवं शर्तें–

[illegible]

उ0प्र0 253457 दिनांक- 07.07.2026
Website: www.upgov.nic.in

उप जिलाधिकारी
टाण्डा–अम्बेडकरनगर

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नापाक हथकंडे

आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की जहां पूरी दुनिया में थू-थू हो रही है और भारत से भी वह ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से माकूल जवाब पा चुका है, वहीं आपराधिक, अनैतिक और आतंकी कार्रवाइयों के लिए भारत में अपना नेटवर्क मजबूत करने और यहां अराजकता फैलाने की मुहिम को ताकत देने में वह लगातार व्यस्त है। उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने एक बार फिर भारतीय, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान जैसी जगहों के युवकों का ब्रेनवॉश कर उन्हें इस्तेमाल करने का अभियान चला रखा है। इनको वह सभी तरह की सहूलियतें और साज-सामान तो मुहैया करा ही रहा है, अब इन्हें उत्तेजित करने के लिए हथियार और नशीले पदार्थों की खेपें भी भेजी जा रही हैं। इसके लिए रियल-टाइम वीडियो फीड भेजने की क्षमता से युक्त अत्याधुनिक ड्रोन इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इससे इनके तस्कर भारतीय सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखने में मदद हासिल करते हैं। इन ड्रोन की दिशा और ऊंचाई को इस तरह नियंत्रित किया जाता है कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाए। ये ड्रोन सैटेलाइट तकनीक से लैस हैं जिससे वे भारतीय सीमा में काफी अंदर तक घुस सकते हैं और उन्हें रोक पाना भी कठिन हो जाता है। यह तकनीक आम तस्करों के पास उपलब्ध नहीं होती। एक रिपोर्ट के अनुसार, सैटेलाइट-सक्षम ड्रोन का इस्तेमाल इस बात का संकेत है कि पाक का सरकारी तंत्र या सुरक्षा प्रतिष्ठान तस्करों को तकनीकी मदद मुहैया करा रहा है। मकसद एक ही है कि भारत में अधिकतम सीमा तक हथियारों और नशे के कारोबार को फैलाकर यहां के ज्यादा से ज्यादा नौजवानों को खोखला किया जाए तथा उपद्रव-अशांति फैलाने के लिए उन्हें इस्तेमाल किया जाए। आगे चलकर इनको ही आंतकवाद की मुख्य धारा में शामिल कर लिया जाएगा। पाक के इस नापाक इरादों की गूंज उस अमेरिका तक में भी है जो ऐन मौके पर उसकी पीठ पर हाथ रखता है। वहां के एक सांसद ने तो एक इंटरव्यू में अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन को पनाह देने में पाकिस्तान की भूमिका का भी जिक्र किया है। उनका कहना है कि यह नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान ने लादेन को करीब एक दशक तक छिपा कर रखा था। यानी कारनामे पूरी दुनिया में उजागर हैं लेकिन टेढ़ी दुम टेढ़ी ही बनी हुई है। भारत तो इन जलील हरकतों का सामना कर ही रहा है और इनका पुरजोर जवाब भी दे रहा है लेकिन दुनिया के अन्य देशों को भी इस बेशर्मी की असलियत को पहचान कर उसी के मुताबिक पाक के साथ व्यवहार करना चाहिए। भूलना नहीं चाहिए कि पाकिस्तान आतंकवाद का निर्यातक भी है। आज नहीं तो कल बाकी देश भी इसके निशाने पर आएंगे।

## बीमारियों के दिन

मौसम में बदलाव होता है तो इसमें तमाम अनिश्चितताएं पैदा हो जाती हैं। जैसे कभी बारिश, कभी तेज धूप, कभी जबरदस्त उमस लोगों को बेहाल किए रहती है। यहां तक तो ठीक है। किसी न किसी ढंग से ये बदलाव सहन कर लिए जाते हैं। लेकिन दिक्कत तब बढ़ जाती है जब जब इसके लगातार बदलते तेवर सीधे स्वास्थ्य को निशाना बनाने लगते हैं। चूंकि इस बार भीषण गर्मी है, बारिश अभी भी अनिश्चित है तो ज्यादा नमी के कारण उमस कहर बन कर आई है। नतीजा यह है कि वायरल बुखार के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं और बच्चों में डायरिया-उल्टी-दस्त की समस्या भी बढ़ी है। वायरल बुखार इस मामले में खतरनाक होता है कि इसे सामान्य बुखार समझकर लोग आमतौर पर नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि बदलते मौसम में वायरल को लेकर कोई ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए। दूसरी बात यह कि वायरल बुखार संक्रमण से भी होता है। तब जरूरी यह है कि बुखार या संक्रमण के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह ली जाए। इस बुखार को लेकर बच्चों और बुजुर्गों का ज्यादा ही ध्यान रखना जरूरी है। मौसम में बदलाव के फलस्वरूप जहां वायरल का खतरा बढ़ा है, वहीं त्वचा रोग तथा पेट को लेकर भी समस्याएं बढ़ी हैं। चिकित्सकों की सलाह है कि ऐसी अनिश्चितता के समय साफ-सफाई, पर्याप्त पानी पीने, सादा-संतुलित भोजन लेने और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सावधानी बरती जाए तो जोखिम भरी बीमारियों से काफी कुछ बचाव हो सकता है। यह इसलिए भी जरूरी है कि आजकल तेज बुखार, शरीर और जोड़ों में दर्द, गले में खराश, सिरदर्द, खांसी, मांसपेशियों में दर्द और त्वचा पर हल्के धब्बे जैसी समस्याएं आती हैं लेकिन सामान्य दिनों के मुकाबले इस समय ये ज्यादा खतरनाक होती हैं। बेहतर यह है कि इनसे जुड़ी छोटी से छोटी दिक्कत होने पर भी डॉक्टर की सलाह ली जाए। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पतालों को भी अपने यहां सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखनी चाहिए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**चंपत ने चुप्पी तोड़ी, कहा बैंक व अनिल मिश्रा जिम्मेदार**
महासचिव की जिम्मेदारी लेकर आप धृतराष्ट्र क्यों बने रहे!

**धर्म धन की भाजपा की राजनीति का अब अंत : अखिलेश यादव**
अब आप धर्म धन रक्षा की राजनीति शुरू कर दीजिए।

**मौखिक साक्ष्य बिना विभागीय दंड नहीं : हाईकोर्ट**
फिर तो मुंह बंद करवाने का हुनर खूब परवान चढ़ेगा।

**जनसहभागिता से मनाएंगे हरियाली का उत्सव**
सरकार के संरक्षण में वन कटान के मातम में भी जनसहभागिता की ज़रुरत।

**एसटीएफ कर्मियों की हत्या करने वाले ठोकिया गैंग के डकैत की रिहाई नहीं**
डकैत की जान बच गई, ठोक दिए जाने का खतरा टला।

**सोशल मीडिया का मंच भारतीय कानून से ऊपर नहीं**
भारतीय कानून के महत्व की ऐसी जानकारी को सोशल मीडिया जन-जन तक पहुंचा रहा है।

♦♦♦

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वास्थ्य

वर्ष की शुरुआत में नयी दिल्ली में आयोजित 'एआइ इंपैक्ट समिट' ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) की अभूतपूर्व संभावनाओं को रेखांकित किया. उस सम्मेलन में पुणे के एक हेल्थ-टेक स्टार्टअप द्वारा विकसित एआइ सक्षम उपकरण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जो सर्वाइकल कैंसर की सस्ती और सुलभ प्रारंभिक जांच को संभव बनाता है. वहीं, 'वाइसा एआइ' ने यह प्रदर्शित किया कि एआइ आधारित चैटबॉट भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता भी प्रभावी ढंग से प्रदान कर सकते हैं. असल में, एआइ जटिल चिकित्सीय आंकड़ों का विश्लेषण कर चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाते हैं।

**– डॉ. मयंक भारद्वाज**


वर्ष की शुरुआत में नयी दिल्ली में आयोजित 'एआइ इंपैक्ट समिट' ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) की अभूतपूर्व संभावनाओं को रेखांकित किया. उस सम्मेलन में पुणे के एक हेल्थ-टेक स्टार्टअप द्वारा विकसित एआइ सक्षम उपकरण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जो सर्वाइकल कैंसर की सस्ती और सुलभ प्रारंभिक जांच को संभव बनाता है. वहीं, 'वाइसा एआइ' ने यह प्रदर्शित किया कि एआइ आधारित चैटबॉट भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता भी प्रभावी ढंग से प्रदान कर सकते हैं. असल में, एआइ जटिल चिकित्सीय आंकड़ों का विश्लेषण कर चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाते हैं।

एआइ प्रणाली इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड, एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआइ जैसी छवियों, प्रयोगशाला रिपोर्टों और जीनोमिक आंकड़ों का तीव्र एवं सटीक विश्लेषण कर सकती है. इससे रोगों की समय पर पहचान, उपचार योजना और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है. भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था एआइ के व्यापक उपयोग के लिए अत्यंत अनुकूल है. यद्यपि, देश में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात लगभग 1:811 है, जो डब्ल्यूएचओ के 1:1000 के मानक से बेहतर है, फिर भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में भारी क्षेत्रीय असमानता है. साथ ही, गैर-संक्रामक रोगों का बढ़ता बोझ, वृद्ध होती आबादी तथा स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार बढ़ती लागत देश के सामने गंभीर चुनौतियां हैं।

ऐसे में तकनीक आधारित 'इंटेलिजेंट सॉल्यूशंस' हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक सक्षम और प्रभावी बना सकते हैं. अस्पतालों तक सीमित न रहकर एआइ अब रोग निगरानी, महामारी की पूर्व चेतावनी, टीकाकरण की योजना, संसाधनों के बेहतर आवंटन तथा आपातकालीन प्रबंधन के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को भी अधिक सशक्त बना रही है. जब एआइ को टेलीमेडिसिन के साथ जोड़ा जाता है, तब इसके लाभ और व्यापक हो जाते हैं. भारत की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती है, जबकि विशेषज्ञ चिकित्सक और उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं मुख्यतः शहरी क्षेत्रों तक सीमित हैं. एआइ संचालित टेलीमेडिसिन दूरस्थ परामर्श, सटीक निदान व रोगियों की निरंतर निगरानी संभव बनाकर इस भौगोलिक दूरी को कम कर रही है. सरकार की विभिन्न पहलें भी, जैसे 'इ-संजीवनी' टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म', 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' आदि एक समेकित डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रही हैं। एआइ की परिवर्तनकारी क्षमता का प्रभाव स्तन कैंसर की जांच के क्षेत्र में देखने को मिलता है. भारत में महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर है, किंतु पारंपरिक मैमोग्राफी की अधिक लागत, सीमित उपलब्धता तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी कम पहुंच के कारण प्रारंभिक जांच अब भी बड़ी चुनौती है. इन समस्याओं के समाधान के लिए बेंगलुरु स्थित हेल्थ-टेक स्टार्टअप 'निरामई' ने 'थर्मलाइटिक्स' नामक एआइ आधारित स्तन कैंसर जांच प्रणाली विकसित की है, जो शुरुआती अवस्था में ही शारीरिक असामान्यताओं की पहचान कर सकती है. यह तकनीक पूरी तरह गैर-आक्रामक (नॉन-इंसिव), विकिरण मुक्त और बिना किसी शारीरिक संपर्क के जांच करने वाली है. इसके पोर्टेबल स्वरूप के कारण इसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मोबाइल स्वास्थ्य शिविरों और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से ले जाया जा सकता है. हालांकि, एआइ की इस क्षमता के साथ कई नैतिक और व्यावहारिक चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। एआइ प्रणाली संवेदनशील रोगी आंकड़ों पर निर्भर करती है, जिससे गोपनीयता, साइबर सुरक्षा और अनधिकृत पहुंच जैसी गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं. यदि एआइ मॉडल पक्षपातपूर्ण या अपूर्ण आंकड़ों पर प्रशिक्षित हों, तो वे गलत या भेदभावपूर्ण परिणाम दे सकते हैं. इसके अतिरिक्त, अधिकतर एआइ मॉडल की आंतरिक निर्णय प्रक्रिया को समझना चिकित्सकों के लिए भी कठिन होता है. इससे एआइ आधारित चिकित्सा निर्णयों पर विश्वसनीयता का संकट खड़ा हो सकता है. सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि एआइ कभी भी मानवीय संवेदनशीलता, नैतिक विवेक और उस चिकित्सीय अनुभव का स्थान नहीं ले सकता, जो रोगी केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं की आत्मा है। भारत के अनेक अस्पतालों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, अभी भी गुणवत्तापूर्ण डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड, इंटरनेट सुविधा और आवश्यक तकनीकी बुनियादी ढांचे का अभाव है. एआइ प्रणाली को लागू करने की उच्च लागत, प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी तथा व्यापक कानूनी व नियामक ढांचे का न होना भी इसके विस्तार में बड़ी बाधाएं हैं. निःसंदेह, एआइ स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक तेज, सटीक और प्रभावी बनाकर चिकित्सा क्षेत्र में एक नये युग की शुरुआत कर रहा है. किंतु इसे चिकित्सकों के विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि उनके एक सशक्त सहयोगी के रूप में देखा जाना चाहिए. स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य तकनीक और मानवीय विशेषज्ञता के संतुलित समन्वय में ही सुरक्षित है. इसके लिए मजबूत डाटा संरक्षण कानून, पारदर्शी एल्गोरिदम, प्रभावी नियामक व्यवस्था और नैतिक शासन की सख्त जरूरत है।




## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ त्रयोदशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

उन्होंने बताया कि साधना के पूर्तिकाल में परमतत्त्व परमात्मा का प्रत्यक्ष दर्शन ही ज्ञान है। ज्ञान का अर्थ है साक्षात्कार। इसके अतिरिक्त जो कुछ भी है, अज्ञान है। जानने योग्य वस्तु है परात्पर ब्रह्म। वह न सत् है, न असत्- इन दोनों से परे है। उसे जानने के लिये लोग हृदय में ध्यान करते हैं, बाहर मूर्ति रखकर नहीं। बहुत से लोग सांख्य-माध्यम से ध्यान करते हैं, तो शेष निष्काम कर्मयोग, समर्पण के साथ उसकी प्राप्ति के लिये उसी निर्धारित कर्म आराधना का आचरण करते हैं। जो उसकी विधि नहीं जानते. वे तत्त्वस्थित महापुरुष के द्वारा सुनकर आचरण करते हैं। वे भी परमकल्याण को प्राप्त हो जाते हैं। अतः कुछ भी समझ में न आये तो उसके ज्ञाता महापुरुष का सत्संग आवश्यक है।

स्थितप्रज्ञ महापुरुष के लक्षण बताते हुए योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा कि- जैसे आकाश सर्वत्र सम रहता हुआ भी निर्लेप है, जैसे सूर्य सर्वत्र प्रकाश करते हुए भी निर्लेप है, ठीक इसी प्रकार स्थितप्रज्ञ पुरुष, सर्वत्र सम ईश्वर को जैसा है वैसा ही देखने की क्षमतावाला पुरुष क्षेत्र से अथवा प्रकृति से सर्वथा निर्लेप है। अन्त में उन्होंने निर्णय दिया कि क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ की जानकारी ज्ञानरूपी नेत्रों द्वारा ही सम्भव है। ज्ञान, जैसा कि पीछे बताया गया, उस परमात्मा के प्रत्यक्ष दर्शन के साथ मिलनेवाली जानकारी है। शास्त्रों को बहुत रटकर दुहराना ज्ञान नहीं बल्कि अध्ययन तथा महापुरुष से उस कर्म को समझकर, उस कर्म पर चलकर मनसहित इन्द्रियों के निरोध और उस निरोध के भी विलयकाल में परमतत्त्व को देखने के साथ जो अनुभूति होती है, उसी अनुभूति का नाम ज्ञान है। क्रिया आवश्यक है। इस अध्याय में मुख्यतः क्षेत्रज्ञ का विस्तार से वर्णन किया गया। वस्तुतः क्षेत्र का स्वरूप व्यापक है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**दूरागतं पथि श्रान्तं वैवश्येन गृहमागतम्।**
**अनर्चयित्वा यो भुङ्क्ते स स वै चाण्डाल उच्यते।।**

दूर से आये हुए परिचित अथवा अपरिचित व्यक्ति को, रास्ता चलते से थके-मांदे व्यक्ति को तथा विवशता के कारण आश्रय की इच्छा से घर में आये व्यक्ति को बिना खिलाये-पिलाये, तो स्वयं खा-पी लेता है, उसे चाण्डल कहते हैं।

♦♦♦

# पेट्रोल में एथनाल : आख़िर ये माजरा क्या है?

भारत में इन दिनों पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनाल का मिश्रण किये जाने यानी ई 20 पेट्रोल के इस्तेमाल से होने वाले नुक़्सान को लेकर बहस छिड़ गयी है। इसके प्रयोग से देश भर से वाहनों के इंजन ख़राब होने की ख़बरें मीडिया में आने लगी हैं। ई20 उपभोक्ता अब न केवल इसकी शिकायतें करने लगे हैं बल्कि जगह जगह इसे लेकर धरना प्रदर्शन भी होने लगे हैं। गत दिनों तो दिल्ली के जंतर मंतर पर भी ई 20 मिश्रित पेट्रोल के विरोध में प्रदर्शन किया गया।और इससे वाहनों को होने वाले नुकसान को लेकर सरकार को अवगत कराया गया। भारत में हो रहे इसके विरोध व इसके इस्तेमाल से आ रही परेशानियों व वाहनों को हो रहे कथित नुक़्सान की ख़बरों के बीच पड़ोसी देश भूटान ने भी भारतीय तेल कंपनियों से एथनाल मिश्रित ई 20 पेट्रोल वहां न भेजने व केवल पूर्व में भेजा जा रहा केवल शुद्ध एक्सपी 100 जैसे पेट्रोल की आपूर्ति करने को कहा है। भूटान द्वारा इसका कारण यह बताया गया है कि पेट्रोल पंपों पर भण्डारण के पुराने भूमिगत फ़्यूल टैंक में ई 20 पेट्रोल के भण्डारण की वजह से पानी के रिसाव का जोखिम है जिससे एथनाल मिश्रित ईंधन ख़राब हो सकता है। क्योंकि इथेनॉल की प्रवृति नमी को आकर्षित करने वाली होती है और वातावरण से नमी लेने पर ईंधन की गुणवत्ता घट सकती है और इंजन में अनेक प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा पहाड़ी इलाक़े में स्टोरेज और सप्लाई श्रृंखला को आधुनिक करना भी आवश्यक होगा, जिसमें तत्काल परिवर्तन करना जोखिमपूर्ण माना गया। भूटान द्वारा अपनी आपत्ति में पहाड़ी रास्तों में वाहन के परफ़ार्मेंस पर भी फ़र्क पड़ने का संदेह व्यक्त किया गया है। भारत में भी देश भर से गाड़ियों के ख़राब होने,गाड़ियों की पेट्रोल टंकी के गलने व ज़ंग लगने, माइलेज कम होने व इंजन के ख़राब होने तक की शिकायतें आने लगी हैं। और उधर इसी ई 20 पेट्रोल की आपूर्ति व खपत की आड़ में शुद्ध पेट्रोल यानी एक्सपी100 का मूल्य 167 रूपये प्रति लीटर तक हो गया है। एथनाल के उपयोग से केवल गाड़ियां ही ख़राब नहीं हो रही हैं बल्कि इसके उत्पादन में भी पानी का भी बेतहशा दुरूपयोग किया जा रहा है जिससे भविष्य में यह जलसंकट का कारण भी बन सकता है। ग़ौरतलब है कि एथनॉल का उत्पादन चावल ,मक्का और गन्ना आदि की फ़सलों से होता है। और इन सभी फ़सलों की पैदावार में बेतहाशा पानी का इस्तेमाल होता है। इसके बाद जब इसी फ़सल से एथनॉल बनाया जाता है तो इसमें और भी ज़्यादा पानी ख़र्च होता है। मिसाल के तौर पर चावल से 1 लीटर एथनॉल बनाने में लगभग 10790 लीटर पानी ख़र्च होता है जबकि मक्का से 1 लीटर एथनॉल बनाने में क़रीब 4670 लीटर पानी की खपत होती है इसी तरह गन्ने से मात्र 1 लीटर एथनाल बनाने में तक़रीबन 3630 लीटर पानी लगता है। गोया पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण की नीति देश के जल बचाने के अभियान के ठीक विरुद्ध जलसंकट खड़ा करने में भी सहायक हो सकती है। ज़रा सोचिये कि जब श्व20 पेट्रोल की आपूर्ति में जल का इतना इस्तेमाल होता है तो यदि भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की इच्छानुसार पेट्रोल में 85 प्रतिशत मिश्रण कर ई 85 की आपूर्ति की योजना पर अमल किया गया तो भारत जैसे उस देश में पानी के अकाल को कैसे टाला जा सकेगा जहां के कई इलाक़ों में पहले ही पीने का पानी लोगों को मयस्सर नहीं है ? हालांकि अब ख़बर यह भी आ रही है कि भारी विरोध के बीच केंद्र सरकार अब ई25 पेट्रोल को लागू करने की योजना को फिलहाल टाल सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार सरकार अब इस ई25 बदलाव को जल्दबाज़ी में लागू करने के बजाय चरणबद्ध तरीक़े से आगे बढ़ाने पर विचार कर रही है।

देश में पेट्रोल में एथनाल के मिश्रण को लेकर कुछ ज़िम्मेदार लोगों के विरोधाभासी बयान भी सुनाई दे रहे हैं। इसकी वजह से आम लोगों में एथनाल के मिश्रण के प्रति अविश्वास व भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। मिसाल के तौर पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड और एग्ज़ीक्युटिव वाईस प्रेसिडेंट विक्रम गुलाटी ने अपने एक इंटरव्यू में पहले तो यह स्वीकार किया था कि ई 20 पेट्रोल के इस्तेमाल से 'बेशक फ़्यूल एफ़िशिएंसी में कुछ कमी आती है।' परन्तु बाद में उन्होंने ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे परफ़ॉर्मेंस के मामले में 'बेहतरीन ईंधन' भी बता डाला। इसी तरह भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बायोफ़्यूलस के एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर अनुराग सरावगी ने भी स्वीकार किया था कि एथनॉल मिश्रित पेट्रोल का इस्तेमाल करने से गाड़ियों की माइलेज में 30 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। इतना ही नहीं बल्कि भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने गत 30 जून को सर्वोच्च न्यायलय में एक सुनवाई के दौरान अदालत को यह भी बताया कि ई-20 पेट्रोल का इस्तेमाल फ़िलहाल एक प्रयोग के तौर पर किया जा रहा है। इस बात के सार्वजनिक होने के बाद तो लोगों में और भी आक्रोश फैल गया कि आख़िर प्रयोग के तौर पर उन्हें 'गिनी पिग' अर्थात प्रयोग किये जाने वाला जीव क्यों बनाया जा रहा है। उसके बाद सरकार की तरफ़ से यह स्पष्टीकरण जारी किया गया कि अटॉर्नी जनरल के हवाले से कही जा रही बातें ग़लत हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे ने भी एक तरह से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी की बातों का समर्थन करते हुए इस बात पर नाराज़गी जताई कि 3.6 करोड़ भारतीय कार मालिकों पर इसतरह के प्रयोग क्यों किए जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि अभी भारत में 10 में से 9 गाड़ियां ई 20 के अनुकूल नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह नीति आम सहमति के बिना और इसके होने वाले परिणामों को समझे बग़ैर लागू कर दी गई है । खड़गे ने यह भी कहा, हमारी गाड़ियों में इसे ज़बरदस्ती डालने के बाद आप राष्ट्रीय स्तर पर ईंधन बदलने की इस प्रक्रिया को 'प्रयोग' नहीं कह सकते। उन्होंने कहा कि जब सरकार का अपना डेटा ही अभी तक तैयार नहीं है, तो नागरिकों को नुक़्सान साबित करने की चुनौती नहीं दी जा सकती । आम लोग 'गिनी पिग' नहीं हैं न ही हमारी सड़कें टेस्ट ट्रैक हैं और देश के उपभोक्ताओं की जेबें सरकार के ट्रायल का बजट नहीं हैं। खड़गे ने ई20 को वापस लेने मांग करते हुये कहा कि सरकार पहले इसे प्रयोग के योग्य, स्वीकार्य व प्रमाणित ईंधन साबित करे, फिर इसे प्रयोग करने की नीति लागू करें।



**–निर्मल रानी**

## प्रेरक प्रसंग

### महान होने की परिभाषा

चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस की महानता से चीन का सम्राट भी परिचित था। एक दिन वह कन्फ्यूशियस से बोला, तुम मुझे उस व्यक्ति के पास ले चलो जो महान हो। कन्फ्यूशियस बोला, लेकिन मुझसे महान भी तो कोई होगा? कन्फ्यूशियस बोला ; मुझसे महान भी तो कोई होगा? महामहिम आप से अधिक महान कौन हो सकता है। आपकसत्य को जानने की भावना रखते हैं और तो ऐसी भावना रखता है वही महान है।

कन्फ्यूशियस बोला, आपसे अधिक महान में हूं क्योंकि सत्य के प्रति मेरा अनुराग (प्रीति) है।

और तुमसे भी अधिक महान कौन है? सम्राट ने पूछा ।

कन्फ्यूशियस बोला यह तो ढूढ़ना पड़ेना। इतना कहकर वह सम्राट को लेकर चल पड़ा। कुछ आगे चलने पर उन्हें एक वृद्ध व्यकित दिखा ; जो कुआं खोद रहा था। उसे देखकर कन्फ्यूशियस बोला महामहिम मुझसे भी अधिक महान यह वृद्ध है।

सम्राट ने पूछा कैसे?

कन्फ्यूशियस बोला इसकी काफी आयु व्यतीत हो चुकी है, शरीर भी दुबला - पतला है- तब भी कुआ खोद रहा है। परोपकार की भावना है । परोपकार में ही इसको आनंद की अनुभूति होती है। जिसका तन और मन दोनों ही अनुभूति में निमग्न हों उससे बढ़कर महान अन्य कौन हो सकता है।

## आपका पत्र मिला

### बारिश में स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो

देश के विभिन्न हिस्सों में भारी से भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ-साथ उसका भयावह रूप लोगों में दहशत पैदा कर रहा है। चाहे महाराष्ट्र हो या केरल, राजस्थान हो या गुजरात, मध्यप्रदेश हो या उत्तराखंड हर जगह, हर क्षेत्र से खबरें आ रही है कि पानी ने तबाही मचा दी है।

गत वर्ष भारी बारिश के चलते राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से 7 मासूम बच्चों की दबकर दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। इसी तरह गत वर्ष कई स्थानों पर ऐसी घटनाएं हुई थी। अतः अंधाधुंध बारिश के सैलाब को देखते हुए स्कूल व अन्य विभागों को अभी से सतर्क हो जाना चाहिए, ताकि भारी बारिश के चलते झालावाड़ जैसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो। सभी राज्यों के विभाग प्रमुख व सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक व शिक्षक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए ऐसे भवन जो जर्जर, जीर्ण-शीर्ण, दीवारें तथा छतें कमजोर व खतरनाक स्थिति में हो तो तत्काल अपने विभाग को सूचना करते हुए ऐसे सुरक्षित भवनों में शालाएं संचालित करें जहां बच्चों व स्टाफ को कोई खतरा या क्षति ना हो। पानी गिरने से पहले बचाव की पार बांधने में ही समझदारी है। अन्यथा नुकसान होने के बाद रोना के सिवा कोई चारा नहीं है।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com



# कॉलेज और स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए बेस्ट हैं शर्ट स्टाइल टॉप

स्कूल और कॉलेज जाने वाली लड़कियां क्या पहने इस बात को लेकर हमेशा कंफ्यूज रहती हैं। एक जैसे कपड़े पहनकर जाने पर अधिकतर लड़कियों को शर्मिंदगी भी महसूस होती है। अगर आप भी उन्हीं लड़कियों में से एक है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है, क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट शर्ट स्टाइल टॉप डिजाइन के बारे में बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप कॉलेज में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती है।

**फ्लोरल प्रिंट कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप-** अगर आप कॉलेज में एक जैसे कपड़े पहन कर जाती है और अब ऐसे कपड़े पहनकर बोर हो गई है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इस खूबसूरत फ्लोरल प्रिंट कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप को ट्राई कर सकती है। इस तरह का टॉप आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा और आपको डिफरेंट लुक देने में मदद करेगा।

**ब्राऊन वी नेक शर्ट स्टाइल टॉप-** यही नहीं अगर आपके स्कूल में कोई फंक्शन है और आप उस फंक्शन में खूबसूरत दिखना चाहती है, तो आपके लिए यह लेटेस्ट ब्राऊन वी नेक शर्ट स्टाइल टॉप भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे पहनकर आप न सिर्फ स्कूल बल्कि कॉलेज में भी जा सकती है। इस तरह के टॉप इन दिनों काफी चर्चा में है, जो अधिकतर लड़कियों को बेहद पसंद आ रहे हैं।

**कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप**

आप चाहे तो अपने कॉलेज में इस खूबसूरत कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप को पहनकर जा सकती हैं। इस तरह के टॉप दिखने में शर्ट की तरह होते हैं, लेकिन यह असल में टॉप होते हैं। इसे आप क्रीम या वाइट कलर की पेंट या जींस के साथ शामिल कर अपने आउटफिट को बेहतर बना सकती हैं। इस तरह का टॉप आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा। इसे पहनकर आप बला की खूबसूरत दिख सकती है।

**स्ट्राइप्ड शर्ट स्टाइल टॉप**

अपनी खूबसूरती से सभी का दिल जीतने के लिए और दोस्तों के बीच अपनी पर्सनालिटी को बेहतर बनाने के लिए आप इस खूबसूरत स्ट्राइप्ड शर्ट स्टाइल टॉप को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के टॉप भी इन दिनों काफी चर्चा में है, जो अधिकतर लड़कियों को बहुत पसंद आ रहे हैं। इस टॉप में आपको और भी कई कलर और साइज मिल जाएंगे। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

# स्लिम गर्ल्स को दिखना है मॉडर्न, मौनी रॉय के साड़ी लुक्स से लें इंस्पिरेशन



टीवी की दुनिया से अपना करियर शुरू करने वाली मौनी रॉय कई बॉलीवुड फिल्मों से भी फैंस का दिल जीत चुकी हैं। अभिनेत्री अपनी एक्टिंग के साथ फैशन सेंस से भी फैंस को दीवाना बनाए रहती हैं। उनका हर लुक बेहद कातिलाना होता है। इंडियन हो या वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर लुक में बवाल मचाती हैं। तो आज हम आपको उनके कुछ साड़ी लुक्स दिखाने जा रहे हैं। जिनको स्लिम गर्ल्स कैरी करके अपना लुक मॉडर्न बना सकती हैं। **ब्लैक साटन साड़ी-** ब्लैक कलर की साड़ी अधिकतर हर महिला की पसंद होती है। ऐसे में आप मौनी रॉय के इस ब्लैक साटन साड़ी लुक पर जरूर फिदा हो गई होंगी। अभिनेत्री ब्लैक कलर की सिंपल साड़ी में बला की खूबसूरत लग रही हैं। उनकी ब्लैक साड़ी पर गोल्डन कलर के पैच बने हुए हैं। जबकि उन्होंने इस साटन साड़ी के संग स्ट्रैपी ब्लाउज कैरी किया हुआ है। ऐसे में उनका लुक काफी बोल्ड नजर आ रहा है। साथ में गोल्डन झुमकी, ब्रॉड नेकलेस और बन हेयर स्टाइल उनके लुक को काफी अट्रैक्टिव बना रहे हैं। स्लिम गर्ल्स मौनी के इस ब्लैक साड़ी लुक से इंस्पिरेशन ले सकती हैं।

**जॉर्जेट पिंक साड़ी-** मौनी रॉय की बेबी पिंक जॉर्जेट साड़ी भी स्लिम गर्ल्स के लिए परफेक्ट ऑप्शन है। इसको कैरी करने के बाद उनका लुक चार्मिंग नजर आएगा। इस तरह की साड़ियां यंग गर्ल्स को बेहद पसंद आती हैं।

**लाइनिंग साड़ी लुक-** स्लिम गर्ल्स यदि खुद को डिसेंट लुक में देखना चाहती हैं, तो उनके लिए मौनी रॉय का लाइनिंग साड़ी लुक बेस्ट रहेगा। इसको आप किसी ऑफिस इवेंट में कैरी करके जा सकती हैं। मौनी ने ब्लैक साड़ी के संग व्हाइट और लाइनिंग वाला कॉलर नेक ब्लाउज पहना हुआ है। इसके साथ ग्लॉसी मेकअप और बन हेयर स्टाइल से अपना लुक कंप्लीट किया हुआ है। हर बार की तरह मौनी का यह साड़ी लुक भी काफी डिसेंट और ग्लैमरस नजर आ रहा है।

# कुर्ती सिलवाते समय इन 3 बातों का जरूर रखें ध्यान



महिलाएं अपने लुक को खास बनाने के लिए न सिर्फ चेहरे को खूबसूरत बनाती है, बल्कि अपने आउटफिट को भी परफेक्ट बनाने के लिए टेलर से डिजाइनर आउटफिट स्टिच करवाती है। ऐसे में अगर आप भी किसी टेलर से कुर्ती बनवाने वाली है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको 3 जरूरी बातें बताएंगे, जिनकी मदद से आप अपने आउटफिट को परफेक्ट तरीके से बनवा सकती हैं।

**सही फैब्रिक का करें चुनाव-** जब भी आप टेलर से कुर्ती बनवाने जाए, तो सबसे पहले कपड़े का चुनाव करें। कुर्ती बनवाने के लिए सही फैब्रिक होना बहुत मायने रखता है। ऐसे में आप पार्टी वियर कुर्ती बनवाने के लिए सिल्क, जॉर्जेट या शिफॉन का फैब्रिक चुन सकती है। वहीं अगर आप आने- जाने में या रोजाना पहनने के लिए कुर्ती बनवा रही है, तो आपके लिए कॉटन या रेयान का फैब्रिक सही रहेगा। सही फैब्रिक आपके लुक को गॉर्जियस बनाने में मदद करेंगी और इससे सही फिटिंग भी आएगी।

**टेलर को सही साइज या फिटिंग वाली कुर्ती दें-** इसके अलावा जब भी आप टेलर से कुर्ती बनवाए, तो अपना नाप यानी साइज सही तरीके से दें। आप चाहे तो टेलर को अपनी कोई फिटिंग वाली कुर्ती नाप के लिए भी दे सकती हैं। इसके अलावा नाप देने के साथ कहां तक की बाजू और कैसे डिजाइन वाला गला बनाना है, इसकी भी जानकारी आप अपने टेलर को एक डायरी में लिखवा दें, ताकि यह जानकारी उसके पास रखी रहे और वह आसानी से आपका आउटफिट तैयार कर दें।

**ब्रा लूप का भी करें इस्तेमाल-** यही नहीं अगर आप किसी टेलर से कुर्ती या कोई गाउन बनवाने वाली है, तो कुर्ती सिलवाते वक्त ब्रा लूप जरूर लगवाएं। ऐसा करने से ब्रा की स्ट्रिप बाहर नहीं दिखेगी और ना ही आपके शोल्डर से कपड़ा फिसलेगा। यह आपके आउटफिट को शानदार बना देगी साथ ही आपके लुक को गॉर्जियस बनाने में मदद करेंगे। इन बातों का ध्यान रखकर आप टेलर से कुर्ती बनवा सकती हैं। यह टिप्स आपके आउटफिट को परफेक्ट बनाने में मदद करेंगी।

# जेनजी गर्ल्स के लिए बेस्ट हैं इस तरह के ट्रेडिशनल आउटफिट



जेनजी गर्ल्स हमेशा अपने आउटफिट को लेकर परेशान रहती हैं। चाहे बात एथनिक की हो या ट्रेडिशनल कि वे आउटफिट सिलेक्ट करने में काफी कन्फ्यूज रहती हैं। ऐसे में अगर आप भी ट्रेडिशनल वियर देख रही हैं, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी ट्रेडीशनल ड्रेस बताएंगे, जिन्हें आप किसी भी फेस्टिवल के दौरान पहन सकती हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में।

**लाल प्रिंटेड प्री-ड्रेप्ड साड़ी-** अगर आप भी किसी फेस्टिवल पर भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं, तो अब आप इस तरह के खूबसूरत ट्रेडिशनल लाल प्रिंटेड प्री-ड्रेप्ड साड़ी को शामिल कर सकती हैं। इसे पहनकर आप बला की खूबसूरत लगेगी और अपने लुक को डिफरेंट बना सकेंगी। इसे आप ऑनलाइन खरीद सकती हैं या बाजार से कपड़ा लाकर इसे बनवा भी सकती हैं। इस ड्रेस को पहनकर आप अपने फेस्टिवल को यादगार बना सकती हैं।

**पर्ल हॉल्टर कुर्ता चूड़ीदार सूट**

अपनी खूबसूरत से सभी का दिल जीतने के लिए और फेस्टिवल पर डिफरेंट लुक पाने के लिए आप इस तरह के पर्ल हॉल्टर कुर्ता चूड़ीदार सूट को शामिल कर सकती हैं। इसे भी आप बाजार से कपड़ा लाकर बनवा सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप एक्सेसरीज शामिल कर अपने लुक को पूरा कर सकती हैं। इसे पहन कर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेगी। यह ड्रेस आपके फेस्टिवल लुक को खास बनाने में भी मदद करेगी।

**सैल्मन पिंक एम्बेलिश्ड लहंगा साड़ी-** आप चाहे तो किसी भी फेस्टिवल के दौरान इस तरह के खूबसूरत ट्रेडीशनल सैल्मन पिंक एम्बेलिश्ड लहंगा साड़ी को शामिल कर सकती हैं। ऐसे आउटफिट भी इन दिनों काफी चलन में है, जो अधिकतर लड़कियों को बहुत पसंद आ रहे हैं। इसके साथ आप एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं। इस आउटफिट को भी आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

**सैल्मन पिंक कुर्ती विद शरारा**

आप चाहे तो किसी भी फेस्टिवल के दौरान इस तरह की खूबसूरत सैल्मन पिंक कुर्ती विद शरारा को भी शामिल कर अपने लुक को अट्रैक्टिव और गॉर्जियस बना सकती हैं। ऐसी ड्रेस आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। आप चाहे तो बाजार से कपड़ा लाकर भी इसे बनवा सकती हैं। इसे पहनकर आप फेस्टिवल पर अपने लुक को पूरा कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस जेनजी लड़कियों के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है।

**ओवरसाइज आउटफिट्स**

ओवरसाइज टी-शर्ट्स, शर्ट्स और हुडीज आज के जेन जी फैशन में सबसे ज्यादा ट्रेंड में हैं। ये आउटफिट्स न सिर्फ स्टाइलिश दिखते हैं बल्कि पहनने में बेहद आरामदायक भी होते हैं। इनका रिलैक्स्ड फिट पूरे दिन कंफर्ट देता है और इन्हें डेनिम, शॉर्ट्स या स्कर्ट के साथ आसानी से स्टाइल किया जा सकता है, जिससे एक कूल स्ट्रीट लुक तैयार होता है।

**बैगी जींस और वाइड-लेग पैंट्स-** बैगी जींस और वाइड-लेग पैंट्स 90s फैशन की वापसी के साथ फिर से ट्रेंड में आ गए हैं। हाई-वेस्ट और लूज फिट स्टाइल आज की लड़कियों की पहली पसंद बन चुका है। इन्हें क्रॉप टॉप या फिटेड टॉप के साथ पहनकर एक बैलेंस्ड और ट्रेंडी लुक बनाया जा सकता है, जो कैजुअल और स्टाइलिश दोनों लगता है।

# चाहती हैं न्यू और स्टाइलिश लुक तो करें ट्राइ ये को-ऑर्ड सेट



हर महिला स्टाइलिश लुक चाहती है और इसके लिए वो बेहतरीन आउटफिट्स का चुनाव करती है। लेकिन, अगर आप अपने स्टाइल को न्यू टच देना चाहती हैं, तो आप को-ऑर्ड सेट्स का चुनाव कर सकती हैं। फैशन की दुनिया में ये आउटफिट्स इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं और न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेहतरीन है। ये आपको कई सारे डिजाइन और पैटर्न में मिल जाएंगे। ये पहनने में आरामदायक होते हैं, और साथ ही इनमें आपका लुक खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आता है।

**प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट-** यह प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट ऑफिस या किसी इवेंट में स्टाइल करने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यह प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट 3/4 स्लीव्स और राउंड नेक डिजाइन में आता है। यह आपको कई सारे रंगों और डिजाइन में मिल जाएगा, और इसमें आपका लुक सुंदर और अलग नजर आएगा। आप इसे ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन भी लगभग 1000 से 1500 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

**लेस वर्क को-ऑर्ड सेट-** अपने लुक को एक न्यू टच देने के लिए आप इस तरह के लेस वर्क को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस को-ऑर्ड सेट में बेहद ही खूबसूरत लेस वर्क किया हुआ होता है, और इसमें आपका लुक अलग व सुंदर नजर आएगा। इस तरह के को-ऑर्ड सेट आपको कई सारे कलर ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे।

**फ्लोरल प्रिंट को-ऑर्ड सेट-** भीड़ से अलग दिखने और अपने लुक को न्यू टच देने के लिए आप इस तरह के फ्लोरल प्रिंट को-ऑर्ड सेट स्टाइल कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट फ्लोरल प्रिंट में आता है और इसमें आपका लुक सुंदर और स्टाइलिश नजर आएगा। इस को-ऑर्ड सेट को आप ऑफिस या कहीं घूमने जाने के दौरान स्टाइल कर सकती हैं, और इसे आप सस्ते कीमत में खरीदकर पहन सकती हैं।

# पुराने लॉन्ग कुर्ते को फेंकने के बजाय ऐसे करें इस्तेमाल



अगर आप भी एक जैसे कपड़े पहनकर बोर होने लगी हैं और अब उन कपड़ों को किसी को दे देती हैं या फेंक देती हैं, तो ये खबर आपके लिए खास हो सकती हैं, क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स बनाएंगे, जिनका इस्तेमाल कर आप उन कपड़ों से नई और स्टाइलिश चीजें बना सकती हैं, वो भी कम खर्च में। आईए जानते हैं उन चीजों के बारे में।

**पुरानी लॉन्ग कुर्ती से बनाएं शॉर्ट कुर्ती-** अगर आप भी अपने पुराने कुर्ते को बार-बार पहनकर परेशान हो गई और उस कुर्ते को किसी को देने वाली है या फेंकने वाली है, तो अब आप उसको फेकने के बजाय उसका इस्तेमाल कर शॉर्ट कुर्ती बना सकती हैं. शॉर्ट कुर्ती बनाने के लिए आप कुर्ते को काटकर उस पर पिको करवा सकती हैं या फिर बाजार से लेस खरीद कर डिजाइनर लेस भी कुर्ते की बॉर्डर पर लगा सकती हैं इससे नया लुक क्रिएट होगा।

**पुरानी लॉन्ग कुर्ती से बनाएं पिलो कवर-** अगर आपके पास हैवी और भरा हुआ कुर्ता है, तो अब आप उसे फेकने के बजाय उस कुर्ते का नए तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं. इसका इस्तेमाल करने के लिए आप इसे काट कर पिलो कवर बना सकती हैं।

# ऊन और रंगीन धागों से घर पर ऐसे बनाएं टैसल हैंडबैग



आज के समय में लडकियां अपने लुक का खास ध्यान रखती हैं। कॉलेज गोइंग गर्ल्स् तो अपने आउटफिट्स, फुटवियर, एसेसरीज और बैग्स सब कुछ एक से एक डिजाइन में खरीदती हैं। बैग्स की बात करें तो आजकल मार्केट में मिलने वाले हैंडबैग काफी महंगे होते हैं। ऐसे में अगर आप कम पैसे में कुछ अलग और स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो टैसल हैंडबैग बना सकती हैं। खास बात तो ये है कि इसे बनाने के लिए आपको कोई महंगा सामान भी नहीं खरीदना पड़ेगा।

घर में अगर आपके ऊन, कलरफुनल धागे रखें हुए हैं तो आसानी से इसे बनाया जा सकता है। आज हम आपको अपने इस लेख में बता रहे हैं कि आप कैसे इस बैग को घर पर बना सकती हैं। आइए जानते हैं-

**बैग बनाने के लिए क्या-क्या चाहिए?**

कलरफुल ऊन या धागे।
कोई स्ट्रॉन्ग कैनवास या जूट का छोटा बैग।
कैंची, सुई और धागा। ग्लू गन या फैब्रिक गोंद।
लकड़ी के मोती या सजावट का कोई सामान।
सबसे पहले बनाएं टैसल। ऊन को 20-25 बार अपनी हथेली या किसी कार्डबोर्ड पर लपेट लें। अब एक तरफ से धागे को बांध दें। दूसरी तरफ से कैंची से काट दें। अब ऊपर की तरफ थोड़ा धागा बांधकर टैसल का शेप दे दें। इसी तरह अलग-अलग कलर्स के कई टैसल तैयार कर लें।

**सबसे पहले बनाएं टैसल-** ऊन को 20-25 बार अपनी हथेली या किसी कार्डबोर्ड पर लपेट लें। अब एक तरफ से धागे को बांध दें। दूसरी तरफ से कैंची से काट दें। अब ऊपर की तरफ थोड़ा धागा बांधकर टैसल का शेप दे दें। इसी तरह अलग-अलग कलर्स के कई टैसल तैयार कर लें।

**बैग को और स्टाइलिश कैसे बनाएं?**

टैसल के साथ छोटे मोती लगा सकती हैं।
मिरर वर्क का इस्तेमाल कर सकती हैं।
बैग पर हाथ से कोई डिजाइन बना सकती हैं।
अलग-अलग कलर के ऊन मिलाकर इसे मल्टीकलर लुक दे सकती हैं।

**कॉलेज के लिए है परफेक्ट**

आपको बता दें कि इस बैग का वेट काफी हल्का होता है और ये देखने में भी काफी ट्रेंडी लगता है। आप इसमें बुक्स, नोटबुक, मोबाइल, चार्जर और छोटी-मोटी जरूरी चीजें रख सकती हैं। साथ ही ये दिखने में भी काफी स्टाइलिश लगता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बृहस्पतिवार, 9 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, नवमी तिथौ गुरु वासरे 10/39/ अश्विनी नक्षत्रे 14/57/ सुकर्मा योग 10/12/ गर करणे 10/89/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा प्रारम्भ घं. 21 मि. 28 से।

**मेष :** कार्य व्यापार में सुधार होगा। इच्छित कार्य पूर्ति होगी। पुराने मित्रों से भेंट होगी चिंता जनक समाचार होगा।

**वृष :** रुका कार्य बनेगा। मनोरंजन का कार्य सुलभ होगा। सम्मान के प्रति सचेत रहें। स्वास्थ्य साधारण रहेगा।

**मिथुन :** आत्मिक हर्ष होगा। परिश्रम से सफलता मिलेगी। व्यापारिक अवरोध की निवृत्ती होगी। परिजनों की उपेक्षा मिलेगी।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग। व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख में होगी। मनोमालिन्य दूर होगा।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** नगर पालिका परिषद नवाबगंज स्थित टाउन हॉल में आज बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) तथा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ हुए एमओयू के अंतर्गत विशेष वेतन पैकेज के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा %भुल्लन%, भाजपा नेता जवाहर वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जिला विद्यालय निरीक्षक अमिता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक तथा भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश शाह के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके उपरांत वाराणसी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। जनपद मुख्यालय सहित सभी तहसीलों में भी कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों एवं अन्य पात्र कार्मिकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लंबे समय से अपेक्षित थी, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साकार किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण के क्षेत्र में लगातार ऐतिहासिक कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यार्थियों के लिए यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी की खरीद हेतु प्रति छात्र 1,200 रुपये की दर से लगभग 1,320 करोड़ रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खातों में



हस्तांतरित की गई है। उन्होंने शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने एसबीआई एवं बेसिक शिक्षा विभाग के बीच हुए एमओयू की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा %भुल्लन% ने डीबीटी योजना से विद्यार्थियों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना, डीबीटी एवं एसबीआई वेतन पैकेज की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में शिक्षक नदीम अब्बास रिजवी, प्रीति, रिंकी सिंह, विशाल वर्मा, दिवाकर अवस्थी, आलोक यादव, सरिता एवं सुनीता को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान किए गए। वहीं देवेंद्र कुमार द्विवेदी, दिलीप तिवारी, गिरजेश त्रिपाठी एवं मंजु को एसबीआई सैलरी अकाउंट की पासबुक वितरित की गई।एसबीआई अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार एवं भारतीय स्टेट बैंक के बीच हुए एमओयू के तहत शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग से जुड़े कार्मिकों को सामाजिक सुरक्षा, टर्म इंश्योरेंस तथा अन्य आकर्षक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।इस अवसर पर प्रधानाचार्य जीआईसी राधेश्याम धीमान, नंदिता सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव, जैनेन्द्र कुमार, सुनील कुमार गौड़, जिला समन्वयक (एमआईएस एवं नोडल कैशलेस चिकित्सा) पुनीत कुमार श्रीवास्तव, जिला समन्वयक विनीता मिश्रा, डॉ. पीयूष कुमार श्रीवास्तव, नंदन पाण्डेय, अमित श्रीवास्तव, पुनीत त्रिपाठी, पंकज वर्मा, राहुल शुक्ला, आशीष पाठक, जिला स्काउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी, ऋषि टंडन, उमेश यादव, मनोज चौधरी, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, सुजीत सिंह, रमाकांत वर्मा, दिवाकर अवस्थी सहित शिक्षा विभाग एवं भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं रसोइयों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## कैशलेस चिकित्सा योजना शुभारंभ के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शुभारंभ अवसर पर बुधवार सुबह तहसील सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत चेयरमैन आलोक तिवारी व पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री द्वारा काशी से शुरू किये गए कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया और शिक्षकों में कैशलेस कार्ड का वितरण किया। मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई इस योजना के अंतर्गत बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। इस दौरान प्रदेश के 1,10,00,000 विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, बैग, स्वेटर एवं स्टेशनरी हेतु सहायता राशि हस्तांतरित की गई। प्रदेश सरकार द्वारा एसबीआई के साथ हुए समझौते के अंतर्गत शिक्षकों के परिवार को मृत्यु दुर्घटना बीमा का 10 लाख का लाभ देने एवं शिक्षक के दुर्घटना मृत्यु होने पर एक करोड़ व हवाई दुर्घटना होने पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए का बीमा योजना का शुभारंभ हुआ। लाइव टेलीकास्ट के बाद विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार स्कूलों और शिक्षकों के लिए काम कर रही है। शिक्षकों को कैशलेस इलाज की सुविधा दी गई है जो की एक मील का पत्थर साबित होगी। जल्द ही शिक्षकों की नई भर्ती आने वाली है सरकार लगातार शिक्षक व शिक्षा दोनों के लिए काम कर रही है शिक्षकों को ईश्वर ने समाज के विकास के लिए चुना है वह अपना बेहतर प्रदर्शन करें एवं राष्ट्रहित में अपना अमूल्य सहयोग दें। विधायक दिनेश रावत द्वारा शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत प्रतीक के रूप में कैशलेस योजना का कार्ड दिया गया।

## खबर एक नजर

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**स्वतंत्र भारत हैंदरगढ़ बाराबंकी।** टुल्लू चलाते समय करंट के चपेट में आकर बुधवार की देर शाम 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के चिलूला मजरे सहावर गांव निवासी छेदाना पत्नी रामदेव आयु 60 वर्ष ने बुधवार शाम लगभग 6¬45 बजे पानी के लिए टुल्लू चलाया तभी वह करंट की चपेट में आने से बेहोश हो गई। परिजन तत्काल सीएचसी हैदरगढ़ लेकर आए जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मोटरसाइकिल चोरी

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के क?ाकापुर चौराहे से कल देर शाम एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पीड़ित ने महादेवा चौकी पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के ग्राम लालपुर करौता निवासी मोहित तिवारी ने बताया कि वह मंगलवार शाम किसी कार्य से कड़कापुर चौराहे आए थे। उन्होंने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर आवश्यक सामान खरीदने चले गए। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला।घटना की सूचना तत्काल पीआरबी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर छानबीन की, लेकिन बाइक का सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने महादेवा चौकी में तहरीर देकर बाइक बरामद करने और चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वांछित अभियुक्त हुए गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा आज छह वारंटी व दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 27 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।इसी क्रम में थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0 244/2026 धारा 69/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार पुत्र परशुराम रावत निवासी ग्राम ठठेरहा थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को शाहपुर मुरारपुर मोड के पास से गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0 157/2026 धारा 87/137(2) बीएनएस व 11(4)/12 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सुधीर विश्वकर्मा पुत्र राधेश्याम विश्वकर्मा निवासी ग्राम कोला थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

### हत्या के प्रयास के दोषी को पांच वर्ष की सजा

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** ÷ऑपरेशन कनविक्शन÷ के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा हत्या के प्रयास से सम्बन्धित अभियुक्त को 05 वर्ष कठोर कारावास व 11,000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए ÷ऑपरेशन कनविक्शन÷ कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/पैरोकार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में थाना रामसनेहीघाट पर हत्या के प्रयास के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0- 78/2018 एवं 79/2018 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट एवं 307 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त- संजय द्विवेदी पुत्र राजकुमार द्विवेदी* निवासी ग्राम पूरे जबर मजरे हकामी थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0 04 बाराबंकी द्वारा दोषसिद्ध करते हुए अभियुक्त को 05 वर्ष कठोर कारावास व 11,000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### सावन मेला में सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर समिति ने एसडीएम को लिखा पत्र

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** बाराबंकी क्षेत्र की रौनी ग्राम पंचायत स्थित अवसानेश्वर महादेव मंदिर समिति ने एसडीएम को पत्र भेजकर श्रावण मास के सोमवारों को लगने वाले मेलों में श्रद्धालुओं की सुविधा सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरी ने भेजे गए पत्र में बताया है कि गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी श्रावण मास 2026 के सोमवारो पर पूजन अर्चन हेतु हजारो श्रद्धालुओ के आगमन की सम्भावना है। जिनकी सुविधा सुरक्षा हेतु आवश्यक पुलिस बल,मेडिकल टीम, फायर, पेयजल आदि आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की आवश्यकता है।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना के अंतर्गत नई बस सेवा का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** बस स्टेशन हैदरगढ़ से अचकामऊ होते हुए बाराबंकी तक संचालित होने वाली मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का शुभारंभ विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने स्थानीय बस स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर कियाइस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि जनता की सुविधा और हैदरगढ़ के समग्र विकास के लिए हमारा संकल्प निरंतर जारी है यह बस सेवा क्षेत्र के नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों, महिलाओं एवं दैनिक यात्रियों के लिए आवागमन को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाएगी। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधाओं से जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।हैदरगढ़ से प्रतिदिन चलने वाली यह बस सेवा त्रिवेदीगंज,मंगलपुर मोहम्मदपुर अचकामऊ,कोठी होते हुए बाराबंकी तक संचालित होगीइस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार के0के0 द्विवेदी सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवनिर्मित प्रसव केंद्र में शुरू हुई सेवाएं

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत ज्योरी में नवनिर्मित डिलीवरी प्वाइंट (प्रसव केंद्र) में एक स्वस्थ बच्चे के जन्म (पहली किलकारी) के साथ चिकित्सा सेवाओं की शुरुआत हुई। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने के लिए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने केंद्र का जायजा लिया।

बताते चले शासन द्वारा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने एव जच्चा बच्चा की उचित देखभाल के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित एएनएम सेंटरों को डिलीवरी प्वाइंट के रूप में स्थापित किया जा रहा है ग्राम पंचायत ज्योरी में बनाये गए डिलीवरी प्वाइंट में मंगलवार की रात्रि में प्रथम बच्चे की किलकारी गूंजी दहेजिया की प्रसूता ने सीएचओ प्रिया वर्मा, एएनएम रिंकी मौर्य की मदद से बच्चे को जन्म दिया। बुधवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राधेस्वामी ने उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 कमल बाश, डॉ 0 पंकज चौधरी, सीएचसी बड़ागांव अधीक्षक डॉ0 राधेश्याम गौड के साथ डिलीवरी प्वाइंट ज्योरी का निरीक्षण किया तथा जच्चा बच्चा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ 0 राधेस्वामी ने बताया कि गांवों में डिलीवरी प्वाइंट प्रसव केंद्र खुलने से स्थानीय ग्रामीणों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को आपातकालीन प्रसव के लिए मीलों दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस %डिलीवरी प्वाइंट% में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार स्थानीय लोगों के लिए एक बड़ी राहत है। उन्होंने निरीक्षण उपकरणों, दवाइयों और स्टाफ की उपलब्धता को परखा तथा प्रथम शिशु के जन्म लेने की बधाई दी।इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव के लेबर रूम, ओपीडी कक्ष, जे एस वाई वार्ड जनरल वार्ड का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

## 254 जोड़ों का सम्पन्न कराया गया विवाह

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज (ऑडीटोरियम) बाराबंकी में वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में कुल 254 वैवाहिक जो?ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सतीश चन्द्र शर्मा जी, माननीय राज्यमंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में श्रीमती राजरानी रावत जिला पंचायत अध्यक्ष, अंगद सिंह सदस्य विधान परिषद, दिनेश रावत विधायक हैदरग?, रामसिंह वर्मा, जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, हरगोविन्द सिंह पूर्व सदस्य विधान परिषद, सम्बन्धित अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत, अन्ना सुदन मुख्य विकास अधिकारी, डॉ0 नीलम सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, श्रीमती अभिलाषा त्रिपाठी जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), सम्बन्धित खण्ड



विकास अधिकारी विभिन्न समाचार पत्रों तथा चैनलों के पत्रकार बन्धु, विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रावत व विधायक द्वारा नवविवाहित युगलों को आशीर्वाद दिया गया तथा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। मंत्री श्री शर्मा द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि प्रदेश यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में योजना का संचालन किया जा रहा है इस योजना के कारण जिनकी गरीबी के कारण शादी नहीं हो पा रही थी ऐसी अब कोई भी वयस्क बेटी धनाभाव के कारण अविवाहित नहीं रहेगी, क्योंकि सरकार अब वंचित बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में करा कर पुनीत कार्य कर रही है। वर्तमान में उ0प्र0 के मुख्यमंत्री द्वारा योजना का बजट 51 हजार रूपये से ब?ाकर एक लाख रूपये करने के लिए जनपद तथा प्रदेश उनका आभारी है।

## प्रयोगवादी साहित्यकार हैं प्रदीप सारंग : डॉ राम बहादुर मिश्रा

**स्वतंत्रभारत बाराबंकी।** कमला नारायण ट्रस्ट द्वारा लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर स्थित लोटस ग्रीन्स बैंक्रेट हाल में आयोजित काव्य कार्यशाला में साझा काव्य संग्रह काव्य मंजरी तथा प्रदीप सारंग रचित सारंग-हुंडलियाँ का लोकार्पण मुख्य अतिथि डॉ राम बहादुर मिश्र द्वारा तथा पं राम किशोर तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि डॉ राम बहादुर मिश्रा ने कहा कि पूर्वज साहित्यकार अयोध्या प्रसाद दीक्षित शिष्य की तरह प्रदीप सारंग के प्रयोग साहित्य व साहित्यिक विरासत को समृध्द कर रहे हैं। डॉ मिश्र ने काव्य सृजन को सामाजिक परिमार्जन का माध्यम बताया।अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्य-मनीषी डॉ ब्रज किशोर पाण्डेय ने कहा कि कवि को नश्वर विषयों के बजाय वैदिक परम्परा को प्राथमिकता देनी चाहिए। काव्य कर्म स्वयं एक साधना है।विशिष्ट अतिथि डॉ श्याम सुंदर दीक्षित ने कहा कि पूर्वज अयोध्या प्रसाद दीक्षित शिष्य अध्यापक थे और एक तपस्वी की



तरह जीवन यापन किया। अपने पिता दर्शन लाल शशि की रचना धर्मिता को आगे ब?ाते हुए साहित्य को समृद्ध किया। काव्य-कार्यशाला आयोजन समिति के अध्यक्ष व कमला नारायण ट्रस्ट के सचिव प्रदीप सारंग ने अपनी लोकार्पित कृति सारंग-हुंडलियाँ पर चर्चा करते हुए कहा कि यह नवाचार है कि 30 दोहे तुलसी दास, 30 दोहे कबीरदास, 70 दोहे रहीमदास को आधार बनाकर दो दो रोला रचकर हुंडलियाँ रची हैं। काव्य कार्यशाला में संरक्षक डॉ अम्बरीष अम्बर, अजय प्रधान, राज कुमार सोनी, सुरेश बहादुर सिंह कौशिक व आदर्श गुलसिया की उपस्थिति में चार दर्जन रचनाकारों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। कवि नागेन्द्र सिंह ने अयोध्या प्रसाद दीक्षित शिष्य के कृतित्व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और प्रकाशन सचिव व कार्यकारी संपादक डॉ कुमार पुष्पेंद्र ने काव्य-मंजरी के संपादन प्रकाशन पर चर्चा की। इस अवसर पर पूर्वज साहित्यकार अयोध्या प्रसाद दीक्षित शिष्य की पत्नी विमला देवी का विशेष सम्मान किया गया।आरम्भ में महासचिव प्रदीप महाजन ने स्वागत और अंत में कमला नारायण ट्रस्ट अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा सहारा ने धन्यवाद आभार व्यक्त किया। कवयित्री सुधा सिंह के संचालन में सम्पन्न काव्य कार्यशाला में डॉ ऊषा चौधरी, डॉ रश्मि सिन्हा, किरण भारद्वाज, डॉ ओपी वर्मा ओम, सिम्पी मौर्या, कल्पना रस्तोगी, शिव कुमार व्यास, जागृति रावत, अजय अटल, रवि रुद्रांश, ध्यान सिंह चिंतन, राम किसुन यादव, राजीव रावत, मालती बच्चन आदि ने काव्यपाठ प्रस्तुत किया।

## दुर्घटना में बाइक सवार दंपति घायल



**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में बाराबंकी-गोंडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज तेज रफ्तार डिजायर कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति और उनका आठ वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्राम बसंतपुर निवासी शिवकुमार दीक्षित (45) अपनी पत्नी देवी (38) और पुत्र शिवांश (8) के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। तेज बारिश के कारण वे चंदनापुर मोड़ के पास रुक गए। बारिश थमने के बाद जैसे ही उन्होंने हाईवे पार करने का प्रयास किया, तभी बाराबंकी की ओर से आ रही तेज रफ्तार डिजायर कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगने से तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में उतर गई और एक पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी रामनगर पहुंचाया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारण कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## वकीलो का प्रदर्शन, नकल हुई जारी



**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने के लिए कई दिनों से ब्लाक के चक्कर लगा रहे वकील की मदद की गुहार पर भारी संख्या में वकीलों का हुजूम ब्लाक पहुंच गया।वकीलों की भीड़ देखते ही आनन-फानन में सेक्रेटरी ने परिवार रजिस्टर की नकल जारी कर दिया। ब्लाक हैदरगढ़ की एक ग्राम पंचायत के निवासी अधिवक्ता अंबरीष यादव अपने गांव के राजितराम को परिवार रजिस्टर की नकल दिलाने के लिए कई दिनों से ब्लाक के चक्कर लगा रहे थे।बुधवार को फिर ब्लाक पहुंचे। सेक्रेटरी ने उनसे प्रधान की सहमति का पत्र मांगा।अधिवक्ता ने बताया कि प्रधान से उनकी नहीं बनती है। इसीलिए क्षेत्र पंचायत सदस्य से सहमति पत्र बनवाकर लगा दिया है। पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि सेक्रेटरी साहब ने उनका आवेदन पत्र उठाकर फेंक दिया।कहा कि जब तक प्रधान की संस्तुति नहीं होगी।नकल नहीं जारी की जाएगी।मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत विधायक व जनप्रतिनिधियों ने वितरित किए कार्ड

## 356 साल पुराने कोटवा धाम का होगा पर्यटन विकास

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) में नए पर्यटन केंद्र विकसित करने की दिशा में आगे ब? रही है। इसी क?ी में राजधानी लखनऊ से सटे बाराबंकी जनपद के कोटवा धाम स्थित जगजीवनदास मंदिर को नया पर्यटन स्वरूप देने की योजना है। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास परियोजना के तहत 202.51 लाख रुपए की लागत से यहां पर्यटन विकास कार्य कराए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य सतनाम पंथ से जु? आस्था स्थल को विशिष्ट पहचान दिलाते हुए श्रद्धालुओं



और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि %समर्थ साहेब बाबा जगजीवन दास जी ने सतनाम पंथ की स्थापना की थी। यह पंथ सत्य की उपासना, मानवीय समानता और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। इसकी मूल भावना आडंबरों और भेदभाव से परे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार सभी धर्मों, पंथों और समुदायों की आस्था का सम्मान करते हुए धार्मिक स्थलों का पर्यटन विकास करा रही है। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ से सटे बाराबंकी के सिरौलीगौसपुर तहसील स्थित कोटवा धाम में जगजीवन दास मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 150 लाख रुपए की राशि जारी की गई है।

### पर्यटन विकास के अंतर्गत होंगे व्यापक कार्य

मुख्यमंत्री पर्यटन विकास परियोजना के तहत श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके अंतर्गत 60.51 लाख रुपए की लागत से यात्री निवास, 13.07 लाख रुपये से शौचालय ब्लॉक तथा 36.13 लाख रुपए से चेंजिंग रूम (वस्त्र परिवर्तन कक्ष) का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त भव्य प्रवेश द्वार, म्यूरल वॉल, सजावटी स्तंभ, पेयजल व्यवस्था, मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं का विस्तार, डेकोरेटेड फ्री-स्टैंडिंग वॉल तथा पेवर ब्लॉक निर्माण जैसे कार्य भी किए जाएंगे।

### प्रदेश के प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों में शामिल कोटवा धाम

बाराबंकी जनपद की सिरौलीगौसपुर तहसील स्थित कोटवा धाम में बाबा जगजीवन दास जी का लगभग 356 वर्ष पुराना मंदिर एवं समाधि स्थल स्थित है। यह सतनाम पंथ की प्रमुख तपोस्थली के रूप में प्रसिद्ध है। मान्यता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेले में प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### जन्मोत्सव पर उमड़ती है प्रदेशभर से श्रद्धालुओं की आस्था

माघ शुक्ल पक्ष की सप्तमी को समर्थ साहेब बाबा जगजीवन दास जी का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर बाराबंकी, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, अयोध्या, रायबरेली, लखनऊ, उन्नाव, कानपुर सहित प्रदेश के अनेक जनपदों तथा अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कोटवा धाम पहुंचते हैं।

## खबर एक नजर

### सीएम शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ सलोन ब्लाक परिसर के सभागार में तहसील स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ अशोक कोरी विधायक सलोन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कस्तूरबा बालिका विद्यालय सलोन की बच्चियों के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के द्वारा किया गया। माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं एवं दीप प्रज्वलन का कार्य उप जिलाधिकारी सलोन एवं खंड विकास अधिकारी सलोन द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा से जुड़े शिक्षकों एवं कर्मचारियों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड देकर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का औपचारिक शुरुआत किया गया और स्कूल सलोन के बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक का सेट वितरित किया गया। इस कार्यक्रम को तहसील सलोन के तीनों खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा सम्मिलित प्रयास से संपादित कराया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षकों के सम्मान और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और उसी कड़ी में आज यह सामाजिक सुरक्षा का उपहार दिया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान करते हुए गांव, गरीब और ग्रामीण परिवेश की शिक्षा को गति देने की अपील की। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण ब्लॉक सभागार में दिखाने के लिए दो बड़ी स्क्रीन के माध्यम से व्यवस्थित प्रयास किया गया था जिसकी सराहना मुख्य अतिथि के द्वारा भी किया गया। कार्यक्रम में विजय प्रकाश खण्ड शिक्षा अधिकारी, डॉ सत्य प्रकाश यादव खण्ड शिक्षा अधिकारी, आनंद प्रताप सिंह, मोहम्मद आजम, गौरव शर्मा, आदित्य पांडेय, रंजीत कुमार, अनुज प्रताप सिंह, अमित सिंह एवं श्याम मिश्रा सहित सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नागेंद्र बहादुर सिंह ने किया।

### बायोपिक में नई कहानी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली की बायोपिक दादा द सौरव गांगुली स्टोरी का फर्स्ट लुक उनके जन्मदिन पर जारी किया गया। फिल्म में राजकुमार राव मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म का निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी ने किया है, जबकि निर्माण लव रंजन और अंकुर गर्ग ने किया है। यह फिल्म 14 मई 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें सौरव गांगुली के संघर्ष, नेतृत्व और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान को दिखाया जाएगा।

### पेड़ को कटवाकर चोरी से बेची लकड़ी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली।** बंटवारे का वाद दायर होने के बावजूद भी एक पक्ष पर चोरी से पेड़ काटकर लकड़ी बेचने की शिकायत एसडीएम से की गई है। कोटिया चित्रा गांव निवासी बजरंगी ने बताया कि शहजादपुर स्थित जमीन पर उसका गाँव के ही लोगों से बंटवारे का वाद विचाराधीन है इसके बावजूद भी आरोप है कि प्रतिपक्षी द्वारा खेत की मेड़ पर खड़े चिलवल के पेड़ को कटवाकर चोरी से लकड़ी बेच डाली गई है। एसडीएम विवेक राजपूत ने बताया कि मामले की जांच कराकर उचित कार्यवाई की जायेगी।

### बनाया व्यूअरशिप का रिकॉर्ड

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** प्रीतम एंड पेड्रो ने जियोहॉटस्टार पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शो का दावा किया है। राजकुमार हिरानी की इस सीरीज ने हिंदी समेत छह भाषाओं में ट्रेंड करते हुए स्क्रिप्टेड शो के लिए सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की।

### बाजार में बीच सड़क भिड़े दो पक्ष, मारपीट से अफरा-तफरी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** नगर के नई बाजार मोहल्ले में मंगलवार शाम बीच बाजार दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। सरेशाम सड़क पर हुई हाथापाई से अफरा-तफरी मच गई। काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। जाम में मरीज को लेकर जा रही एक एंबुलेंस भी फंस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाजार में उस समय काफी भीड़ थी। वाहन निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष सड़क पर ही धक्का मुक्की और मारपीट करने लगे। मारपीट के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम इतना बढ़ गया कि मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस भी बीच रास्ते में फंस गई। इससे आसपास मौजूद लोगों में नाराजगी भी दिखी। बाद में राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

### आज 12 घंटे बंद रहेंगे दो रेलवे फाटक, बड़े वाहनों का आवागमन रहेगा प्रभावित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** कस्बे की बछरावां रोड स्थित रेलवे फाटक संख्या 72-बी और सेमरी.खीरो मार्ग स्थित रेलवे फाटक संख्या 81-सी पर मरम्मत कार्य के चलते बृहस्पतिवार को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक बड़े वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। रेलवे प्रशासन के मुताबिक दोनों फाटकों पर ट्रैक और फाटक की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस दौरान बड़े वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी जबकि छोटे वाहनों का आवागमन एक तरफ से नियंत्रित तरीके से जारी रखा जाएगा। रेल विभाग ने इस संबंध में स्थानीय प्रशासन को पत्र भेजकर आवश्यक यातायात व्यवस्था और मार्ग परिवर्तन की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है। प्रशासन ने वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने व अनावश्यक असुविधा से बचने की अपील की है।

### दौतरा प्रधानाध्यापक आशीष प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** विकास क्षेत्र महराजगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय दौतरा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक आशीष प्रताप सिंह को बुधवार को सम्मानित किया गया। स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 प्रतियोगिता में देशभर में 51वीं रैंक प्राप्त करने वाले आशीष प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया। वाराणसी के बड़ा लालपुर स्थित पंडित दीनदयाल हस्तकला संकुल में कैशलेस चिकित्सा सुविधा का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के 12 विद्यालय को सम्मानित किया गया है। बता दें, प्राथमिक विद्यालय दौतरा ने स्वच्छ एवं हरित विद्यालय प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक आशीष प्रताप सिंह व अन्य शिक्षकों के प्रयास से प्रदेश भर से चयनित 20 विद्यालयों में स्थान बनाया है। राज्य स्तर पर यह प्रतियोगिता जीतकर जनपद रायबरेली का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। विद्यालय द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर, जल संरक्षण एवं नवाचार आधारित गतिविधियों को प्रभावी रूप से लागू किए जाने के चलते यह सफलता मिली है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशन में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 14.75 लाख सरकारी एवं निजी विद्यालयों का स्वच्छता, हरित वातावरण, जल संरक्षण, पर्यावरणीय जागरूकता एवं अन्य निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। इस बहुस्तरीय चयन प्रक्रिया के बाद पूरे देश से मात्र 191 विद्यालयों को राष्ट्रीय विजेता घोषित किया गया, जिनमें जिले के प्राथमिक विद्यालय दौतरा ने भी अपनी जगह बनाकर नया इतिहास रच दिया। विद्यालय की इस सफलता के पीछे वर्ष 2018 से विद्यालय में कार्यरत शिक्षक आशीष प्रताप सिंह की दूरदर्शी सोच, नवाचारपूर्ण कार्यशैली और सतत प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके नेतृत्व में विद्यालय ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा सामुदायिक सहभागिता के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए। शिक्षक आशीष प्रताप सिंह ने विद्यालय परिवार के शिक्षकों संजीव कुमार बाजपेई, विष्णु साहू, सुषमा पाण्डेय एवं शेष दत्त गुप्ता के साथ मिलकर टीम भावना से कार्य करते हुए विद्यालय को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में अहम योगदान दिया।

# प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी एवं छात्र हितैषी बनाने के लिए निरंतर कर रही कार्य-मनोज कुमार पाण्डेय

**बेसिक शिक्षा विभाग के 16365 शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके परिवारों के सदस्य सीएम शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से लाभान्वित, माध्यमिक शिक्षा विभाग के 691 शिक्षक योजना से लाभान्वित**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा वाराणसी से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत 12 लाख शिक्षक एवं उनके परिवारों को लाभ, 1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफार्म, जूता, मोजा, स्वेटर, बैग व स्टेशनरी हेतु प्रति छात्र-छात्रा हेतु रु 1200 वितरण, 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा हेतु स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के साथ एमओयू का निष्पादन, राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का सम्मान का शुभारम्भ किया गया। इसकी क्रम में गोपाल सरस्वती इण्टर कालेज रतापुर में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश मनोज कुमार पाण्डेय ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका उपस्थित रही। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जनपद के शिक्षक, शिक्षामित्र अनुदेशक को मिलाकर 26 एवं एक शिक्षक परिवार के लोगों को योजना का हितलाभ वितरण हेतु कौशलेस कार्ड का वितरित किया गया, इसके अलावा 04 शिक्षकों को 0 बैंक में खाता खोलने पर पासबुक का वितरण किया गया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय कोडरजहानपुर के नव प्रवेशी पांच बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण कर स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया गया। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत पात्र शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारों के सदस्यों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्थायी व संविदा कार्मिक, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की वार्डन और रसोइये इस योजना के दायरे में आते है। जनपद रायबरेली में 2301 परिषदीय व 16 कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा से लाभान्वित हुए। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा विभाग रायबरेली में कुल 46 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं 10 सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत कुल 691 शिक्षक योजना से लाभान्वित हुए, जिसमें शिक्षक 7103, अनुदेशक 562, शिक्षामित्र 2112, रसोइया 6351 केबीजीवी स्टाफ 196 एवं विशेष शिक्षक 41 कुल 16365 शामिल है। इसके अलावा बेसिक शिक्षा विभाग रायबरेली में डीबीटी के अन्तर्गत जनपद में कुल 179111 छात्रों के अभिभावकों के खातों में रु0 1200 की दर से यूनिफ र्म, जूता-मोजा, बैग, स्टेशनरी व स्वेटर छात्रों हेतु लिये जाने के लिए धनराशि प्रेषित की गई।

इस अवसर पर मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी एवं छात्र हितैषी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों एवं उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत आधार प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान और विद्यार्थियों का समग्र विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

डीबीटी के माध्यम से धनराशि सीधे विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में भेजे जाने से पारदर्शिता बढ़ी है तथा लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर कार्य कर रही है आज बेसिक शिक्षा के स्कूलों की स्थिति कान्वेंट स्कूलों से बेहतर है। सरकार शिक्षा के साथ शिक्षकों का भी सम्मान कर रही है। जिसके तहत एक ऐतिहासिक पहल करते हुए शिक्षकों के स्वास्थ्य के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की, इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता हूँ। इससे पूर्व माध्यमिक विद्यालय सराय मुगला द्वारा सरस्वती वंदना, कम्पोजिट विद्यालय जगदीशपुर द्वारा स्वागत गीत एवं प्राथमिक विद्यालय बेहटा खुर्द के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।

मंच का संचालन एसएस पाण्डेय द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय, शिवेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी, शिक्षकगण-कर्मचारीगण व परिवार के सदस्य आदि उपस्थित रहें।



## कम्पोजिट स्कूल बेलीगंज में बिरला सीमेंट के सीएसआर प्रयास से मिली शुद्ध पेयजल की सौगात

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** क्षेत्र स्थित कम्पोजिट स्कूल बेलीगंज में छात्रों के स्वास्थ्य और सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की गई। एमपी बिरला सीमेंट यूनिट द्वारा अपने सीएसआर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय को हैवेल्स आरओ और वोल्टास वाटर कूलर भेंट किया गया। यह व्यवस्था विद्यालय के बच्चों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने में बड़ी भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, एमपी बिरला सीमेंट के यूनिट हेड सुनील कुमार कोठारी ने विधिवत रूप से संयंत्र विद्यालय परिवार को सुपुर्द किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा सुनील कुमार कोठारी का पारंपरिक तरीके से टीका लगाकर और बुके भेंट कर स्वागत करने के साथ हुई। विद्यालय परिसर में मशीन की स्थापना के दौरान शुभता के प्रतीक के रूप में स्वास्तिक बनाकर, रोली-टीका और धूपबत्ती के साथ विधिवत पूजा.अर्चना की गई। तत्पश्चात, फीता काटकर ठंडे पानी की मशीन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की हेडमास्टर रीनू सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बिरला और बेली शब्द न केवल सुनने-लिखने में जुड़े हुए प्रतीत होते हैं, बल्कि आज इस सहयोग ने इन्हें वास्तव में एक-दूसरे के करीब ला दिया है। उन्होंने कहा कि आरओ और ठंडे पानी की सुविधा विद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे बच्चों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा। कार्यक्रम में सीएसआर मैनेजर शिवगोविन्द सिंह, कार्यदायी संस्था विश्वास संस्थान के प्रतिनिधि अनिल प्रजापति और प्रशान्त शुक्ला, डॉ मंजुलिका दीक्षित, विद्यालय के शिक्षक, डीएलएड प्रशिक्षुगण, अभिभावक और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से यूनिट हेड सुनील कुमार कोठारी का और ऑल स्कूल पैरेंट्स एसोसिएशन अध्यक्ष शशांक सिंह राठौर का इस नेक कार्य के लिए विशेष आभार व्यक्त किया गया।





## रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब के संयुक्त मे अयोजित हुआ अधिष्ठापन समारोह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** सामूहिक प्रयास से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है और रोटरी क्लब निरंतर इस दिशा में कार्यरत है। उक्त विचार रोटरी क्लब की डिस्ट्रिक गवर्नर रो पूनम गुलाटी ने रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब के संयुक्त अधिष्ठापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों को संबोधित करते हुए कही। अधिष्ठापन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और राइजिंग चाइल्ड स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष रो रजनीश कपूर द्वारा उपस्थित सदस्यों व अतिथियों का स्वागत किया गया और सचिव रो सचिन मेहरोत्रा द्वारा वर्ष 2025-26 की आख्या प्रस्तुत की गई। सत्र 2026-27 के नव निर्वाचित अध्यक्ष रो नवीन मेहरोत्रा उनके साथ सचिव रो. अमित कुमार लुनिया को पद की शपथ लखनऊ से पधारे असिस्टेंट गवर्नर डिस्ट्रिक 3120 रो एन के गुप्ता द्वारा दिलाई गई। इनरव्हील क्लब की नव निर्वाचित अध्यक्ष निधि मेहरोत्रा एवं सचिव सुनीता राजपाल को पद की शपथ निवर्तमान अध्यक्ष वैशाली चंद्रा द्वारा दिलवाई गई। अपने स्वीकृति संबोधन में अध्यक्ष रो नवीन मेहरोत्रा ने कहा की रोटरी क्लब के ध्येय वाक्य खुद से पहले समाज की अवधारणा का पालन वर्ष भर आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्य में दृष्टिगोचर होगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब रायबरेली की पत्रिका 'प्रेरणा' एवं इनरवील क्लब की पत्रिका 'सुबोधिनी' का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के वार्षिक पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन रो विनय द्विवेदी एवं प्रेरणा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रो सुखुलाल चंदवानी, रो विमल तलरेजा, रो संजय सब्बरवाल, रो संजय जीवनानी, रो ऋषि अग्रवाल, रो अभिषेक गोयल, रो विजय सिंह, रो अजय, रो अतुल भार्गव, रो अरविंद श्रीवास्तव, रो संजय श्रीवास्तव, रो प्रखर गुप्ता, रो हरिहर सिंह रोटरी एवं इनरव्हील क्लब के सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी रो गोविन्द खन्ना द्वारा उपस्थित सदस्यों व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## ननद भाभी के विवाद में बुजुर्ग पिता को पीटा, इलाज के दौरान हुई मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।** ननद भाभी के बीच हुई मारपीट के बाद बेटी को लेकर शिकायत करने कोतवाली जा रहे बुजुर्ग पिता को रास्ते में बहू के मायके वालों ने बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। जिला अस्पताल में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना कोतवाली क्षेत्र के बसुवई मजरे कमालपुर गांव की है। मामला मंगलवार का है। गांव निवासी रामदीन की बहू नीलम और उनकी बेटी शिवानी के मध्य घरेलू विवाद में मारपीट हो गई थी। जिसमें शिवानी घायल हो गई थी। घायल बेटी को लेकर रामदीन 51वर्ष कोतवाली जा रहे थे। इसकी सूचना उनकी बहू नीलम ने अपने मायके वालों को दी। बताया जाता है कि नीलम के भाई अपने अन्य चार साथियों के साथ रास्ते में मनीरामपुर पुल के पास पहुंचा और रामदीन को घेर लिया तथा उनकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे रामदीन गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से रामदीन को गंभीर अवस्था में सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर दशा को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात में जिला अस्पताल में इलाज के दौरान रामदीन की मौत हो गई। मौत की सूचना बुधवार की सुबह जैसे ही उनके गांव पहुंची तो गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने परिवार के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम करा रही है। कोतवाल ओपी राय ने बताया कि मारपीट में घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## भारतीय रेलवे परिवहन एवं प्रबंधन संस्थान (इरीटिम) के महानिदेशक का आरेडिका दौरा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** भारतीय रेलवे परिवहन एवं प्रबंधन संस्थान (इरीटिम) लखनऊ के महानिदेशक प्रकाश रंजन ठाकुर ने बुधवार को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ इरीटिम के प्रोफेसर (फाइनेंस) अखानन्द पाठक भी उपस्थित रहे। दौरे के दौरान महानिदेशक ने आरेडिका के महाप्रबंधक रामन कृष्णन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर कोच उत्पादन, विनिर्माण प्रक्रियाओं तथा उत्पादन क्षमता से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1990 बैच के अधिकारी प्रकाश रंजन ठाकुर को रेलवे संचालन, परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा, प्रशासन तथा विभिन्न मंत्रालयों में तीन दशकों से अधिक का समृद्ध प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय अनुभव प्राप्त है। उन्होंने ने आरेडिका के समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को भी संबोधित किया। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने कार्यस्थल पर सफलता के मूल मंत्रों पर प्रकाश डालते हुए अपने तीन दशकों से अधिक के प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय अनुभव साझा किए। उन्होंने अधिकारियों से सकारात्मक दृष्टिकोण, प्रभावी नेतृत्व, टीम भावना, समयबद्ध निर्णय, सतत सीखने की प्रवृत्ति तथा नवाचार को अपनाते हुए उत्कृष्ट कार्य संस्कृति विकसित करने का आह्वान किया। अपने भ्रमण के दौरान उन्होंने शेल शॉप, बोगी शॉप, व्हील शॉप तथा फर्निशिंग शॉप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अत्याधुनिक मशीनों की कार्यदक्षता का अवलोकन किया तथा वहां कार्यरत कर्मचारियों से मशीनों की कार्यप्रणाली एवं उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आरेडिका में निर्मित वंदे भारत ट्रेन के रेक का भी अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्होंने आरेडिका की खेल सुविधाओं तथा हरित एवं सुव्यवस्थित आवासीय कॉलोनी का भ्रमण किया। फैक्ट्री परिसर एवं कॉलोनी की स्वच्छता, हरियाली तथा आधुनिक व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आरेडिका भारतीय रेल की एक अत्यंत सुंदर, आधुनिक एवं उत्कृष्ट कोच निर्माण इकाई है। बैठक एवं निरीक्षण के दौरान आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक वीके पाठक, प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आभा जैन, मुख्य सतर्कता अधिकारी महेश सिंह, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर का असर, पैचिंग के बजाय बोरियों से ढका गया गड्ढा, खतरा बरकरार

**मुराईबाग चौराहे पर लीपापोती, पैचिंग नहीं, बोरियों से भरा गया गड्ढा, प्रशासन की आधी-अधूरी मरम्मत, हादसे का खतरा बरकरार।**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली।** मुराईबाग चौराहे पर टूटी पुलिया के कारण बना गड्ढा राहगीरों के लिए मुसीबत बना हुआ था। स्वतंत्र भारत में खबर प्रकाशित होने के अगले ही दिन विभाग हरकत में तो आया, लेकिन मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई। बुधवार को छपी खबर में बताया गया था कि गड्ढे में वाहन फंसने और हादसों की आशंका लगातार बढ़ रही है। खबर का असर बुधवार को दिखा। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर गड्ढे को भरने का काम शुरू किया। लेकिन स्थायी पैचिंग के बजाय गड्ढे को प्लास्टिक की बोरियों में मिट्टी और गिट्टी भरकर ढक दिया गया। इससे छोटे वाहनों के फंसने का खतरा कुछ कम हुआ है, मगर भारी वाहनों के पहिए अब भी इसमें धंस सकते हैं। बरसात में बोरियां बहने पर स्थिति फिर पहले जैसी हो जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौराहा डलमऊ का मुख्य जंक्शन है। यहां से रोज सैकड़ों वाहन और स्कूली बच्चे गुजरते हैं। अस्थायी इंतजाम से जान-माल का खतरा टला नहीं है। नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि मानसून से पहले इस गड्ढे की स्थायी मरम्मत कराई जाए। डामर और गिट्टी से पक्का पैचिंग कर मुख्य चौराहे को सुरक्षित किया जाए, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।




## मुख्यमंत्री के लाइव कार्यक्रम में मंच पर सपा नेता के बैठने पर बवाल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।** बुधवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित शिक्षा विभाग के मुख्यमंत्री लाइव प्रसारण कार्यक्रम में सपा नेता को मंचासीन करने को लेकर बवाल हो गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने इस बात को लेकर मोर्चा खोल दिया और कहा कि सरकारी मंच का इस्तेमाल विपक्ष को चमकाने के लिए किया गया है। बुधवार को शिक्षा विभाग का एक कार्यक्रम ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित था। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाइव प्रसारण होना था। इसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी थी। किंतु मंच पर सपा नेता बीएन मौर्य भी मौजूद थे। उनकी पत्नी ऊंचाहार की ब्लॉक प्रमुख है। बीएन मौर्य इधर सपा में काफी सक्रिय है और अपने बेटे के लिए सपा से टिकट मांग रहे है। उनके मंचासीन होने के बाद खासा बवाल खड़ा हो गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने तत्काल उच्चाधिकारियों से बात करके ऐतराज जताया और स्थानीय स्तर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यक्रम में सपा को जगह देना कार्यकर्ताओं के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि अगर सरकारी कार्यक्रम ही पार्टी का फर्क भूल जाए तो फिर जनता किस पर भरोसा करेगी। उधर इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी ब्रह्मा सिंह ने बताया कि उन्होंने किसी सपा नेता को नहीं बुलाया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने उन्हें बुलाया था।



# मां बगलामुखी मंदिर में दान संग्रह पर उठे सवाल

## निजी समिति की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित



**आगर मालवा।** आगर मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में श्रद्धालुओं से नकद राशि और सोने-चांदी के आभूषण दान के रूप में एकत्रित किए जाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंदिर परिसर में एक अशासकीय समिति बनाकर दान संग्रह किए जाने और रसीदें जारी करने के आरोपों के बाद कलेक्टर प्रीति यादव ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है, जिसे सात दिनों के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

**निजी समिति बनाकर लिया जा रहा था नकद और स्वर्ण-रजत दान**

जानकारी के अनुसार, मंदिर के गर्भगृह को रजत मंडित कराने के नाम पर कुछ अशासकीय लोगों ने समिति का गठन कर मंदिर परिसर में ही श्रद्धालुओं से नकद दान और सोने-चांदी के आभूषण एकत्रित किए। इतना ही नहीं, दानदाताओं को बाकायदा रसीदें भी जारी की जा रही थीं। चूंकि मां बगलामुखी मंदिर का संचालन शासकीय प्रबंधन के अधीन होता है, इसलिए निजी समिति द्वारा इस प्रकार दान संग्रह किए जाने पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर प्रीति यादव ने जांच के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) बी.एस. सोलंकी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। समिति में जिला कोषालय अधिकारी मनीष सोलंकी और मुख्य नगरपालिका अधिकारी नलखेड़ा मिनी अग्रवाल को सदस्य बनाया गया है। समिति दान संग्रह की पूरी प्रक्रिया, प्राप्त नकद राशि और स्वर्ण-रजत आभूषणों का विवरण, उनके लेखा-जोखा तथा लगाए गए आरोपों की जांच करेगी और अपने सुझावों सहित सात दिनों के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन प्रशासन को सौंपेगी। हैरानी की बात यह है कि अशासकीय समिति मंदिर परिसर में ही श्रद्धालुओं से दान लेकर उन्हें रसीदें भी जारी कर रही थी। जबकि मंदिर का संचालन प्रशासनिक व्यवस्था के तहत होता है, जहां डिप्टी कलेक्टर एवं एसडीएम अध्यक्ष तथा तहसीलदार सचिव की जिम्मेदारी निभाते हैं। मंदिर कार्यालय में आउटसोर्स कर्मचारी भी नियमित रूप से कार्यरत हैं। इसके बावजूद लंबे समय तक इस व्यवस्था पर किसी स्तर पर आपत्ति नहीं उठाई गई, जिससे प्रशासनिक निगरानी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# आस्था : राम नाम के बेलपत्र से सजे महाकाल

**उज्जैन।** आषाढ़ कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि पर बुधवार तड़के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित विश्व प्रसिद्ध भस्म

**भस्म आरती में उमड़ी भक्तों की भीड़**

आरती में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। सुबह चार बजे से शुरू हुई भस्म आरती के दौरान हजारों श्रद्धालु बाबा महाकाल के दिव्य दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। देर रात से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गई थीं और पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल के जयघोष से गूंज उठा। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि आषाढ़ कृष्ण पक्ष की नवमी पर बुधवार सुबह चार बजे वीरभद्र से आज्ञा लेने के बाद मंदिर के पट खोले गए। इसके बाद पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में विराजमान सभी देवी-देवताओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। पूजन के बाद



भगवान महाकाल का जल, दूध, दही, घी, शक्कर, पंचामृत और फलों के रस से अभिषेक किया गया। इस दौरान प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। अभिषेक के बाद पुजारियों और पुरोहितों ने बाबा महाकाल का भव्य श्रृंगार किया। कपूर आरती के पश्चात भगवान को नवीन मुकुट धारण कराया गया। इसके बाद महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से शिवलिंग पर भस्म अर्पित की गई। आज के श्रृंगार की विशेषता यह रही कि बाबा महाकाल का अलौकिक श्रृंगार राम नाम अंकित बेलपत्र और सर्प से किया गया। झांझ-मंजीरे, ढोल-नगाड़ों और शंखनाद के बीच भस्म आरती संपन्न हुई, जिसका हजारों श्रद्धालुओं ने दिव्य दर्शन किया। धार्मिक मान्यता है कि भस्म अर्पित होने के बाद भगवान महाकाल निराकार से साकार स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। इसी कारण प्रतिदिन होने वाली भस्म आरती का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है और देश-विदेश से श्रद्धालु इस आरती में शामिल होने के लिए उज्जैन पहुंचते हैं।

# सीजेआई की टिप्पणी से हुआ सीजेपी का गठन : दीपके

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा कथित तौर पर सरकार की आलोचना करने वाले युवाओं की तुलना कॉकरोच से करने

**24 घंटे में मिले 30 हजार सदस्य**

के बाद एक अनोखी प्रतिक्रिया सामने आई है। इंजीनियरिंग ग्रेजुएट अभिजीत दीपके ने इस टिप्पणी पर एक्स पर एक वायरल पोस्ट के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। दिपके ने कहा कि उनका मकसद कोई छात्र आंदोलन शुरू करना नहीं था। 30 साल के दीपके ने इस विचार को कॉकरोच जनता पार्टी नामक एक पैरोडी प्लेटफॉर्म में बदल दिया। इस प्लेटफॉर्म को लॉन्च होने के 24 घंटे के भीतर ही 30,000 से ज्यादा सदस्य मिल गए। यह घटना सोशल मीडिया पर तेजी से फैली और युवाओं के बीच चर्चा का विषय बन गई। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान यह टिप्पणी की थी। उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि कुछ युवा सरकार की आलोचना करते हैं, लेकिन वे देश के विकास में कोई योगदान नहीं देते। इस टिप्पणी को कई लोगों ने युवाओं के प्रति अपमानजनक माना। सोशल मीडिया पर इस टिप्पणी को लेकर तीखी बहस छिड़ गई। कई युवाओं ने इसे अपनी आवाज दबाने का प्रयास बताया। अभिजीत दीपके ने मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी को व्यंग्यात्मक रूप से लिया। उन्होंने कॉकरोच जनता पार्टी बनाकर इस पर प्रतिक्रिया दी। यह प्लेटफॉर्म युवाओं को एक साथ लाने और अपनी बात रखने का एक मंच बन गया। दीपके ने स्पष्ट किया कि यह एक पैरोडी है और इसका उद्देश्य किसी राजनीतिक दल का गठन करना नहीं है। इसका मुख्य लक्ष्य मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी पर रचनात्मक विरोध दर्ज कराना था।

# जम्मू कश्मीर में बिगड़े मौसम के हालात

## केंद्र ने हरसंभव मदद का दिलाया भरोसा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ (फ्लैश फ्लड) के बाद केंद्र सरकार ने स्थिति पर नजर बढ़ा दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से फोन पर बातचीत कर हालात की जानकारी ली और केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। भारी बारिश के कारण चिनाब घाटी के कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। डोडा जिले में बाढ़ के पानी और मलबे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-244 को प्रेमनगर के पास बंद करना पड़ा, जिससे दोनों ओर कई वाहन फंस गए। प्रशासन की टीमें सड़क को बहाल करने के काम में जुटी हुई हैं। हाईवे बंद होने का असर वार्षिक मचैल यात्रा पर भी पड़ा है। अधिकारियों ने यात्रियों और आम लोगों को मार्ग सुरक्षित घोषित होने तक इस रास्ते से यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। वहीं, किश्तवाड़ जिले



में 540 मेगावाट के क्वार हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट को भी बाढ़ से नुकसान पहुंचा है। टेलरेस टनल (टीआरटी) क्षेत्र में पानी और कीचड़ का तेज बहाव आने से कई वाहन मलबे में दब गए और परियोजना के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने राहत और मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया है। प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति का आकलन किया जा रहा है और संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। इससे पहले चिनाब नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद रामबन जिले में स्थित बगलिहार बांध के तीन गेट खोले गए थे। प्रशासन लगातार मौसम और नदी के जलस्तर पर नजर बनाए हुए है और लोगों से बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाने से बचने की अपील की गई है।

# सात दिन बाद जंगल में मिली लापता युवती

**अल्मोड़ा।** रानीखेत के मजखाली क्षेत्र से करीब एक सप्ताह से लापता 28 वर्षीय युवती को अल्मोड़ा पुलिस और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने घने जंगल से सकुशल बरामद कर लिया। लगातार बारिश और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र के बीच पांच दिन तक चले सघन सर्च अभियान के बाद मंगलवार शाम सुंदरखाल के जंगल में युवती का पता चला। प्राथमिक उपचार के बाद उसे स्ट्रेचर के सहारे करीब छह किलोमीटर पैदल मुख्य सड़क तक लाया गया, जहां से एंबुलेंस से राजकीय चिकित्सालय रानीखेत भेजा गया। पुलिस के अनुसार रानीखेत निवासी गिरीश पुजारी ने तीन जुलाई को कोतवाली में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। युवती एक जुलाई की शाम घर से बिना बताए चली गई थी और परिजनों की काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला था। पुलिस, एसडीआरएफ, फायर सर्विस, पीएसी, डॉग स्क्वॉड और वन विभाग की संयुक्त टीमों ने मजखाली, कालिका, दलमोटी, सुंदरखाल और बबूधाम के जंगलों में लगातार कॉम्बिंग की।

# एक नजर

## घने जंगल में रास्ता भटकीं पांच महिलाएं

**एसडीआरएफ ने 12 किमी पैदल चलकर किया रेस्क्यू**

**देहरादून।** देहरादून लक्ष्मण सिद्ध मंदिर के पास घने जंगल में रास्ता भटक जाने से पांच महिलाओं की जान पर बन आई, लेकिन एसडीआरएफ ने समय रहते सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। एसडीआरएफ के अनुसार डीसीआर देहरादून और चौकी हर्रावाला से सूचना मिली कि लक्ष्मण सिद्ध मंदिर के निकट जंगल में पांच महिलाएं रास्ता भटक गई हैं और अपने स्तर पर बाहर निकलने में असमर्थ हैं। सूचना मिलते ही मुख्य आरक्षी शैलेंद्र रावत के नेतृत्व में एसडीआरएफ की अलर्ट टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचकर एसडीआरएफ ने स्थानीय पुलिस और वन विभाग के साथ संयुक्त रूप से सर्च अभियान शुरू किया। घने जंगल, दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच टीम ने करीब 12 किलोमीटर तक पैदल सर्च ऑपरेशन चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने जंगल के भीतर फंसी सभी पांच महिलाओं को सकुशल खोज निकाला। इसके बाद उन्हें सुरक्षित पैदल जंगल से बाहर लाकर रोड हेड तक पहुंचाया गया और फिर चौकी हर्रावाला पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। एसडीआरएफ की त्वरित कार्रवाई और समन्वित रेस्क्यू अभियान से सभी महिलाओं को सुरक्षित बचा लिया गया। अधिकारियों ने जंगल या ट्रैकिंग क्षेत्र में जाने वाले लोगों से निर्धारित मार्ग का ही उपयोग करने और आवश्यक सुरक्षा सावधानियां बरतने की अपील की है।

## 45 घंटे से 300 फीट ऊंचे बीएसएनएल टॉवर पर बैठा शख्स

**स्पेशल रेस्क्यू टीम भी नहीं उतार सकी**

**छिंदवाड़ा।** पांढुर्णा शहर के तीन शेर चौक स्थित करीब 300 फीट ऊंचे बीएसएनएल टॉवर पर चढ़े एक आदमी को 45 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन वह अब भी नीचे उतरने को तैयार नहीं है। सोमवार शाम शुरू हुआ यह घटनाक्रम बुधवार तक जारी रहा। बीते दो दिनों से पुलिस, प्रशासन, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग और छिंदवाड़ा से बुलाई गई विशेष रेस्क्यू टीम लगातार उसे सुरक्षित नीचे उतारने में जुटी है, लेकिन अब तक सफलता हाथ नहीं लगी है। शख्स के लगातार टॉवर पर डटे रहने से प्रशासन की चिंता बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार शख्स टॉवर के सबसे ऊपरी हिस्से पर बैठा है। उसके हाथ में लोहे की एक रॉड भी है, जिसके कारण रेस्क्यू अभियान बेहद संवेदनशील और जोखिम भरा हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी प्रकार की जल्दबाजी या दबाव बनाया गया तो वह आदमी कोई अप्रिय कदम उठा सकता है। इसी कारण पूरी कार्रवाई अत्यंत सतर्कता और संयम के साथ की जा रही है। बुधवार को छिंदवाड़ा से पहुंची विशेष रेस्क्यू टीम ने कई घंटे तक अभियान चलाया। टीम के सदस्य टॉवर पर चढ़े और सुरक्षित दूरी बनाकर शख्स से लगातार बातचीत करते रहे। उसे भरोसा दिलाया गया कि उसकी हर बात सुनी जाएगी और प्रशासन उसकी समस्याओं के समाधान के लिए तैयार है। इसके बावजूद शख्स किसी भी तरह नीचे आने के लिए राजी नहीं हुआ। काफी देर तक समझाइश के बाद भी जब कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला तो टीम को वापस उतरना पड़ा।

## अमरनाथ गुफा संरक्षण को लेकर इल्तिजा ने चिंता जताई

**पीडीपी नेता ने पर्यावरण समस्या का भी किया जिक्र**

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने अमरनाथ गुफा के संरक्षण को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पवित्र गुफा की प्राकृतिक स्थिति और पर्यावरण संरक्षण को श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाने से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इल्तिजा मुफ्ती ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि अमरनाथ यात्रा के शुरुआती पांच दिनों में ही 1.13 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं, जबकि प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय सीमा का भी उन्होंने जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पवित्र गुफा की गुणवत्ता और संरक्षण सबसे महत्वपूर्ण है। इल्तिजा ने अमरनाथ क्षेत्र में बढ़ते निर्माण, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही और पर्यावरण पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर सवाल उठाए। पीडीपी नेता ने दावा किया कि जलवायु परिवर्तन, पेड़ों की कटाई, अवैध खनन, कचरा प्रबंधन की समस्या और जलस्तर में कमी जैसे कारणों से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। पहाड़ों, नदियों और ग्लेशियरों को बचाने के लिए लंबे समय की टिकाऊ पर्यावरण और पर्यटन नीति की जरूरत है। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड से अपील की कि पवित्र गुफा की भौगोलिक और पर्यावरणीय संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए फैसले लिए जाएं। अमरनाथ यात्रा कश्मीरियत की परंपरा से जुड़ी हुई है और श्रद्धालुओं का स्वागत हमेशा होता रहेगा लेकिन इस विरासत को बनाए रखने के लिए संरक्षण पर अधिक ध्यान देना जरूरी है।

## फर्जी ई-चालान एपीके से 24.40 लाख की साइबर ठगी

**गुजरात पुलिस ने उज्जैन से दो आरोपी दबोचे**

**उज्जैन।** सूरत साइबर क्राइम सेल ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने एक ऐसा बैंक खाता उपलब्ध कराया था, जिसका इस्तेमाल साइबर ठगी में किया गया। इस ठगी में एक व्यक्ति से फर्जी आरटीओ ई-चालान एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर उसका मोबाइल हैक किया गया और उसके खाते से 24.40 लाख रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक एम.सी. नायक के नेतृत्व में तकनीकी जांच और मानव खुफिया सूचना (ह्यूमन इंटेलिजेंस) के आधार पर यह कार्रवाई उज्जैन में की गई। पुलिस के अनुसार, यह ठगी 21 जनवरी से 25 मई के बीच हुई। शिकायतकर्ता को ई-चालान.एपीके नाम का एक फर्जी डिजिटल आरटीओ ई-चालान एप भेजा गया था। जैसे ही उसने यह एपीके फाइल डाउनलोड की, उसका मोबाइल फोन हैक हो गया। इसके बाद आरोपियों ने बिना उसकी जानकारी के उसके बैंक खाते से 24.40 लाख रुपये तीन अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। इस मामले में सूरत साइबर क्राइम पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 318(4), 336(2), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 3(5) तथा सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम, 2008 की धारा 66(सी) और 66(डी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उज्जैन जिले के बड़नगर निवासी 26 वर्षीय मजदूर रितिक बाली और 44 वर्षीय बेरोजगार टिंकू परमार के रूप में हुई है।

# दिल्ली में कचरे से बने ईंधन पर दौड़ेंगी बसें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी अपने क्रांतिकारी और लीक से हटकर किए जाने वाले दावों और

**नितिन गडकरी ने कहा-हाइड्रोजन ही भविष्य**



कोशिशों के लिए भी जाने जाते हैं। हाल ही में दिल्ली भाजपा द्वारा आयोजित एक यूथ कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उन्होंने एक और बेहद अनोखा विजन देश के सामने रखा है। गडकरी का दावा है कि आने वाले समय में देश की राजधानी दिल्ली की बसें नगर निगम के कचरे से तैयार होने वाली हाइड्रोजन गैस पर दौड़ेंगी। नितिन गडकरी ने एक ऐसे भविष्य की कल्पना साझा की जहां वाहन चलने के लिए पानी का उपयोग करके हाइड्रोजन पैदा करेंगे। जब लोगों ने इस पर सवाल उठाए, तो उन्होंने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा, लोगों ने मुझसे पूछा कि यह कैसे होगा? क्या पिछले 50 वर्षों में कभी ऐसा समय आया है जब मेरे द्वारा की गई कोई भविष्यवाणी सच न हुई हो? इस योजना के तहत दिल्ली के लैंडफिल साइट्स (कूड़े के पहाड़ों) से निकलने वाले नगरपालिका के कचरे को पहले अलग-अलग (वर्गों में) छांटा जाएगा। इसके बाद इस कचरे का उपयोग बायोडीजलस्टर्स के जरिए हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए किया जाएगा। इसी कचरे से बनी हाइड्रोजन से दिल्ली की बसें चलाई जाएंगी। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि दिल्ली के लैंडफिल साइट्स से लगभग 80 लाख टन कचरे का उपयोग पहले ही एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए किया जा चुका है। गडकरी ने घोषणा की है कि साल 2027 तक पूरे देश से कचरे को पूरी तरह से समाप्त करने की योजना पर काम किया जा रहा है। कचरा प्रबंधन के आर्थिक फायदों को रेखांकित करते हुए उन्होंने उदाहरण दिया कि उनके अपने संसदीय क्षेत्र (नागपुर) का नगर निगम ट्रीटेड वेस्टवाटर (साफ किए गए गंदे पानी) को बेचकर सालाना करीब 325 करोड़ रुपये की कमाई कर रहा है।

# इंदौर में अब गंदे पानी के कारण जलसंकट

**बारिश के कारण नलों में नहीं आ रहा साफ पानी**

**इंदौर।** इंदौर में हुई 13 इंच बारिश ने बोरिंगों को तो रिचार्ज कर दिया है, लेकिन अभी भी शहरवासियों को जलसंकट झेलना पड़ रहा है। नलों में जो पानी रोज सप्लाई हो रहा है, वह ज्यादातर इलाकों में साफ नहीं आ रहा है। पानी में मटमैलापन है और कई परिवार पानी को गर्म करके पी रहे हैं, ताकि पानी के कारण बीमारी न हो। उधर, भागीरथपुरा दूषित पेयजल कांड के बाद नगर निगम के अफसर भी इस बार गंदे पानी की समस्या को लेकर ज्यादा सतर्क हैं और रोज पानी के सैंपलों की संख्या बढ़ा दी है। इंदौर के सुखलिया ग्राम, खातीपुरा, परदेशीपुरा, बाणगंगा, जनता कॉलोनी सहित कई इलाकों में नलों में गंदा पानी आ रहा है। इसके अलावा राजवाड़ा और आसपास के इलाकों में नर्मदा लाइन पुरानी हो चुकी है और वहां नालियां भी खुली हैं। इस कारण वहां भी नलों से मटमैले पानी की सप्लाई हो रही है।

# मनचलों की हरकत पर युवती का फूटा गुस्सा

**इंदौर।** इंदौर के एमआईजी थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एक युवक की बीच सड़क पर बेरहमी से पिटाई कर दी गई। इस पूरी घटना का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मौके पर मौजूद

**सरेराह लात-घूंसों से पीटा, मंगवाई माफी**

लोगों के अनुसार एक युवती ने युवक पर छेड़छाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है, जबकि स्थानीय पुलिस का कहना है कि इस मामले में अभी तक कोई भी औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह पूरी घटना एमआईजी थाना इलाके में स्थित आस्था टॉकीज के पास की है। वहां एक युवती और उसके साथ मौजूद कुछ अन्य लोगों ने मिलकर एक युवक की जमकर धुनाई कर दी। घटना को देखने वाले प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पीड़ित युवक उस समय काफी नशे की हालत में लग रहा था। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवती उस युवक पर लगातार थप्पड़ और लात-घूंसों की बरसात कर रही है। इस मारपीट के दौरान युवक हाथ जोड़कर उससे लगातार माफी मांगता हुआ भी नजर आ रहा है। इस हाई वोल्टेज ड्रामे के दौरान सड़क पर बड़ी संख्या में राहगीर और स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। वहां मौजूद कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन निकालकर इस पूरी घटना का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा कर दिया। युवक पर आरोप है कि बुरी तरह पिटाई करने के बाद उसके कपड़े भी बीच सड़क पर ही जबरन उतरवा दिए गए, जिससे वहां काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

# दिल्ली में बीच सड़क टैक्सी ड्राइवर की गुंडागर्दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में द्वारका एक्सप्रेसवे टनल में बीती शाम रोडरेज की एक घटना सामने आई। पुलिस को इस संबंध में एक

**कार टकराई और डंडा उठाया**

पीसीआर कॉल मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी वैगनआर कार की एक सफेद मारुति अर्टिगा टैक्सी से हल्की टक्कर हो गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, टक्कर के बाद टैक्सी चालक ने डंडे से हमला करने का प्रयास किया। बचाव में शिकायतकर्ता ने टैक्सी चालक को धक्का दिया। इससे टैक्सी चालक पास खड़ी एक किआ सेल्टोस कार से टकरा गया। किआ सेल्टोस कार को मामूली नुकसान हुआ। घटना के बाद टैक्सी चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ। शिकायतकर्ता ने इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाही है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। फरार टैक्सी चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना द्वारका एक्सप्रेसवे टनल के भीतर हुई। टक्कर के बाद टैक्सी चालक का आक्रामक व्यवहार रोडरेज का कारण बना। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। हालांकि, तब तक टैक्सी चालक वहां से जा चुका था। पुलिस ने शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से टैक्सी के नंबर और चालक की पहचान की जा रही है।

# इंदौर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई अब हिंदी में!

## एसजीएसआईटीएस की नई पहल, चार साल की बाध्यता खत्म

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित एसजीएसआईटीएस ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाया है। नए शैक्षणिक सत्र से संस्थान पहली बार हिंदी माध्यम में बीटेक सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू करने जा रहा है। इस कोर्स की सबसे खास बात यह है कि छात्रों को पूरे चार साल तक लगातार पढ़ाई करने की बाध्यता नहीं होगी। नई शिक्षा नीति के तहत तैयार इस पाठ्यक्रम में मल्टीपल एंट्री और एग्जिट की सुविधा दी गई है, जिससे छात्र बीच में भी पढ़ाई छोड़ने पर भी योग्यता के अनुसार रोजगार हासिल कर सकेंगे और बाद में दोबारा पढ़ाई पूरी कर सकेंगे। श्री गोविंदराम सेकसरिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एसजीएसआईटीएस) इंदौर ने ग्रामीण और हिंदी माध्यम से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला लिया है। संस्थान में नए शैक्षणिक सत्र से



पहली बार हिंदी माध्यम में इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की जा रही है। इसकी शुरुआत बीटेक सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच से की गई है।

**चार साल लगातार पढ़ने की बाध्यता नहीं**

इस विशेष पाठ्यक्रम को इस तरह तैयार किया गया है कि छात्रों को लगातार चार साल तक पढ़ाई करना अनिवार्य नहीं होगा। यदि कोई छात्र पहले वर्ष के बाद पढ़ाई छोड़ता है तो वह आईटीआई ड्राफ्टसमैन स्तर पर काम करने के योग्य होगा। दूसरे वर्ष की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह साइट सुपरविजन का कार्य कर सकेगा। तीन वर्ष पूरे करने पर छात्र को सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा मिलेगा, जबकि चौथा वर्ष पूरा करने पर बीटेक की डिग्री प्रदान की जाएगी। संस्थान के अनुसार इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य निर्माण स्थलों पर काम करने वाले मजदूरों और इंजीनियरों के बीच भाषा की बाधा को खत्म करना है। अधिकांश निर्माण स्थलों पर कामगारों से हिंदी या स्थानीय भाषा में ही संवाद किया जाता है। अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करने वाले कई इंजीनियरों को डिजाइन, सुरक्षा नियम और तकनीकी निर्देश समझाने में कठिनाई होती है। हिंदी माध्यम में पढ़ाई होने से यह संवाद अधिक सहज और प्रभावी होगा।

# तस्कर ने तस्करों को ऐसे बनाया शिकार!

**खुद ही पुलिस से पकड़वा दिया नकली माल**

**जयपुर।** नशे के कारोबार में मुनाफे की लालच आखिरकार तस्करों पर ही भारी पड़ गई। राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने ऐसे शातिर सप्लायर को गिरफ्तार किया है, जिसने प्रतिबंधित ब्रोमो केमिकल के नाम पर अपने ही तस्कर साथियों से 6.5 लाख रुपए ऐंठ लिए। इतना ही नहीं, ठगी का राज छिपाने के लिए उसने खुद ही पुलिस को मुखबिर के जरिए टैंकर की सूचना देकर माल पकड़वा दिया, ताकि खरीदारों को लगे कि उनका केमिकल पुलिस ने जब्त कर लिया है। एएनटीएफ के ऑपरेशन विषवाहिनी के तहत गिरफ्तार मुख्य आरोपी मांगीलाल विश्नोई लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार सांचौर-बाड़मेर क्षेत्र के तस्करों ने हैदराबाद से प्रतिबंधित ब्रोमो केमिकल मंगाने के लिए उससे करीब 6.5 लाख रुपए की डील की थी। लेकिन जब ब्रोमो उपलब्ध नहीं हुआ तो उसने महज 3,750 रुपए की पीओपी (कैल्शियम सल्फेट) खरीदकर ड्रमों में भर दी और उन पर ब्रोमो के स्टिकर चिपका दिए।

# सेंसेक्स 1677 अंक गिरा, निफ्टी 23900 के नीचे बंद हुआ



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों की उथल-पुथल और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ युद्ध विराम समझौता खत्म घोषित किए जाने के बाद बाजार में चौतरफा बिकवाली तेज हो गई, जिससे पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने की आशंका गहरा गई।

कारोबार आंकड़े-
कारोबार के अंत में बीएसई का सेंसेक्स 1,677 अंक टूटकर बंद हुआ। हालांकि, दोपहर के कारोबार में सेंसेक्स एक समय 1,914 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी50 भी 581 अंक की गिरावट के साथ 23,900 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे बंद हुआ। इस भारी गिरावट से निवेशकों की करीब 10 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति एक ही दिन में घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण घटकर 470 लाख करोड़ रुपये रह गया।

शेयर दबाव- सेंसेक्स के सभी 30 शेयर लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी बैंक, एफएमसीजी और ऑयल एंड गैस सूचकांकों में 2% से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। मिडकैप 100 और स्मॉलकैप 100 सूचकांक भी करीब 2% तक फिसल गए।

एआई फीचर्स- मोटो जी77 पावर की घोषणा की है। मोटोरोला मैनेजिंग डायरेक्टर टी.एम. नरसिम्हन ने कहा कि यह डिवाइस कैमरा, बैटरी और एआई फीचर्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

प्रमुख गिरावट- जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर 5प्रतिशत और मारुति सुजुकी के शेयर 4प्रतिशत तक टूट गए। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक और भारती एयरटेल में भी 2प्रतिशत से 4प्रतिशत तक की गिरावट रही। एनएसई पर 694 शेयर बढ़त में रहे, जबकि 2,525 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार में उतार-चढ़ाव का संकेतक इंडिया वीआईएक्स 27प्रतिशत उछलकर 14.85 पर पहुंच गया।

गिरावट कारण- बाजार में गिरावट के पीछे कई प्रमुख कारण रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध विराम समझौता समाप्त करने की घोषणा करते हुए नए प्रतिबंध लगाए। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से ब्रेंट क्रूड लगभग 5% उछलकर 78.09 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। यूरोपीय बाजारों में करीब 2प्रतिशत, जापान के निक्केई में 1.5प्रतिशत और दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 6प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

अनपैक्ड- 22 जुलाई को लंदन में गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट आयोजित करने की घोषणा की है। इस दौरान सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने गैलेक्सी सीरीज के नए डिवाइस पेश करेगी, जिनका सीधा प्रसारण ऑनलाइन भी किया जाएगा।

कच्चे तेल में उछाल- वहीं अमेरिकी 10 वर्षीय ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड 4.565% और 30 वर्षीय बॉन्ड यील्ड 5.068% तक पहुंच गई। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के चलते भारतीय रुपया भी डॉलर के मुकाबले 0.6प्रतिशत कमजोर होकर 95.50 के पार पहुंच गया।

विशेषज्ञ राय- जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से बाजार में अनिश्चितता बढ़ी है। हालांकि भारत के मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे और विदेशी निवेश की संभावनाएं बाजार को लंबी अवधि में सहारा दे सकती हैं।

गैस स्टोव- स्टेलोरा स्टेनलेस स्टील गैस स्टोव में 3-बर्नर और 4-बर्नर विकल्पों में उपलब्ध होगी तथा टीटीके प्रेस्टीज ने इसकी बॉडी और बर्नर्स पर अलग-अलग वारंटी देने की जानकारी दी।

चालू खाता- वहीं इक्विपस सिक्योरिटीज के मौलिक पटेल का कहना है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें अल्पावधि में चालू खाता घाटे और महंगाई पर दबाव डाल सकती हैं। हालांकि पिछले 26 वर्षों में भारत की ऊर्जा सघनता में 60% से अधिक की कमी आई है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था अब बाहरी झटकों का सामना पहले की तुलना में बेहतर तरीके से कर सकती है।

आगे रणनीति- विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में निवेशकों को जल्दबाजी में फैसले लेने से बचना चाहिए। उनका कहना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत बुनियादी संकेतकों को देखते हुए फिलहाल 'वेट एंड वॉच' की रणनीति अपनाना बेहतर रहेगा।

# सोना 800 रुपये टूटा, दिल्ली में 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में सोने का भाव लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में नरम पड़ा। बुधवार को सोना 800 रुपये गिरकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और कमजोर वैश्विक रुझानों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 800 रुपये घटकर 1,48,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुआ। मंगलवार को इसका भाव 1,49,250 रुपये प्रति 10 ग्राम था। हालांकि, चांदी की कीमत 2,39,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही।

गिरावट वजह- व्यापारियों के अनुसार कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई की चिंताओं को बढ़ाया है। इससे अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड और डॉलर मजबूत हुए, जिसके चलते बुलियन पर दबाव बना रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से कीमती धातुओं के प्रति निवेशकों की धारणा कमजोर हुई है।

वैश्विक असर- अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 49.46 डॉलर यानी 1.2 फीसदी गिरकर 4,056.24 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। चांदी भी गिरकर 58.61 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। मीरा एसेट शेयरखान के कमोडिटीज प्रमुख प्रवीण सिंह ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ अंतरिम शांति समझौते को समाप्त घोषित करने के बाद वैश्विक बाजारों में हाजिर सोने पर दबाव बढ़ गया।

तनाव प्रभाव- अमेरिका और ईरान के बीच नए सिरे से बढ़े तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 7 फीसदी का उछाल आया। इसके साथ ही अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड और डॉलर सूचकांक भी मजबूत हुए। विशेषज्ञों का मानना है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतें महंगाई को बढ़ा सकती हैं और ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा बनाए रख सकती हैं।

आगे नजर-ऑगमांट की अनुसंधान प्रमुख रेनिशा चैनानी के अनुसार निवेशकों की नजर अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व की एफओएमसी बैठक के विवरण पर है। इससे ब्याज दरों की आगे की दिशा के संकेत मिलने की उम्मीद है, जिसका असर सोने-चांदी समेत वैश्विक कमोडिटी बाजार पर भी पड़ सकता है।

# भारत-आसियान व्यापार ने भरी उड़ान, 128 अरब डॉलर के पार पहुंचा द्विपक्षीय कारोबार



**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के बीच आर्थिक रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 128 अरब अमेरिकी डॉलर के पार पहुंच गया है। केंद्र सरकार ने बुधवार को जारी आधिकारिक बयान में इसे भारत और आसियान के बीच बढ़ते आर्थिक सहयोग और व्यापारिक विश्वास का प्रमाण बताया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, आसियान भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार बना हुआ है और भारत के कुल वैश्विक व्यापार में इसकी हिस्सेदारी लगभग 11 प्रतिशत है। पिछले कुछ वर्षों में दोनों पक्षों के बीच व्यापार, निवेश, विनिर्माण, आपूर्ति श्रृंखला और सेवा क्षेत्र में सहयोग लगातार बढ़ा है।

भारत और आसियान के बीच व्यापारिक संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए 6 से 10 जुलाई तक नई दिल्ली में 13वीं आसियान-भारत ट्रेड इन गुड्स एग्रीमेंट (एआईटीआईजीए) संयुक्त समिति और उससे जुड़ी विभिन्न उप-समितियों की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों का उद्देश्य एआईटीआईजीए की समीक्षा के तहत चल रही वार्ताओं की प्रगति का आकलन करना और लंबित विषयों पर सहमति बनाना है। मंत्रालय ने बताया कि संयुक्त समिति की बैठक में सभी उप-समितियों को उनके कार्यक्षेत्र के अनुसार रणनीतिक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही उनसे एआईटीआईजीए की समीक्षा के अंतर्गत शेष बचे अध्यायों को जल्द पूरा करने का आग्रह किया गया। सरकार का मानना है कि समझौते में सुधार होने से व्यापारिक प्रक्रियाएं और सरल होंगी तथा दोनों पक्षों के कारोबारियों को अधिक लाभ मिलेगा। आधिकारिक बयान के अनुसार, बातचीत की गति बनाए रखने के लिए उप-समितियों को तय समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें निर्धारित समय में ठोस परिणाम हासिल करने के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। वर्तमान में आठ उप-समितियों में से तीन की बैठकें संयुक्त समिति के साथ-साथ आयोजित हो रही हैं। इनमें सीमा शुल्क प्रक्रियाओं और व्यापार सुविधा से संबंधित उप-समिति, राष्ट्रीय व्यवहार एवं बाजार पहुंच से जुड़ी उप-समिति तथा मूल नियमों (रूल्स ऑफ ओरिजिन) से संबंधित उप-समिति शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि ये बैठकें भारत और आसियान के बीच व्यापारिक सहयोग को नई गति देने, आपसी विश्वास मजबूत करने तथा रचनात्मक वार्ता को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच साबित हो रही हैं। 13वीं संयुक्त समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव नितिन कुमार यादव और मलेशिया के निवेश, व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय की उप महासचिव (व्यापार) मस्तुरा अहमद मुस्तफा ने की। सरकार का मानना है कि एआईटीआईजीए की समीक्षा पूरी होने के बाद व्यापारिक बाधाएं कम होंगी, सीमा शुल्क प्रक्रियाएं आसान होंगी और भारत तथा आसियान देशों के बीच निवेश एवं निर्यात-आयात को नई गति मिलेगी।

# भारत समेत 39 देशों के 13,376 होटल और वैकल्पिक ठहराव केंद्र जुड़े, टियर-2 और टियर-3 शहरों पर विशेष फोकस

**नई दिल्ली।** यात्रियों को अधिक लाभ और होटल साझेदारों को स्थायी ग्राहक आधार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नया ग्लोबल रिवॉर्ड्स प्रोग्राम वनसर्कल शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत भारत और विदेशों में हजारों होटल एवं वैकल्पिक आवास एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे, जहां हर बुकिंग पर ग्राहकों को रिवॉर्ड पॉइंट्स का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत के समय 30 जून, 2026 तक दुनिया के 1,002 शहरों में स्थित 13,376 होटल और वैकल्पिक आवास इस नेटवर्क का हिस्सा बन चुके हैं। इनमें भारत के 868 शहरों के 12,330 से अधिक होटल और आवास शामिल हैं, जबकि 39 देशों के 134 शहरों में 1,046 अंतरराष्ट्रीय प्रॉपर्टीज भी नेटवर्क से जुड़ी हैं। इन प्रॉपर्टीज का चयन ग्राहकों की रेटिंग, गुणवत्ता जांच और स्वैच्छिक भागीदारी के आधार पर किया गया है। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं ग्रुप सीईओ राजेश मागो ने कहा कि वनसर्कल का उद्देश्य हर यात्रा को यात्रियों के लिए अधिक फायदेमंद बनाना और होटल साझेदारों को नियमित ग्राहकों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि देश और विदेश में हर बार ठहरने पर ग्राहकों को वास्तविक लाभ मिलेगा, जबकि होटल साझेदारों को नए ग्राहकों तक पहुंच और दोबारा आने वाले मेहमानों के साथ मजबूत संबंध बनाने का अवसर मिलेगा। वनसर्कल नेटवर्क में स्वतंत्र होटल, होमस्टे और विला शामिल हैं, जो लग्जरी, प्रीमियम और बजट सभी श्रेणियों में उपलब्ध हैं। इससे यात्रियों को अपनी पसंद और बजट के अनुसार ठहरने के विकल्प मिलेंगे। इस प्रोग्राम के तहत प्रत्येक बुकिंग पर खर्च की गई राशि का कम से कम 10 प्रतिशत रिवॉर्ड पॉइंट्स के रूप में वापस मिलेगा। इन पॉइंट्स का उपयोग नेटवर्क में शामिल किसी भी होटल या आवास में अगली बुकिंग के दौरान किया जा सकेगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप से गैर-महानगरीय बाजारों पर केंद्रित है। इससे जुड़े हर चार में से तीन होटल और आवास टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्थित हैं। शहरों की बात करें तो गुरुग्राम, बेंगलुरु और जयपुर सबसे अधिक साझेदार प्रॉपर्टीज वाले शहर हैं, जबकि राज्यों में महाराष्ट्र, राजस्थान और केरल शीर्ष पर हैं। मेकमायट्रिप ने बताया कि चरणबद्ध तरीके से शुरू किए गए इस कार्यक्रम को यात्रियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है और आने वाले समय में इसके नेटवर्क का और विस्तार किया जाएगा।

# नवी मुंबई एयरपोर्ट से दवाओं के आयात को मंजूरी, फार्मा कारोबार को मिलेगा बड़ा फायदा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश के फार्मास्युटिकल क्षेत्र को बड़ी राहत देते हुए महाराष्ट्र के नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को दवाओं के आयात के लिए अधिकृत प्रवेश बिंदु घोषित कर दिया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के बाद अब आयातित दवाओं की खेप इस नए एयरपोर्ट के माध्यम से भी भारत लाई जा सकेगी। मंत्रालय ने बताया कि ड्रग्स रूल्स, 1945 के नियम 43ए में संशोधन कर नवी मुंबई एयरपोर्ट को उन अधिकृत हवाई अड्डों की सूची में शामिल किया गया है, जहां से दवाओं का आयात किया जा सकता है। सरकार का मानना है कि इससे दवाओं की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी, लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी और कारोबार करना पहले से अधिक आसान बनेगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार यह अधिसूचना ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के प्रावधानों के तहत ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिशों के आधार पर जारी की गई है।

मंत्रालय ने कहा कि इस फैसले से दवा आयातकों को एक नया प्रवेश विकल्प मिलेगा, जिससे आयातित दवाओं की ढुलाई तेज होगी और फार्मास्युटिकल कंसाइनमेंट की आवाजाही अधिक सुगम बनेगी। साथ ही लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूती मिलेगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय नियामकीय व्यवस्था को और प्रभावी बनाने, व्यापार सुगमता बढ़ाने तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रोत्साहित करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही आयातित दवाओं की गुणवत्ता और नियामकीय निगरानी भी पहले की तरह सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने जून में ड्रग्स रूल्स, 1945 में संशोधन का मसौदा भी जारी किया था, जिसके तहत अनुसंधान, परीक्षण और विश्लेषण के लिए कम मात्रा में दवाओं के आयात की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव रखा गया था। नए संशोधन के तहत विश्लेषण और गैर-नैदानिक परीक्षणों के लिए सीमित मात्रा में दवाओं के आयात हेतु स्वीकृति आधारित व्यवस्था लागू की जाएगी। इससे पहले आवश्यक लाइसेंस संबंधी औपचारिकताओं को काफी हद तक समाप्त किया जाएगा। मंत्रालय का कहना है कि इस सुधार से अनुसंधान संस्थानों, स्टार्टअप कंपनियों और दवा उद्योग पर अनुपालन का बोझ कम होगा। इससे नई दवाओं के परीक्षण, अनुसंधान एवं नवाचार को गति मिलेगी और फार्मा उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी मजबूत होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि नवी मुंबई एयरपोर्ट के जुड़ने से पश्चिमी भारत में दवाओं के आयात का दबाव विभाजित होगा और दवा उद्योग को बेहतर लॉजिस्टिक्स नेटवर्क का लाभ मिलेगा।

# इंडोनेशिया को ब्रह्मोस और अस्त्र मिसाइल देगा भारत, रक्षा सहयोग में नया अध्याय

**मुंबई।** भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई देते हुए दोनों देशों ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की आपूर्ति सहित कई महत्वपूर्ण रक्षा समझौतों पर सहमति जताई है। इस समझौते से न केवल दक्षिण-पूर्व एशिया में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि देश के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इंडोनेशिया भारत से ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली खरीदने के साथ-साथ स्वदेशी अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइलें भी हासिल करेगा।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित अस्त्र मिसाइल लंबी दूरी से दुश्मन के लड़ाकू विमानों को निशाना बनाने में सक्षम अत्याधुनिक बियॉन्ड विजुअल रेंज हथियार प्रणाली है। सूत्रों के मुताबिक भविष्य में भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल की अतिरिक्त बैटरियां भी उपलब्ध करा सकता है। इससे दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी और मजबूत होगी।

ये समझौते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान हुए। यह उनकी तीन देशों की विदेश यात्रा का पहला चरण था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच बढ़ता विश्वास रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग को नई मजबूती दे रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने रक्षा आदान-प्रदान, आपदा प्रबंधन और रक्षा उद्योग सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच हुए समझौतों से इंडोनेशिया के नागरिकों को भारत में निर्मित सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। भारत वहां डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण में भी सहयोग करेगा। रक्षा सहयोग के अलावा दोनों देशों ने इस्पात उद्योग की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए आवश्यक खनिजों और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी समझौता किया है।

# दीर्घकालिक रिटायरमेंट फंड तैयार करने पर जोर, एकमुश्त सीमित और नियमित प्रीमियम भुगतान के विकल्प



**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नया %सुनहरा पेंशन प्लान% लॉन्च किया गया है। यह एक पार्टिसिपेटिंग (पीएआर), नॉन-लिंक्ड, पेंशन और बचत आधारित जीवन बीमा योजना है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को व्यवस्थित तरीके से रिटायरमेंट फंड तैयार करने में मदद करना है। योजना में जीवन बीमा सुरक्षा के साथ कल्याण सेवाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आलोक रुंगटा ने कहा कि बदलते सामाजिक-आर्थिक परिवेश में जीवन बीमा केवल सुरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता का भी आधार बन गया है। भारत में लोगों की बढ़ती औसत आयु और औपचारिक पेंशन व्यवस्था की सीमित पहुंच को देखते हुए अनुशासित सेवानिवृत्ति योजना की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सुनहरा पेंशन प्लान ग्राहकों को स्थायी रिटायरमेंट फंड तैयार करने में मदद करेगा और उन्हें जीवन के हर चरण में आर्थिक भरोसा प्रदान करेगा। अनुसार, वर्ष 2022 में भारत की 10.5 प्रतिशत आबादी वरिष्ठ नागरिकों की थी, जो 2050 तक बढ़कर करीब 20.8 प्रतिशत होने का अनुमान है। वहीं, विकसित देशों में पेंशन परिसंपत्तियां सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 80 प्रतिशत हैं, जबकि भारत में यह आंकड़ा केवल 17 प्रतिशत है। ऐसे में मजबूत सेवानिवृत्ति योजना की जरूरत लगातार बढ़ रही है। योजना के तहत पहले वर्ष से ही बोनस आधारित लाभ अर्जित होना शुरू हो जाता है और पॉलिसीधारक लंबे समय तक चक्रवृद्धि वृद्धि का लाभ उठा सकते हैं। इसमें 5 से 40 वर्ष तक की पॉलिसी अवधि चुनने का विकल्प है। इसके अलावा मृत्यु अथवा पॉलिसी अवधि पूरी होने पर निश्चित लाभ भी मिलेगा। योजना में जरूरत पड़ने पर आंशिक निकासी की सुविधा भी दी गई है। ग्राहक एकमुश्त, सीमित अवधि या नियमित प्रीमियम भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं। अतिरिक्त सुरक्षा के लिए राइडर जोड़ने की सुविधा भी उपलब्ध है।जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने बताया कि यह योजना ग्राहकों को दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा और बेहतर सेवानिवृत्ति योजना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

# डिजिटल माध्यम से आसान होगा पीएफ भुगतान

## ईपीएफओ से जुड़ी नई सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** संस्थानों और कारोबारों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (पीएफ) का भुगतान अब पहले से अधिक आसान और तेज़ हो गया है। नई डिजिटल भुगतान सेवा के तहत संस्थान अब कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के पोर्टल से सीधे पीएफ भुगतान शुरू कर सकेंगे और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से सुरक्षित तरीके से भुगतान पूरा कर पाएंगे। इस सुविधा के जरिए पूरी प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी। इसमें रियल-टाइम ट्रांजैक्शन की पुष्टि, उपयोग में आसान इंटरफेस और रिकॉर्ड रखने व मिलान के लिए तत्काल चालान डाउनलोड करने जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। बैंक के हेड- रिटेल लाइबिलिटीज़ आशीष सिंह ने कहा कि समय पर वैधानिक भुगतान किसी भी कारोबार के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। नई सुविधा के माध्यम से ग्राहक तेज़, सुरक्षित और सरल तरीके से पीएफ भुगतान कर सकेंगे। यह बैंकिंग सेवाओं को अधिक आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्राहकों का समय और मेहनत दोनों बचेंगे। इस सुविधा के शुरू होने से कारोबार पूरे वर्ष डिजिटल माध्यम से आसानी से पीएफ का भुगतान कर सकेंगे। इससे नकदी प्रबंधन बेहतर होगा और वैधानिक भुगतान समय पर करना भी आसान बनेगा।आईडीएफसी फर्स्ट बैंक जिन्हें प्रत्यक्ष कर (सीबीडीटी), जीएसटी, कस्टम ड्यूटी और ईपीएफओ से जुड़े वैधानिक भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने की अनुमति प्राप्त है। बैंक ने यह नई सेवा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के साथ साझेदारी में शुरू की है।

# 2026 में वैश्विक विकास दर घटकर 3प्रतिशत रहने का अनुमान, भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में बरकरार



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बुधवार को अपनी ताजा रिपोर्ट में दुनिया को चेतावनी देते हुए वर्ष 2026 के लिए वैश्विक विकास दर के अनुमान को घटाकर 3% कर दिया है। आईएमएफ के इस आर्थिक आकलन ने वैश्विक बाजारों की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि युद्ध से उपजे ऊर्जा संकट और महंगाई की नई लहर से निपटना आसान नहीं होगा।

भारत अनुमान- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने जुलाई 2026 के अपने विश्व आर्थिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) अपडेट में कहा है कि भारत, निकट भविष्य के विकास अनुमान में मामूली गिरावट के बावजूद सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2026-27 में देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.4% रहने का अनुमान लगाया है, जो अप्रैल में अनुमानित 6.5% से कम है। इसके बाद वित्त वर्ष 2027-28 में यह दर बढ़कर 6.7% हो जाएगी, जो पहले के 6.5% के अनुमान से अधिक है। वित्त वर्ष 2026-27 का अनुमान अप्रैल के पूर्वानुमान से 0.1 प्रतिशत अंक कम है, जबकि वित्त वर्ष 2027-28 के अनुमान में 0.2 प्रतिशत अंक की वृद्धि की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निजी उपभोग और सेवा गतिविधियों में मजबूत गति के कारण भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रहेगा।

युद्ध असर- आईएमएफ की %वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक% (डब्ल्यूईओ) जुलाई रिपोर्ट के मुताबिक, पूरी दुनिया युद्ध और तकनीक की दोहरी लहरों के बीच झूल रही है। मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के आर्थिक असर को काफी हद तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल और इसकी मजबूत मांग ने संभाल लिया है। इसके बावजूद, आईएमएफ ने अप्रैल में लगाए गए 3.1% के विकास अनुमान को घटाकर अब 2026 के लिए 3% कर दिया है, जो 2024-25 के औसत 3.5% से कम है। हालांकि, वर्ष 2027 में इसके सुधरकर 3.4% तक पहुंचने का अनुमान है।

देश प्रदर्शन- आईएमएफ के अनुसार, वर्तमान में देशों का आर्थिक प्रदर्शन मुख्य रूप से दो बातों पर टिका है। पहला, वे युद्ध से पैदा हुए ऊर्जा संकट से कितने प्रभावित हैं और दूसरा, दुनिया की तकनीकी वैल्यू चेन में उनका स्थान क्या है। जो देश युद्ध में शामिल नहीं हैं और ऊर्जा का निर्यात करते हैं, उन्हें तेल की बढ़ती कीमतों का लाभ मिल रहा है। वहीं, तकनीक और एआई के क्षेत्र में आगे रहने वाले देश ऊर्जा आयातक होने के बावजूद मजबूत स्थिति में हैं। इसके विपरीत, तकनीक से दूर ऊर्जा आयातक देशों की आर्थिक रफ्तार सुस्त पड़ रही है।

निवेश में बढ़ोत्तरी- स्मार्टफोन फोन 4बी पेश किया नथिंग ने। इसक के अनुसार इसकी बिक्री 14 जुलाई से शुरू होगी और यह फ्लिपकार्ट, क्रोमा, रिलायंस डिजिटल व विजय सेल्स सहित प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर रहेगा।

महंगाई चिंता- आम उपभोक्ताओं के लिए आईएमएफ की चेतावनी काफी चिंताजनक है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 से कम हो रही महंगाई की रफ्तार पर अब ब्रेक लग सकता है। वैश्विक स्तर पर हेडलाइन महंगाई दर वर्ष 2025 के 4.1% से बढ़कर 2026 में 4.7% तक पहुंचने की आशंका है, जिसके बाद 2027 में इसके 3.9% होने की उम्मीद है।

व्यापार सुस्ती-सिर्फ महंगाई ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गति भी धीमी होगी। वैश्विक व्यापार वृद्धि वर्ष 2025 के 5% से गिरकर 2026 में 3.5% पर आने का अनुमान है। इसकी वजह टैरिफ का बढ़ता बोझ और वैश्विक सप्लाई चेन में हो रहे बदलाव बताए गए हैं।

भारत उम्मीद-वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती के बावजूद भारत के लिए सकारात्मक संकेत बने हुए हैं। हालांकि आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को मामूली रूप से घटाकर 6.4% कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा। भारत की यह मजबूती उसके मजबूत घरेलू बाजार और वैश्विक तकनीक मूल्य श्रृंखला में लगातार बढ़ती भागीदारी पर आधारित मानी गई है।

# 72 साल बाद क्वार्टर फाइनल में स्विट्ज़रलैंड

## कोलंबिया को पेनल्टी शूट में हराया



- स्विट्ज़रलैंड ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के राउंड ऑफ 16 में कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया
- 1954 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है
- मैच से ठीक पहले स्टार खिलाड़ी जोहान मंजांबी घुटने की चोट के कारण बाहर हो गए थे
- जीत के साथ अंतिम-8 यानि क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली स्विट्ज़रलैंड की टीम का अगला मुकाबला अर्जेंटीना से होगा

**नई दिल्ली।** स्विट्ज़रलैंड ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया है. स्विट्ज़रलैंड ने राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया. 1954 के बाद पहली बार स्विट्ज़रलैंड ने विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है. रूबेन वर्गास ने विजयी किक मारकर स्विट्ज़रलैंड को सात दशकों में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया. फीफा वर्ल्ड कप 2026 के अंतिम-8 में स्विट्ज़रलैंड का मुकाबला अर्जेंटीना से होगा. वैंकूवर में खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमें निर्धारित 90 मिनट और अतिरिक्त समय में भी कोई गोल नहीं कर सकीं. मैच के दौरान दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन कोई भी खिलाड़ी उन्हें गोल में तब्दील नहीं कर पाया. इसके बाद मुकाबले का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें स्विट्ज़रलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

स्विट्ज़रलैंड के लिए रूबेन वर्गास ने सबसे अहम पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम की जीत पक्की की. मैच के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी यकीन नहीं था कि वह खेल पाएंगे, लेकिन टीम की मदद कर पाना उनके लिए बेहद खास पल है. उन्होंने बताया कि पेनल्टी लेने से पहले वह पूरे आत्मविश्वास में थे और खुशी है कि वह टीम को जीत दिलाने में सफल रहे. मैच की शुरुआत से पहले स्विट्ज़रलैंड को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब टीम के स्टार खिलाड़ी जोहान मंजांबी घुटने की चोट के कारण इस मुकाबले से बाहर हो गए. उनकी गैरमौजूदगी में स्विट्ज़रलैंड को पहले हाफ में अटैक करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा. वहीं, कोलंबिया ने गेंद पर ज्यादा नियंत्रण रखा, लेकिन टीम गोल का कोई मौका नहीं बना सकी. कोलंबिया की सबसे अच्छी कोशिश गुस्तावो पुएर्ता ने की, जिनके शानदार शॉट को स्विट्ज़रलैंड के गोलकीपर ग्रेगर कोबेल ने बेहतरीन तरीके से रोक दिया. दूसरे हाफ में लुइस सुआरेज को भी मौका मिला, लेकिन उनका शॉट लक्ष्य से बाहर चला गया. दूसरी ओर, स्विट्ज़रलैंड के फैबियन रीडर की वॉली को कोलंबिया के गोलकीपर कैमिलो वर्गास ने आसानी से बचाया.

अतिरिक्त समय में मुकाबले का रोमांच अपने चरम पर रहा. कोलंबिया के जॉन लुकुमी का हेडर क्रॉसबार से टकरा गया, जबकि स्विट्ज़रलैंड के जेकी अमदौनी का शॉट भी गोलकीपर ने रोक लिया. आखिरकार पेनल्टी शूटआउट में ग्रेगर कोबेल ने एक अहम बचाव किया और रूबेन वर्गास ने निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदलकर स्विट्ज़रलैंड को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

120 मिनट के खेल के बाद भी जब स्कोर 0-0 रहा, तो मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से करने का निर्णय लिया गया. शूटआउट का रोमांच और रूबेन वर्गास का विनिंग किक पेनल्टी शूटआउट में दबाव साफ देखा जा सकता था. यहां स्विट्ज़रलैंड के गोलकीपर ग्रेगर कोबेल ने एक बेहद महत्वपूर्ण बचाव कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद, स्विट्ज़रलैंड के लिए आखिरी और सबसे निर्णायक पेनल्टी लेने आए रूबेन वर्गास ने बिना कोई गलती किए गेंद को गोलपोस्ट के अंदर डाल दिया और टीम को 4-3 से ऐतिहासिक जीत दिला दी. मैच के बाद भावुक होते हुए वर्गास ने कहा कि मुझे तो मैच से पहले यह भी यकीन नहीं था कि मैं चोट के चलते खेल पाऊंगा या नहीं, लेकिन मैदान पर उतरकर टीम को जीत दिला पाना मेरे जीवन का सबसे खास पल है. पेनल्टी लेते समय मैं पूरी तरह से आश्वस्त था. अब क्वार्टर फाइनल में स्विट्ज़रलैंड का महामुकाबला दिग्गज टीम अर्जेंटीना से होगा।

# एमबापे के सामने मोरक्को की दीवार

## दांव पर सेमीफाइनल का टिकट 4 साल बाद नॉकआउट मुकाबले में फिर टकराएंगी दोनों टीमें



**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के नॉकआउट स्टेज में पराग्वे को 1-0 से धूल चटाने के बाद पिछले बार के उप-विजेता फ्रांस ने क्वार्टर फाइनल में एंट्री कर लिया है। लेकिन फुटबॉल फैंस की नजरें अब अगले दौर के उस महामुकाबले पर टिक गई हैं, जहां फ्रांस का सामना अफ्रीका की जाइंट-किलर टीम मोरक्को से होने जा रहा है। यह मुकाबला केवल सेमीफाइनल का टिकट हासिल करने की जंग नहीं है, बल्कि इसमें इतिहास की कड़वाहट और बदले की आग भी शामिल है। याद दिला दें कि कतर में खेले गए फीफा वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में भी यही दोनों टीमें आमने-सामने थीं। उस ऐतिहासिक नॉकआउट मुकाबले में फ्रांस ने मोरक्को के सपने को 2-0 से तोड़कर फाइनल का टिकट कटाया था। अब ठीक चार साल बाद, दोनों टीमें एक बार फिर वर्ल्ड कप के नॉकआउट स्टेज में टकराने जा रही हैं। जहां एक तरफ मोरक्को के एटलस लायंस के पास पिछले सेमीफाइनल में मिली उस दर्दनाक हार का हिसाब चुकता करने का सुनहरा मौका है, वहीं फ्रांसीसी टीम विश्व फुटबॉल में मोरक्को पर अपने दबदबे को हर हाल में कायम रखना चाहेगी। फिलाडेल्फिया के मैदान पर फ्रांस को क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाने का काम उनके करिश्माई कप्तान किलियन एम्बापे ने किया। पराग्वे के खिलाफ खेला गया यह मुकाबला बेहद शारीरिक और तनावपूर्ण रहा, जिसे फ्रांस ने 1-0 से अपने नाम किया। मैच का इकलौता और निर्णायक मोड़ 70वें मिनट में आया, जब VAR रिव्यू के बाद रेफरी ने पाया कि पराग्वे के डिएगो गोमेज ने पेनाल्टी बॉक्स के अंदर फ्रांस के डेसिरे डुआरे को गलत तरीके से गिराया था। फ्रांस को मिली इस पेनाल्टी पर कप्तान एम्बापे ने कोई गलती नहीं की और गेंद को गोलकीपर की विपरीत दिशा में नेट के अंदर डाल दिया। इस विनिंग गोल के साथ ही एम्बापे के इस टूर्नामेंट में 7 गोल हो गए हैं और वे गोल्डन बूट की रेस में लियोनेल मेसी के साथ टॉप पर पहुंच गए हैं। दो बार की विश्व चैंपियन फ्रांस ने पूरे मैच के दौरान गेंद पर अपना नियंत्रण रखा और मिडफील्ड से खेल की गति तय की, लेकिन पराग्वे के अनुशासित डिफेंस ने फ्रांसीसी स्ट्राइकर्स को लंबे समय तक रोके रखा। पराग्वे के गोलकीपर ऑरलैंडो गिल इस मैच में फ्रांस के आगे दीवार बनकर खड़े हो गए और उन्होंने कई महत्वपूर्ण सेव किए। गिल ने मैच के आखिरी पलों में भी एम्बापे के दो बेहतरीन शॉट्स का शानदार बचाव किया।

मैच का अंत बेहद गरमा-गरमी और ड्रामे के साथ हुआ। दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल शैली के लिए जानी जाने वाली पराग्वे की टीम ने खेल को काफी आक्रामक बना दिया। अंतिम पलों में एम्बापे पर हुए एक खतरनाक टैकल के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए। मैच खत्म होने की सीटी बजने के बाद भी खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस देखने को मिली। इस दौरान फ्रांस के मानू कोने को भी रेफरी ने येलो कार्ड दिखाया। पराग्वे ने अंतिम पलों में बराबरी के लिए काफी जोर लगाया और फ्रांस के गोलकीपर माइक मैनन को एक शानदार सेव करने पर मजबूर किया, लेकिन वे फ्रांस के मजबूत डिफेंस को भेद नहीं सके। अब पराग्वे की चुनौती को समाप्त करने के बाद फ्रांस के सामने मोरक्को की वो टीम है जो कनाडा को 3-0 से रौंदकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। फुटबॉल जगत की नजरें अब इस ब्लॉकबस्टर री-मैच पर टिकी हैं।

**10 जुलाई का मैच**
फ्रांस बनाम मोरक्को
स्थान : फाक्सबर्ग
समय : 1:30 एएम

**अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबले**
इंग्लैंड बनाम नार्वे
बेल्जियम बनाम स्पेन
अर्जेंटीना बनाम स्विट्ज़रलैंड

# दमदार पंच के साथ भारतीय महिला मुक्केबाजों ने नौ पदक किए पक्के

**नई दिल्ली।** जकार्ता में खेली जा रही एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत की अंडर-23 महिला मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बुधवार को दोपहर और शाम के सत्रों में आयोजित क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में दमदार खेल दिखाते हुए भारत की नौ मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर देश के लिए पदक पक्के कर लिए हैं। जकार्ता में 5 से 16 जुलाई तक खेले जाने वाली चैंपियनशिप के दोपहर के सत्र में तनु और निशा की एकतरफा जीत बुधवार दोपहर के सत्र में भारत की तनु (51 किग्रा) ने थाईलैंड की केवालिन नोरासिंग को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से करारी शिकस्त दी। वहीं, 54 किग्रा वर्ग में निशा ने भी कजाकिस्तान की अलियाकसार सिम्बात पर 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। हालांकि, 48 किग्रा वर्ग में निधि ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन उन्हें कजाकिस्तान की गुलनाज बुरीबायेवा के खिलाफ 2-3 के खंडित फैसले से करीबी हार का सामना करना पड़ा। शाम के सत्र में प्राची और निकिता का दबदबा शाम के सत्र में भी भारतीय मुक्केबाजों का दबदबा कायम रहा। 57 किग्रा वर्ग में प्राची ने कोरिया की येजिन ओह को पहले ही दौर में आरएससी के आधार पर बाहर कर दिया। इसके बाद निकिता चंद (60 किग्रा) ने चीनी ताइपे की चेन-शुआन ये को तीसरे दौर में आरएससी के जरिए शिकस्त दी। वहीं, 65 किग्रा वर्ग में काजल ने जापान की अरिंदा अकिमोतो को 4-1 के खंडित फैसले से हराया।

सेमीफाइनल में पहुंचीं ये नौ मुक्केबाज इन नतीजों के साथ ही भारत ने अंडर-23 महिला वर्ग में कुल नौ पदक पक्के कर लिए हैं, क्योंकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सभी मुक्केबाजों का पोडियम फिनिश (पदक जीतना) तय हो गया है। सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली भारतीय मुक्केबाजों में तनु (51 किग्रा), निशा (54 किग्रा), प्राची (57 किग्रा), निकिता चंद (60 किग्रा), काजल (65 किग्रा), शिवानी (70 किग्रा), मुस्कान (75 किग्रा), नैना (80 किग्रा) और प्रियंका (+80 किग्रा) शामिल हैं।

# आईपीएल की आसान पिचों पर जोफ्रा आर्चर का तंज

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का मानना है कि भारत में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सपाट पिचों और छोटी बाउंड्री पर गेंदबाजी करने के बाद इंग्लैंड की परिस्थितियों में वापसी करना उनके लिए सामान्य जैसा अनुभव है।भारत के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में आर्चर ने 29 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि जोश टंग ने 38 रन देकर चार विकेट हासिल किए। दोनों तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत 202 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम महज 76 रन पर सिमट गई। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में आर्चर ने कहा, मुझे लगता है कि यहां सब कुछ सामान्य हो गया है। यहां आप अच्छी लेंथ पर सीधी गेंद फेंकने की कोशिश करते हैं, जबकि आईपीएल में विकेट काफी आसान होते हैं और बाउंड्री छोटी होने के कारण बहुत सावधानी से गेंदबाजी करनी पड़ती है।

# फ्लॉप शो, श्रेयस अय्यर के सामने सीरीज बचाने की चुनौती



**नई दिल्ली।** लगातार दो हार झेलने के बाद श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को चौथे टी20 मैच में इंग्लैंड के सामने होगी. भारत के सामने न सिर्फ सीरीज बचाने की चुनौती होगी, बल्कि खिलाड़ियों के चयन को लेकर भी भारी कशमकश का सामना करना पड़ेगा. भारतीय टीम फिलहाल पांच मैचों की इस सीरीज में 0-2 से पीछे चल रही है. अगर टीम यह मुकाबला हार जाती है, तो वह सीरीज भी गंवा देगी. इंग्लैंड के कड़े और उछालभरे हालातों में ढलने के लिए संघर्ष कर रही भारतीय टीम के लिए अब करो या मरो की स्थिति बन चुकी है. इस समय टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं के सामने सबसे बड़ा सवाल विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन को लेकर है. सैमसन को दूसरे और तीसरे टी20 मैच की अंतिम एकादश से बाहर रखकर 15 वर्षीय युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को मौका दिया गया था. सूर्यवंशी का प्रदर्शन अब तक टीम के बाकी खिलाड़ियों की तरह ही औसत रहा है न तो बहुत खराब और न ही बहुत असाधारण।

चूंकि टीम बैकफुट पर है, इसलिए मुख्य कोच गौतम गंभीर ने संकेत दिए हैं कि संजू सैमसन की टीम में वापसी हो सकती है. पिछले चार महीनों में संजू का करियर किसी रोलरकोस्टर जैसा रहा है. वे पहले टीम से बाहर हुए, फिर धमाकेदार प्रदर्शन कर वापसी की, और अब एक बार फिर उन्हें बेंच पर बैठना पड़ रहा है. तीसरे टी20 में मिली 125 रनों की शर्मनाक हार के बाद ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम के बाहर जमा हुए भारतीय प्रशंसकों ने 'वी वांट संजू' के नारे लगाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया. टी20 विश्व कप जिताने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव को टीम से बाहर रखने पर पहले ही आलोचना झेल रहे प्रबंधन के लिए सैमसन को नजरअंदाज करना गले की फांस बन गया है. ट्रेंट ब्रिज में मिली करारी हार ने भारतीय टीम की रणनीतिक कमियों और स्पष्ट योजना के अभाव को उजागर कर दिया है. जोफ्रा आर्चर और जोश टंग की तेज और धारदार गेंदबाजी के सामने भारतीय बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढह गई. इन दोनों इंग्लिश गेंदबाजों ने मिलकर भारत के शीर्ष पांच बल्लेबाजों सहित कुल 7 विकेट चटकाए। अब यदि संजू सैमसन को टीम में शामिल किया जाता है, तो सलामी जोड़ी को बिना छेड़े मध्यक्रम में बदलाव करना होगा. विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन की जगह टीम में पक्की मानी जा रही है, क्योंकि प्रबंधन को उनकी विकेटकीपिंग और आक्रामक बल्लेबाजी शैली पर पूरा भरोसा है. ऐसे में उप-कप्तान तिलक वर्मा की जगह पर तलवार लटक सकती है. आयरलैंड के खिलाफ 55 रनों की एक पारी को छोड़ दें, तो तिलक लगातार फ्लॉप रहे हैं. इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में भी वे अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए हैं और उन्होंने 13, 24 (नाबाद) और 3 रन बनाए हैं. पिछले मैच में भारत की पूरी टीम महज 76 रनों पर सिमट गई थी. इस मैच में एक हैरान करने वाली रणनीतिक चूक भी देखने को मिली, जब पावरप्ले के दौरान तय 'फिनिशर' शिवम दुबे से पहले गेंदबाज हर्षित राणा को बल्लेबाजी के लिए भेज दिया गया. इस तरह के फैसलों के कारण कोच गौतम गंभीर, कप्तान श्रेयस अय्यर और अजीत अगरकर की चयन समिति की रणनीतियों की तीखी आलोचना हो रही है।

# भारतीय टीम को झटका : प्रतिका रावल टीम के बाहर

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ महीने प्रतिका रावल के लिए काफी मुश्किल रहे हैं. अपने महिला वनडे करियर की शानदार शुरुआत करने वाली इस स्टार बल्लेबाज को अब भारत और इंग्लैंड के बीच ऐतिहासिक लॉर्ड्स टेस्ट से बाहर होना पड़ा है. वह स्मृति मंधाना के साथ पारी की शुरुआत करने वाली थीं, लेकिन चोट के कारण यह मुकाबला मिस करेंगी. भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने घोषणा की है कि दिल्ली की प्रिया पूनिया इस एकमात्र टेस्ट मैच में रावल की जगह लेंगी, जो 10 जुलाई से शुरू होगा. इससे पहेल प्रतिका रावल वर्ल्ड कप के दौरान चोटिल हुई थी और उनको बीच टूर्नामेंट में टीम का साथ छोड़ना पड़ा था. प्रिया पूनिया और प्रतिका रावल, दोनों ही हाल ही में इंग्लैंड ए के खिलाफ खेली गई इंडिया ए टीम का हिस्सा थीं. हरलीन देओल की कप्तानी में इंडिया ए ने 50 ओवर की सीरीज 2-1 से शानदार अंदाज में जीती थी. प्रतिका ने पहले दो मैच खेले थे, लेकिन तीसरे मुकाबले में नहीं उतरीं।

# जन्मदिन पर सौरव गांगुली को मिला बड़ा तोहफा, आईसीसी हॉल ऑफ फेम में हुए शामिल



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और दिग्गज बाएं हाथ के बल्लेबाज सौरव गांगुली को बुधवार (8 जुलाई) को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। इसके साथ ही वह यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाले भारत के 12वें क्रिकेटर बन गए। आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने के बाद सौरव गांगुली ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने आईसीसी और चेयरमैन जय शाह का आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने करियर का बड़ा सम्मान बताया। गांगुली ने लिखा 'आईसीसी और चेयरमैन जय शाह का मुझे हॉल ऑफ फेम में शामिल करने के लिए धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। इतने महान खिलाड़ियों की सूची का हिस्सा बनना अद्भुत एहसास है।' उन्होंने आगे कहा कि हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले भारतीय क्रिकेटरों की विशेष सूची में जगह मिलना उनके लिए गर्व की बात है। आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने के बाद सौरव गांगुली अब भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों की खास सूची का हिस्सा बन गए हैं। इस सूची में सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीरेंद्र सहवाग, बिशन सिंह बेदी, कपिल देव, अनिल कुंबले, वीनू मांकड़, डायना एडुल्जी, नीतू डेविड और एमएस धोनी जैसे महान खिलाड़ियों के नाम पहले से शामिल हैं। 54 वर्षीय सौरव गांगुली ने 1992 से 2008 तक भारत का प्रतिनिधित्व किया। अपने 16 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने 113 टेस्ट और 311 वनडे मुकाबले खेले। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 7,212 रन बनाए और 32 विकेट लिए। वहीं, वनडे क्रिकेट में उनके नाम 11,363 रन और 100 विकेट दर्ज हैं। सौरव गांगुली ने कप्तान के तौर पर भारतीय क्रिकेट को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाई। उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने 2003 आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप के फाइनल तक का सफर तय किया। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने सीमित ओवरों के प्रारूप में हाल में भारत के प्रदर्शन में आई गिरवाट पर हैरानी जताई है। उन्होंने साथ ही टी20 विश्व चैंपियन टीम का वापसी के लिए समर्थन किया। गांगुली ने हालांकि विश्व कप विजेता टीम के स्टार संजू सैमसन को प्लेइंग-11 में जगह नहीं देने पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ भारत को 125 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। टीम 202 रन के लक्ष्य पीछा करते हुए 76 रन पर सिमट गई। यह रनों के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी हार थी। इस हार के बाद भारत पांच मैच की सीरीज में 0-2 से पीछे हो गया है।

# विंबलडन 2026 : जोकोविच का ऐतिहासिक कमाल, ज्वेरेव की धमक



**नई दिल्ली।** विंबलडन 2026 अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है और क्वार्टर फाइनल मुकाबलों ने टेनिस प्रेमियों को रोमांच से भर दिया है। पुरुष एकल में सात बार के विंबलडन चैंपियन नोवाक जोकोविच ने इतिहास के सबसे लंबे विंबलडन क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में से एक जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, फ्रेंच ओपन चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम चार में जगह बनाई। महिला वर्ग में भी कई युवा खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर नया इतिहास रच दिया। 39 वर्षीय नोवाक जोकोविच ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ पांच घंटे से अधिक चले मैराथन मुकाबले में अद्भुत संघर्ष का परिचय दिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, लेकिन निर्णायक टाईब्रेक में जोकोविच ने अनुभव का शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ उन्होंने लगातार आठवीं बार और कुल 15वीं बार विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। यह मुकाबला विंबलडन इतिहास के सबसे लंबे क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शामिल हो गया। जोकोविच की जीत के बाद अब उनका सामना मौजूदा चैंपियन और विश्व नंबर एक यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शानदार खेल दिखाते हुए आसानी से जीत दर्ज की। दोनों दिग्गजों के बीच होने वाला यह मुकाबला टूर्नामेंट का सबसे बड़ा आकर्षण माना जा रहा है। टेनिस विशेषज्ञों का मानना है कि यह मुकाबला फाइनल से पहले का फाइनल साबित हो सकता है। जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराकर पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूरे मुकाबले में ज्वेरेव ने आक्रामक खेल दिखाया और अपनी दमदार सर्विस के दम पर फ्रिट्ज को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इस जीत के साथ उन्होंने फ्रिट्ज के खिलाफ लगातार हार का सिलसिला भी समाप्त कर दिया। घरेलू दर्शकों के लिए सबसे बड़ी खुशी ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी आर्थर फेरी की ऐतिहासिक सफलता रही। फेरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्लावियो कोबोली को हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओपन युग में वह विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले चुनिंदा ब्रिटिश खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। अब उनका मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।

महिला एकल में यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ ग्रैंड स्लैम प्रदर्शन करते हुए अंतिम चार में प्रवेश किया। दोनों खिलाड़ियों ने बड़े नामों को हराकर साबित किया कि महिला टेनिस में नई पीढ़ी तेजी से उभर रही है। अमेरिका की कोको गॉफ ने शानदार वापसी करते हुए सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। दूसरी ओर चेक खिलाड़ी कारोलीना मुचोवा ने बेहतरीन खेल दिखाकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले भी बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। नोवाक जोकोविच इस बार अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में हैं। यदि वह विंबलडन 2026 जीतने में सफल रहते हैं तो वह टेनिस इतिहास में सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। यही वजह है कि दुनिया भर के टेनिस प्रशंसकों की निगाहें उनके अगले मुकाबले पर टिकी हुई हैं। अब पुरुष एकल में नोवाक जोकोविच बनाम यानिक सिनर तथा अलेक्जेंडर ज्वेरेव बनाम आर्थर फेरी के मुकाबले होंगे। वहीं महिला वर्ग में भी युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के बीच खिताब की जंग देखने को मिलेगी। विंबलडन 2026 अब अपने सबसे रोमांचक चरण में पहुंच चुका है, जहां हर मुकाबला इतिहास बदल सकता है।

# राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्ष पूर्ण, संकल्प दिवस आयोजित

## विश्व में महिलाओं की सबसे बड़ी समिति ने अपनी संस्थापिका के जन्मदिवस को बनाया संकल्प दिवस



**नई दिल्ली, ब्यूरो।** सत्तारूढ़ भाजपा की मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सम्बद्ध और विश्व में महिलाओं की सबसे बड़ी संस्था राष्ट्र सेविका समिति ने अपनी स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर अपनी संस्थापक एवं आद्य संचालिका लक्ष्मीबाई केलकर (मौसीजी) के जन्मदिन को आज संकल्प दिवस के तौर पर मनाया। समिति के दिल्ली प्रांत इकाई के प्रबुध वर्ग मेधाविनी सिंधु सृजन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की भावना का सशक्त स्वर सुनाई दिया जिसमें समिति की 90 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा का स्मरण करते हुए उपस्थित लोगों ने समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के तौर पर समिति की अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका अलका इनामदार ने बताया कि यह समिति विश्व का सबसे बड़ा महिला संगठन बन चुका है जिसकी लगभग 5000 शाखाएं समाज में सेवा और संस्कार के कार्यों को आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व केवल हमारी नहीं बल्कि राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान भी है और महिला का प्रथम दायित्व आने वाली पीढ़ी को संस्कार देना है। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवा कार्य करने वाली नौ विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सेविकाओं, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने मौसीजी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सेवा, संस्कार और राष्ट्र समर्पण की परंपरा को आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया।

दिल्ली विश्वविद्यालय मार्ग स्थित सर शंकर लाल कॉन्सर्ट हॉल में आयोजित राष्ट्र सेविका समिति के इस गरिमामय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहतकर ने कहा कि जब देश की महिला कोई संकल्प लेती है तो उसका प्रभाव केवल परिवार या समाज तक सीमित नहीं रहता बल्कि पूरा राष्ट्र परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत की शक्ति को केवल अर्थव्यवस्था से नहीं बल्कि उसकी मातृशक्ति के सामर्थ्य से भी पहचानेगी क्योंकि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य पूरे देश का सामूहिक संकल्प है जिसमें महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रचार टोली के वरिष्ठ सदस्य मुकुल कानिटकर ने कहा कि भारतीय नारी आज विश्व में अग्रणी भूमिका निभा रही है और आने वाली शताब्दी मातृशक्ति की शताब्दी होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिकता का अर्थ अपनी प्राचीन जड़ों को छोड़ना नहीं है बल्कि अपनी परंपराओं और मूल्यों के साथ आगे बढ़ना है। कानिटकर के मुताबिक जिसकी हम पूजा करते हैं उसके आदर्शों को जीवन में उतारना ही सच्ची पूजा है। साथ ही नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि जब व्यक्ति अपनी वास्तविक पहचान और सामर्थ्य को समझ लेता है तो उसकी जड़ों को कोई हिला नहीं सकता। उन्होंने कहा कि नारीवाद और समानता के विचार भारत के लिए बाहरी अवधारणाएं नहीं हैं बल्कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को सदैव सम्मान और महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि आज मातृत्व, कर्तृत्व और नेतृत्व के माध्यम से महिलाएं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बन रही हैं।

# भारतीय किसान संघ की एक दिवसीय बैठक संपन्न, संगठन को मजबूती करने का दिया निर्देश



**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिला की बैठक बिकास खंड राजगढ़ के छितमपुर गांव मे में आशा राम मिश्रा के आवास पर संपन्न हुई। भारतीय किसान संघ के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भैया राम मौर्य ने दांतोपंत ठेंगरी भारत माता और भगवान बलराम के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रदेश अध्यक्ष भैया राम मौर्य ने कहा कि भारतीय किसान संघ में किसानों का समस्याओं का निवारण करना है उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी खाद को हर जगह उपलब्ध कराकर ज्यादा मूल्य पर किसानों को खाद नहीं दी जाएगी अगर कहीं भी जानकारी मिलती है तो दुकानदार के ऊपर कड़ी से करवाई प्रशासन द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान पर जोड़ दिया जाना चाहिए ज्यादा इस संगठन में किसानों को जोड़ना चाहिए। जिसमें काशी प्रांत अध्यक्ष इंद्रासन सिंह , काशी प्रांत कोषाध्यक्ष शिव शंकर पाठक व काशी प्रान्त संगठन मंत्री राम चेला ने जिले में सदस्यता बनने पर विशेष चर्चा किया।प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम पांच गांव समितियों मे जाकर (गोद लेकर) भारतीय किसान संघ के रीति रिवाज की चर्चा करते हुए अधिक से अधिक सदस्य बनाने का आह्वान किया। इसके बाद किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन के सदस्यों के साथ मिलकर पौधों पर किया उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगे और इसकी रक्षा भी करें साथ-साथ इसकी देख-देख भी करें प्रदेश अध्यक्ष में संगठन के सदस्यों के साथ आम का पौधा लगाया। इस दौरान काशी प्रांत उपाध्यक्ष राकेश सिंह, काशी प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कृष्णानंद सिंह,जिला मंत्री ओमप्रकाश दुबे, जिला कोषाध्यक्ष बसंत लाल बिंद, जिला जैविक प्रमुख अवधेश कुमार सिंह, जिला युवा प्रमुख जवाहिर सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामनारायन,जिला कार्यकारिणी सदस्य रामधनी सिंह, सतीश चंद्र सिंह, खंड अध्यक्ष विनोद सिंह, अजय उपाध्याय, कविंद्र नाथ सिंह, रवीन्द्र बहादुर सिंह सहकारी समिति अध्यक्ष तेंदुआ कला सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी,किसान व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष उपेंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानो की आवाज को मजबूती से उठाता रहूंगा और गांव - गांव तक संगठन को सशक्त बनाने का अभियान जारी रहेगा। किसने की समस्याओं का समय से निस्तारक भी किया जाए।

## एपेक्स के बीएएमएस द्वितीय बैच के छात्रों ने विश्वविद्यालय परीक्षा परिणामों में लहराया परचम



**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल, चुनार के बीएएमएस द्वितीय बैच के विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित अंतिम वर्ष की विश्वविद्यालय परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने शिक्षकों, अभिभावकों एवं संस्थान का नाम रोशन किया।अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी अब बारह माह की अनिवार्य इंटर्नशिप पूर्ण करेंगे। इसके उपरांत वे नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (छब्सैड) द्वारा मान्य बीएएमएस डिग्री को संबंधित राज्य के आयुष बोर्ड में पंजीकृत कर सकेंगे तथा देशभर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत परामर्श एवं उपचार सेवाएँ प्रदान कर सकेंगे।एपेक्स के चेयरमैन डॉ. एस.के. सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इंस्टीट्यूट के डीन प्रो. सुनील मिस्त्री, प्रधानाचार्य प्रो.डॉ.पी.के. सिंह एवं फैकल्टी पंचकर्म विभाग डॉ भावना द्विवेदी, कायचिकित्सा प्रो डॉ पीके राय, डॉ गौरी चौहान, शल्य तंत्र प्रो अभिषेक पाठक, डॉ निलेश दुबे, डॉ आरती चौरसिया संग समस्त संकाय सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बीएएमएस की शिक्षा पूर्ण करने के बाद विद्यार्थी आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करते हुए समाज के स्वास्थ्य और कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## वन महोत्सव 12 जुलाई तक, डीएफओ आरुषि मिश्रा ने वन कर्मियों संग बनाई पौधरोपण की रूपरेखा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग आरुषि मिश्रा ने 9 जुलाई से 12 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव के तहत बड़े स्तर पर पौधरोपण की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसको लेकर उन्होंने बुधवार को हलिया रेंज में वन कर्मियों के साथ बैठक कर पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। डीएफओ आरुषि मिश्रा ने रेंज अधिकारी , डिप्टी रेंजर व वन दरोगाओं को निर्देश दिए कि वन महोत्सव के दौरान कैमूर वन्यजीव प्रभाग के सभी रेंजों में लक्ष्य के अनुसार पौधरोपण कराया जाए। हर पौधे की जियो टैगिंग हो और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। बैठक में तय हुआ कि वन महोत्सव के तहत वन क्षेत्रों के साथ-साथ स्कूलों, ग्राम पंचायतों, सार्वजनिक स्थलों व सड़क किनारे भी बड़े स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों व छात्रों को भी अभियान से जोड़ा जाएगा ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश घर-घर पहुंचे। डीएफओ ने बताया कि इस बार सागौन, शीशम, आंवला, जामुन, नीम, पीपल, बरगद जैसी छायादार व फलदार प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। वन विभाग की नर्सरियों में पौधे तैयार हैं।आरुषि मिश्रा ने कहा कि लगाए गए पौधों की नियमित मॉनिटरिंग होगी। पौधरोपण सिर्फ औपचारिकता न रहे, इसके लिए हर रेंज में नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। 9 जुलाई को वन महोत्सव का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जाएगा।इस दौरान रेंजर संतोष कुमार राय, वन दरोगा नीटू शर्मा, राजकुमार वर्मा, सिद्धार्थ मौर्य, फारेस्ट गार्ड शीतला बक्स सिंह, शिवम सिंह, अंकुर शुक्ला, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाकपा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन, पांच सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कौंसिल मीरजापुर ने प्रदेश व्यापी आह्वान पर उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार के माध्यम से राज्यपाल उत्तर प्रदेश को ज्ञापन भेजा। पार्टी ने धरना-प्रदर्शन कर 5 सूत्रीय मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर दिया ज्ञापन भाकपा जिला मंत्री लालता प्रसाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में व्याप्त जनसमस्याओं के समाधान के लिए राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है। राम मंदिर चंदा घोटाला राम मंदिर चंदे के गबन के मुख्य आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से कराने की मांग। समय पर पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव से पहले पंचायत चुनाव कराए जाएं। शिक्षा-स्वास्थ्य का बाजारीकरण बंद हो शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण व बाजारीकरण पर रोक लगाई जाए। बेरोजगारी भत्ता शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। महंगाई व पुलिस उत्पीड़न पर रोक बढ़ती महंगाई और पुलिसिया अत्याचार पर अंकुश लगाया जाए।जिला मंत्री लालता प्रसाद ने कहा कि अगर मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।एसडीएम लालगंज अजीत कुमार ने ज्ञापन लेकर उचित माध्यम से शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान मंडल सचिव, ब्लॉक इकाई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षकों को मिले मुख्यमंत्री कैशलेस स्वास्थ्य योजना के कार्ड, तहसील सभागार में हुआ वितरण




**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज तहसील क्षेत्र में बुधवार को तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को मुख्यमंत्री कैशलेस स्वास्थ्य योजना के कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम ब्लॉक प्रमुख लालगंज जयंत कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसीलदार लालगंज विशाल शर्मा ने कहा कि यह योजना शिक्षकों और उनके परिवारों को समय पर बेहतर इलाज दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने शिक्षकों से योजना का लाभ उठाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की।खंड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि यह योजना शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी और उपचार पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम करने में प्रभावी भूमिका निभाएगी। हलिया के खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद यादव ने इसे शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखकर शुरू की गई सरकारी पहल बताया, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। लालगंज माध्यमिक विद्यालयों के नोडल अधिकारी धर्मजीत सिंह ने कहा कि कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा मिलने से शिक्षकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें बेहतर चिकित्सा उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम का संचालन दिनेश चौबे ने किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राजू यादव, गिरीश कुमार सिंह, अश्वनी कुमार सिंह सहित लालगंज और हलिया विकास खंड के बड़ी संख्या में शिक्षक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेड़ से गिरकर दस वर्षीय बालक का पैर टूटा, सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के पचोखर गांव में बुधवार को पेड़ पर खेलते समय 10 वर्षीय बालक ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बालक का बायां पैर टूट गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी लालगंज पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल मीरजापुर रेफर कर दिया।पचोखर निवासी सुरेश कुमार का 10 वर्षीय पुत्र मंगलम गांव के पास ही साथियों के साथ पेड़ पर आती-पाती खेल रहा था। खेलते-खेलते अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह ऊंचाई से सीधे जमीन पर आ गिरा। गिरने से मंगलम का बायां पैर टूट गया। हादसे के बाद साथी बच्चे डरकर मौके से भाग गए और घर पहुंचकर मंगलम के माता-पिता को सूचना दी। सूचना मिलते ही माता-पिता रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। मंगलम को जमीन पर दर्द से तड़पता देख परिजनों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को कॉल किया। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के ईएमटी संतोष भारतीय व पायलट विनोद यादव मौके पर पहुंचे। ईएमटी ने मंगलम का प्राथमिक उपचार किया और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए। वहां मौजूद चिकित्सक ने हालत गंभीर देख प्राथमिक इलाज के बाद मंगलम को जिला अस्पताल मीरजापुर रेफर कर दिया। 108 एंबुलेंस से ही उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि मंगलम के बाएं पैर की फीमर हड्डी टूट गई है। उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल हालत स्थिर बताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि मंगलम गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 का छात्र है। हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है।

# पीडब्ल्यूडी द्वारा बन रही रोड में किया जा रहा है घटिया सामग्री का उपयोग ग्रामीणों में आक्रोश



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि जिला मुख्यालय से पचासी किलोमीटर की दूरी हलिया ब्लाक के अतिपिछड़ा जगह देवी से करौंदिया। संपर्क मार्ग जिसकी लागत 32 करोड़ का टेंडर कराया गया लेकिन ठेकेदार द्वारा 40 प्रतिशत बिलों पर टेंडर डालकर काम को लिया गया है। ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू भी कर दिया गया है लेकिन मैटेरियल गिट्टी वगैरह घटिया किस्म का डालकर रोड बनाया जा रहा है। जो की मानक के विपरीत है। मना करने पर ठेकेदार कहता है कि बिलों का काम डालना है तो ऐसे ही करेंगे जिसको जो करना हो कर ले। शिकायत कर्ता द्वारा इसकी सूचना जिले के उच्च अधिकारियों को दिया गया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण अब मुख्यमंत्री के यहां शिकायत करना शुरू कर दिए हैं ग्रामीणों का मानना है कि अति पिछड़े क्षेत्र में मानक के अनुरूप कार्य कराया जाए जिससे कुछ दिन तक सड़क पर ग्रामीणों का आवागमन ठीक से सुचारू ढंग से चल सके नहीं तो फर्जी काम करके ठेकेदारी चले जाएंगे फिर सड़क गड्ढे में तब्दील हो जाएगा।

### करंट की चपेट में आने से भैंस की हुई मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ गांव में बुधवार सुबह आठ बजे के करीब विद्युत पोल के स्टे में उतर रहे करंट की चपेट में आने से गर्भवती भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। चंद्रगढ़ ग्राम पंचायत के प्रधान सियाराम मिश्र की तीन भैंस सीवान की तरफखेतों में चर रही थी जिसमें एक गर्भवती भैंस चरते हुए अचानक ट्रांसफार्मर के पास पहुंच गई।

# उपजिलाधिकारी की जांच के बाद शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज हलिया जड़कुड़ मार्ग (एनएच-135ए) पर करीब तीन वर्षों से रुका सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य बुधवार को दोबारा शुरू हो गया उपजिलाधिकारी की स्थलीय जांच और प्रशासनिक पहल के बाद निर्माण एजेंसी ने मौके पर मशीनें लगाकर कार्य प्रारंभ कर दिया।महाकाल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य तीन वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, लेकिन काश्तकारों एवं वन विभाग की आपत्तियों के कारण भटवारी, बड़ौही और गोरगी गांव के पास करीब दो किलोमीटर हिस्से का निर्माण अधूरा रह गया था। सड़क गड्ढों में तब्दील होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।भटवारी ग्राम प्रधान राजेश मौर्य ने जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी अजीत कुमार ने मंगलवार को कानूनगो, लेखपाल एवं चकबंदी कर्मियों के साथ मौके का निरीक्षण कर ग्रामीणों के बयान दर्ज किए और राजस्व अभिलेखों का मिलान कराया।जांच के बाद बुधवार को निर्माण एजेंसी ने अधूरे हिस्से में सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

## करंट की चपेट में आने से महिला हुई अचेत पीएचसी में भर्ती

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव में बुधवार की शाम दरवाजे में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आने से महिला अचेत हो गयी महिला की चीख पुकार सुनकर परिजनों द्वारा महिला को करंट से छुड़ाते हुए तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है जंहा पर चिकित्सक द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है महिला की हालत सामान्य है थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी अर्जुन सोनकर की पत्नी 28 वर्षीय पूनम अपने घर का दरवाजा खोल रही थी की दरवाजा में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आकर अचेत हो गयी मौके पर पहुँचे महिला के परिजनों द्वारा महिला को करंट से छुड़ाते हुए तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार व रीना पटेल द्वारा महिला का उपचार किया है उपचार के बाद महिला की हालत सामान्य है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत दीघिया गांव में महिलाओं को योजनाओं व हेल्पलाइन की दी जानकारी



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत थाना हलिया पुलिस द्वारा बुधवार को ग्राम दीघिया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिलाओं को किया जागरूक कार्यक्रम में उप निरीक्षक रमाशंकर, कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर ने महिलाओं को सशक्तिकरण से जुड़े कानूनों के बारे में बताया। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़खानी व साइबर अपराध से बचाव के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। पुलिस हेल्पलाइन 112 ,महिला हेल्पलाइन 1090,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098,साइबर हेल्पलाइन 1930 एंबुलेंस सेवा 108,अग्निशमन सेवा 101, आशा ज्योति केंद्र 181 उप निरीक्षक रमाशंकर ने कहा कि कोई भी पीड़ित महिला या बालिका बिना डरे इन नंबरों पर शिकायत दर्ज करा सकती है। पुलिस हर शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करेगी। पहचान गोपनीय रखी जाएगी। साइबर फ्रॉड होने पर 1930 पर तुरंत कॉल कर खाता फ्रीज कराएं। टीम ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ समेत अन्य योजनाओं के लाभ व आवेदन प्रक्रिया भी बताई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं व किशोरियां मौजूद रहीं।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत लगातार गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है।

## नाटो सहयोगियों पर बिफरे राष्ट्रपति ट्रंप

**वॉशिंगटन।** ईरान को लेकर हुए हालिया सैन्य अभियान के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो सहयोगियों के रवैये पर खुलकर नाराजगी जताई है। ट्रंप ने

- बोले मैं इनकी परीक्षा ले रहा था
- नाटो में एकजुटता पर नई बहस छिड़ी

कहा कि वह इस पूरे घटनाक्रम के दौरान सहयोगी देशों की परीक्षा ले रहे थे कि संकट की घड़ी में कौन अमेरिका के साथ खड़ा होता है। उनका कहना है कि नाटो के कई देशों ने जिस तरह का रुख अपनाया, उससे वह बेहद निराश हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब




तुर्किये की राजधानी अंकारा में नाटो नेताओं का शिखर सम्मेलन आयोजित हो रहा है।
ट्रंप ने तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन के साथ बैठक के दौरान पत्रकारों से कहा कि उन्हें किसी सैन्य मदद की जरूरत नहीं थी, लेकिन वह यह देखना चाहते थे कि अमेरिका के सहयोगी कितने भरोसेमंद हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका लंबे समय से अपने सहयोगियों की सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाता रहा है, लेकिन अब यह सवाल उठता है कि जरूरत पड़ने पर क्या वही देश अमेरिका के लिए भी खड़े होंगे। ट्रंप के इस बयान ने नाटो के भीतर एकजुटता और आपसी भरोसे पर नई बहस छेड़ दी है।
ट्रंप ने कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान कुछ सहयोगी देशों ने अमेरिका को पूरा समर्थन नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ देशों ने अमेरिकी हमलों के लिए अपने हवाई अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए भी कई सहयोगी देशों ने सैन्य संसाधन भेजने से इनकार कर दिया। ट्रंप का कहना है कि इसी वजह से उन्हें लगा कि नाटो के सभी सदस्य संकट की घड़ी में समान रूप से साथ नहीं देते। उन्होंने कहा, मैं लोगों की परीक्षा ले रहा था और मैं नाटो से बहुत निराश हूं।
ट्रंप ने इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी का नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिका की रणनीति का समर्थन नहीं किया। ट्रंप के मुताबिक, मेलोनी ने होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान से जुड़े अभियान में शामिल होने से इनकार कर दिया, जिससे दोनों नेताओं के रिश्तों में कुछ दूरी आई। हालांकि ट्रंप ने यह भी कहा कि वह मेलोनी को व्यक्तिगत रूप से पसंद करते हैं और उन्हें अच्छा इंसान मानते हैं, लेकिन इस मामले में उन्होंने गलत फैसला लिया। ट्रंप ने यह भी कहा कि यूरोप के कई देश खाड़ी क्षेत्र के तेल पर निर्भर हैं, जबकि अमेरिका के पास पर्याप्त तेल संसाधन हैं और उसे होर्मुज पर अपनी जरूरतों के लिए निर्भर नहीं रहना पड़ता।

## अमेरिका का ईरान को बड़ा झटका

### तेल बिक्री की अनुमति देने वाला लाइसेंस किया रद्द

**दुबई।** अमेरिका ने ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति देने वाला लाइसेंस रद्द कर दिया है। अमेरिकी वित्त विभाग ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। वित्त विभाग ने पिछले महीने 60 दिनों के लिए यह लाइसेंस जारी किया था। दोनों देशों के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए हुए अंतरिम समझौते के तहत ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंधों में यह छूट दी गई थी। हालांकि, वित्त विभाग के अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि लाइसेंस किस वजह से रद्द किया गया। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब ब्रिटिश सेना ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन तेल टैंकरों पर ड्रोन हमला किया गया।
यह हाल के दिनों में इस अहम समुद्री मार्ग से गुजर रहे जहाजों पर हुआ ताजा हमला है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। पश्चिम एशिया में शांति बनाए रखने के उद्देश्य से अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए बातचीत भी जारी है। हालांकि, अमेरिका के इस फैसले के बाद ईरान के साथ हुए उसके हालिया समझौते पर संशय के बादल मंडराने लगे हैं। यह समझौता कितने दिन तक कायम रहेगा, इसे लेकर असमंजस बरकरार है।

## यूक्रेन युद्ध : पुतिन और जेलेंस्की दोनों चाहते हैं समाधान

**अंकारा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते की संभावनाओं को लेकर सकारात्मक उम्मीद जताई है। उन्होंने

- नाटो समिट में बोले ट्रंप

कहा कि इस संघर्ष को लेकर उनके आकलन में कोई बदलाव नहीं आया है। तुर्की की राजधानी अंकारा में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के साथ बातचीत करते हुए ट्रंप ने यह बयान दिया। ट्रंप ने बताया कि एक दिन पहले उनकी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई थी। इसके अलावा उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति



वोलोडिमिर जेलेंस्की से भी बात की है। ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि वे दोनों ही समझौता करना चाहते हैं। यह बहुत दुखद है कि इसमें इतना लंबा समय लगा, लेकिन मुझे लगता है कि जल्द ही कुछ सकारात्मक परिणाम सामने आएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मामला जल्द ही सुलझ जाएगा। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या पुतिन के किसी समझौते के लिए तैयार होने जैसी कोई बात हुई है जिससे वह इतने आशावादी दिख रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि उनके विचारों में कभी कोई बदलाव नहीं आया है। ट्रंप ने कहा कि वह केवल लोगों को मरते हुए नहीं देखना चाहते। उन्होंने युद्ध के मैदान की तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां बड़े पैमाने पर हिंसा हो रही है। लोग विश्वास नहीं करेंगे कि यह कितनी हिंसक है। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा है, यह एक नरसंहार है और इसे रुकना चाहिए।

## शारजाह से पाकिस्तान के कराची जा रहा कार्गो विमान लापता

**शारजाह।** शारजाह से पाकिस्तान के कराजी जा रहे बोइंग 737 मालवाहक विमान का हवाई यातायात नियंत्रण एटीसी से संपर्क

- क्या समुद्र में गिरा बोइंग 737

टूट गया। विमान के पायलट ने पहले नेविगेशन सिस्टम में खराबी की जानकारी दी थी। इसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया। विमान में पांच चालक दल के सदस्य सवार थे। पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि के2 एयरवेज द्वारा संचालित 27 साल पुराने परिवर्तित मालवाहक विमान ने कराची की ओर उड़ान भरते समय पाकिस्तानी मानक समय के अनुसार मंगलवार रात 9.18 बजे नेविगेशन सिस्टम में खराबी की सूचना दी।
अधिकारियों के अनुसार, समस्या की सूचना मिलने के बाद स्थानीय हवाई यातायात नियंत्रकों ने विमान को निर्देशित करने का प्रयास किया। हालांकि, रडार सिस्टम ने लगभग तीन मिनट बाद विमान को तेजी से नीचे उतरते हुए दिखाया और विमान से संपर्क टूट गया। अधिकारियों ने बताया कि उस समय विमान कराची से लगभग 155 समुद्री मील (287 किमी) पश्चिम में था।

## एलएनजी लदे कतर के जहाज पर होर्मुज में हमला

**दोहा।** एलएनजी लेकर आ रहे टैंकर जहाज-अल रकियात पर होर्मुज में हमला किया गया। विशाल एलएनजी जहाज कतर के रास लफ्फान बंदरगाह

- किसी के घायल होने की खबर नहीं

से गुजरात के दहेज के लिए रवाना हुआ था। 7 जुलाई को अरब सागर और ओमान की खाड़ी के मिलन बिंदु के पास ट्रांजिट के दौरान जहाज पर संदिग्ध ड्रोन से हमला किया गया। इस संबंध में कतर के विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी किया। कतर ने ईरान के उप-राजदूत को तलब कर टैंकर-अल-रकियात को निशाना बनाए जाने



के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। विरोध दर्ज कराते हुए कतर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पास से गुजरते समय टैंकर को निशाना बनाया जाना निंदनीय है।
यह हमला अंतरराष्ट्रीय नौवहन (नेविगेशन) सुरक्षा कानून का गंभीर उल्लंघन है। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा पैदा हो गया है। टैंकर पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानून के नियमों का भु स्पष्ट उल्लंघन है। कतर ने साफ किया है कि वह अपने हितों और संपत्तियों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार उचित कदम उठाने के अधिकार का इस्तेमाल करेगा। ईरान से इस घटना के बारे में तत्काल स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, ये सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने और अंतरराष्ट्रीय कानून के संबंधित नियमों का पूरी तरह से पालन करने की अपील भी की गई है।

## भारत ने जेसन मिलर की फर्म के साथ बढ़ाया लॉबिंग अनुबंध

**वॉशिंगटन।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी जेसन मिलर की फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी के साथ अपना लॉबिंग अनुबंध बढ़ा दिया है। फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट (फारा) के तहत सार्वजनिक किए गए दस्तावेजों के अनुसार, यह नया अनुबंध 24 अप्रैल को हस्ताक्षरित हुआ और यह 23 अप्रैल 2027 तक चलेगा। इसके लिए भारत हर महीने 1,50,000 डॉलर (सालाना 18 लाख डॉलर) का भुगतान करेगा। भारतीय दूतावास ने पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के ठीक बाद इस फर्म को काम पर रखा था। यह फर्म अमेरिकी सरकार, कांग्रेस और अन्य संस्थानों के समक्ष नीतिगत मामलों पर रणनीतिक सलाह और सरकारी संबंधों में मदद देती है। दस्तावेजों के अनुसार, मिलर ने इस साल 25 जनवरी से दो फरवरी के बीच ट्रंप प्रशासन के कई बड़े अधिकारियों जैसे जेमिसन ग्रीर, स्कॉट बेसेंट, हॉवर्ड लटनिक और सूसी वाइल्स से फोन पर बात की। इसके बाद दो फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की बातचीत के बाद दोनों देशों ने अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा की थी। इसके अलावा, मिलर ने रूस से कच्चे तेल की खरीद पर प्रतिबंधों से छूट के मामले में भी अमेरिकी अधिकारियों से संपर्क किया था।

## 'अब धौंस जमाने और जबरन वसूली का दौर नहीं'

**तेहरान।** क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच, ईरान के शीर्ष वार्ताकार और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने वाशिंगटन पर कड़ा

- ईरानी संसद के स्पीकर की दो-टूक
- अमेरिका पर आरोप लगाए

प्रहार किया। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से द्विपक्षीय समझौतों के कई उल्लंघनों का विस्तृत विवरण दिया है। एक्स पोस्ट में, वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने अमेरिकी प्रशासन की ओर से किए गए समझौता ज्ञापन के कई प्रमुख उल्लंघनों को गिनाया, जो दोनों देशों के बीच राजनयिक प्रतिबद्धताओं में गंभीर दरार का संकेत देता है। संसद अध्यक्ष के अनुसार, इन अमेरिकी कार्रवाइयों में जलडमरूमध्य में ईरानी समायोजन का उल्लंघन, आगे और हमलों की लगातार धमकियां, तेल प्रतिबंधों को फिर से लागू करना, दक्षिणी ईरान पर हमले और लेबनान में जायोनी आक्रामकता का जारी रहना शामिल हैं। गालिबाफ ने आगे कहा धमकी और जबरन वसूली का युग समाप्त हो गया है। इससे कुछ हासिल नहीं होता। हम झुकेंगे नहीं। तेहरान की यह तीखी बयानबाजी वाली जवाबी प्रतिक्रिया, समुद्री क्षेत्र में हुई ताजा घटनाओं के बाद अमेरिका द्वारा ईरानी ठिकानों के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान शुरू करने के साथ, शत्रुता में नाटकीय वृद्धि की सीधी प्रतिक्रिया है।
भारी बमबारी के परिचालन संबंधी विवरण प्रदान करते हुए, अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने पुष्टि की कि उसने 7 जुलाई को जवाबी हमलों की एक श्रृंखला को अंजाम दिया, जिसमें ईरान के अंदर 80 से अधिक सैन्य ठिकानों पर सटीक निर्देशित गोला-बारूद से हमला किया गया। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, इन लक्षित अभियानों का मुख्य उद्देश्य तेहरान की समुद्री आक्रमण क्षमताओं को नष्ट करना था। कई घंटों तक चले इस अभियान के दौरान जिन लक्ष्यों को नष्ट किया गया उनमें कमान और नियंत्रण नेटवर्क, वायु रक्षा तंत्र, तटीय रडार प्रतिष्ठान, जहाज-रोधी मिसाइल स्थल और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की 60 से अधिक छोटी नौकाएं शामिल थीं। रक्षा प्रतिष्ठान ने दावा किया कि इस विशाल अभियान का प्राथमिक उद्देश्य आर्थिक गलियारे में व्यापारिक जहाजों के खिलाफ और अधिक व्यवधान पैदा करने की तेहरान की क्षमता को व्यवस्थित रूप से कमजोर करना था।

## तुर्किये पर लगे प्रतिबंध हटाएगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी सरकार तुर्किये पर लगाए गए प्रतिबंध हटाएगी। साथ ही, तुर्किये को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने के प्रस्ताव पर भी फैसला लिया जाएगा। ट्रंप ने यह बात नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान तुर्किये के राष्ट्रपति रेसप तैयप एर्दोगन से मुलाकात शुरू होने से पहले पत्रकारों से कही। तुर्किये को अमेरिकी कार्यक्रम में पूरी तरह से वापस शामिल करने से पहले अब भी कई कानूनी अड़चनें हैं, लेकिन 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट' (सीएएटीएसए) के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने से अंकारा के लिए एफ-35 तक फिर से पहुंच हासिल करने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। यह तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन का एक मुख्य लक्ष्य है और ट्रंप ने भी भविष्यवाणी की थी कि आखिरकार ऐसा होगा। ट्रंप से जब अमेरिका के प्रतिबंधों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम प्रतिबंध हटा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एफ-35 लड़ाकू विमानों की संभावित बिक्री पर भी जल्द फैसला किया जाएगा। इसके अलावा एर्दोगन के साथ व्यापारिक संबंधों पर भी चर्चा होगी।

## यूएन मुख्यालय के पास खाली कराया भारतीय मिशन

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के पास स्थित भारत के स्थायी मिशन के परिसर को मंगलवार को एहतियातन खाली करा लिया गया। इसकी वजह पास में निर्माणाधीन एक 37 मंजिला इमारत में आए गंभीर संरचनात्मक दोष हैं, जिससे उसके आंशिक रूप से ढहने का खतरा पैदा हो गया है। मिडटाउन मैनहट्टन के इस इलाके में कई इमारतों को भी खाली कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और भारतीय मिशन में तैनात सभी राजनयिक तथा उनके परिवार सुरक्षित हैं।
भारत का स्थायी मिशन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से महज एक ब्लॉक की दूरी पर स्थित है। इस इमारत में मिशन के कार्यालयों के साथ-साथ भारतीय राजनयिकों और अन्य अधिकारियों के आवास भी हैं। एहतियात के तौर

- गंभीर संरचनात्मक दोष के कारण आंशिक रूप से ढहने का खतरा

पर पूरे परिसर को खाली करा लिया गया। सूत्रों के मुताबिक सभी भारतीय अधिकारी और उनके परिवार सुरक्षित हैं तथा प्रशासन के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय मिशन 27 मंजिला लाल ग्रेनाइट की इमारत में संचालित होता है, जिसका निर्माण वर्ष 1993 में हुआ था। इस भवन का डिजाइन प्रसिद्ध भारतीय वास्तुकार चार्ल्स कोरिया ने तैयार किया था। यह इमारत सेकंड एवेन्यू के पास 43वीं और 44वीं स्ट्रीट के बीच स्थित है। न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने घटना को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है और निर्माण स्थल पर मौजूद सभी मजदूरों का पता लगा लिया गया है। ममदानी के मुताबिक, मंगलवार सुबह करीब 8 बजे (स्थानीय समय) न्यूयॉर्क फायर डिपार्टमेंट को मैनहट्टन की 42वीं स्ट्रीट पर सेकंड और थर्ड एवेन्यू के बीच स्थित एक सक्रिय निर्माण स्थल पर संरचनात्मक समस्या की सूचना मिली थी।

## मेटा पर चार अमेरिकी प्रांतों ने दर्ज कराया मामला

### युवाओं को लत लगाने में मांगा 1.4 खरब डॉलर का जुर्माना

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के चार प्रांत कंपनी पर 1.4 खरब डॉलर का जुर्माना लगाने की मांग कर रहे हैं। कंपनी पर आरोप है कि उसने अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म को इस तरह से डिजाइन किया है कि युवा यूजर्स इसकी लत लगा बैठें और उनकी सुरक्षा के बारे में जनता को गुमराह किया। मेटा प्लेटफॉर्म्स ने अदालत में यह आंकड़ा अटॉर्नी जनरल की उन फाइलिंग के जवाब में पेश किया, जिनमें कह था कि यदि राज्य ट्रायल जीतते हैं तो जुर्माने की गणना कैसे होनी चाहिए। इस आंकड़े का खुलासा पहले कभी नहीं हुआ। यह मेटा के 1.5 खरब डॉलर की बाजार पूंजी के करीब है। ये दावे कैलिफोर्निया, कोलोराडो, केंटकी और न्यूजर्सी में हुए हैं। मेटा ने कहा, यह रकम सबूतों पर आधारित नहीं है। उपभोक्ता संरक्षण के इतिहास में ऐसे दण्ड का कोई उदाहरण नहीं है। फाइलिंग के बाद अटॉर्नी जनरल के प्रतिनिधियों ने कोई टिप्पणी नहीं की। राज्यों ने कहा कि उल्लंघनों की संख्या मेटा की गतिविधियों से प्रभावित किशोरों और युवा यूजर्स की अनुमानित संख्या पर आधारित है। मेटा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि प्लेटफॉर्म के लत की बात सही नहीं लगती। 14 और राज्यों ने अपने कानूनों के तहत दावे किए हैं, जिनकी सुनवाई फरवरी में अलग ट्रायल में होगी।

## यूएस में सतिंदरजीत सिंह पर 50 हजार डॉलर का इनाम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने बुधवार को गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह, उर्फ गोल्डी बरार की गिरफ्तारी में मदद करने वाली जानकारी के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर तक के इनाम की घोषणा की। गोल्डी बरार पर लॉरेंस बिश्नोई ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप में शामिल होने का आरोप है और वह कई मामलों में वांछित है।
सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इनाम की घोषणा करते हुए, संघीय जांच एजेंसी ने कहा, एफबीआई सतिंदरजीत सिंह की गिरफ्तारी में मदद करने वाली जानकारी के लिए 50,000 डॉलर तक का इनाम दे रही है। सिंह लॉरेंस बिश्नोई ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप में कथित तौर पर शामिल होने के कारण वांछित है। यह ग्रुप दक्षिणी कैलिफोर्निया और पूरे अमेरिका और कनाडा में कई

- गोल्डी बरार पर लॉरेंस से तार जुड़े होने के आरोप

हिंसक गतिविधियों में शामिल रहा है। एफबीआई के अनुसार, गोल्डी बरार अमेरिका में रहता है और कथित तौर पर उत्तरी अमेरिका में लॉरेंस बिश्नोई ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप के कामकाज का लीडर है। एक बयान में, फेडरल एजेंसी ने कहा, 1 जुलाई, 2026 को, लॉस एंजिल्स, कैलिफ़ोर्निया में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया की अमेरिकी जिला अदालत में सिंह के लिए एक फेडरल गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।
उस पर रैकेटीयर इन्फ्लुएंस्ड एंड करप्ट ऑर्गनाइज़ेशन्स साजिश; जबरन वसूली के जरिए व्यापार में बाधा डालने की साजिश और बाधा डालने की कोशिश; और नशीले पदार्थों को बांटने और बांटने के इरादे से अपने पास रखने की साजिश के आरोप लगाए गए थे। एफबीआई ने आगे कहा कि सिंह के कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो और फ्रेस्नो के साथ-साथ कनाडा, भारत और मैक्सिको में भी संबंध हैं। इसके साथ ही गोल्डी पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश रचने का भी आरोप है।

**आस्था** | पीएम मोदी बोले यहां की हवाओं में संस्कृति की सुगंध

## इंडोनेशिया में महामृत्युंजय मंत्र और ओम नमः शिवाय धुन

**जकार्ता।** प्रधानमंत्री मोदी के प्रम्बानन मंदिर दौरे के बाद पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति सुबियांतो ने 2029 से पहले जीर्णोद्धार पूरा करने का वादा लिया है। वे योजना बनाकर काम करते हैं, ऐसे में पूरा भरोसा है कि काम पूरा होगा और वे इंडोनेशिया आकर एकसाथ इसका जश्न मनाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इस गौरवशाली स्थल के जीर्णोद्धार का हिस्सा बनने को लेकर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा, एक हजार साल से भी अधिक पुराना प्रम्बानन मंदिर भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत का एक शाश्वत प्रतीक है। संयुक्त संरक्षण परियोजना में भारतीय पक्ष से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) प्रमुख एजेंसी होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के लोगों को जोड़ती है।
इंडोनेशिया के लोग प्रम्बानन मंदिर परिसर की महान विरासत को संरक्षित करने के



लिए धन्यवाद के पात्र हैं। संयुक्त संरक्षण परियोजना के उद्घाटन का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, मैंने जो बातचीत सुनी है, उससे पता चलता है कि यहां की हवाओं में संस्कृति की सुगंध है। वह सुगंध जिसे हम भारत की धरती पर हर पल महसूस करते हैं। यह सुगंध, यह सांस्कृतिक विरासत, हमें जोड़ती है। बकौल पीएम मोदी, 1200 साल से इंडोनेशिया के लोगों ने इस महान विरासत को संरक्षित रखा है। इसे पूरी श्रद्धा और श्रद्धा के साथ किया है। इसलिए, मैं इंडोनेशिया के लोगों और अब तक के सभी शासकों को भी तहे दिल से सलाम करता हूं। मैंने इस मंदिर में महामृत्युंजय मंत्र और ओम नमः शिवाय के जाप होते देखे; इसने वास्तव में मेरे दिल को छू लिया। उन्होंने कहा, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल प्रम्बानन मंदिर परिसर में संरक्षण और जीर्णोद्धार का काम शुरू होने के साथ ही, मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय पर्यटक निश्चित रूप से इस स्थान का दौरा करेंगे। इससे पहले प्रम्बानन मंदिर परिसर पहुंचने पर मोदी का पारंपरिक स्वागत किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति के साथ प्राचीन स्थल का दौरा किया। दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी साफ दिखी, जब उन्होंने हाथ मिलाए और मंदिर परिसर के केंद्रीय शिखरों की पृष्ठभूमि में फोटो खिंचवाई। अपनी यात्रा के दौरान मोदी को इंडोनेशिया-इंडिया कोलैबोरेटिव कल्चरल हेरिटेज कंजर्वेशन फॉर प्रम्बानन टेंपल कंपाउंड नामक एक औपचारिक पैनल पर परियोजना और मंदिर के इतिहास की झलक भी दी गई। इसमें परियोजना के डिजाइन और अपेक्षित परिणाम का विवरण भी था। मोदी का इंडोनेशियाई लोगों के एक समूह ने पारंपरिक मंत्रों और घंटियों की मधुर ध्वनि से स्वागत किया। आज मंदिर परिसर में बयान से इतर मंगलवार को जकार्ता में संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा था कि, एक हजार साल से भी अधिक पुराना प्रम्बानन मंदिर भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत का एक शाश्वत प्रतीक है।

बाजार दर्पण

